e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 281
शनिवार
14.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

कभी भी आपने आप को किसी ज्यादा, और किसी से कम मत समझो क्युकी, हर एक प्राणी में ईश्वर का बास है !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### हरियाणा में यूपी के 5 मजूदरों की मौत, 11 घायल

**सोनीपत.** हरियाणा के सोनीपत में बड़ा हादसा हुआ है. हादसे में पांच मजूदरों की मौत हो गई है.वहीं,11 अन्य मजूदर घायल हैं. फिलहाल,घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है.जानकारी के अनुसार, सोनीपत से गुजरने वाले के कुंडली मानेसर एक्सप्रेसवे पर यह हादसा पेश आया है. यहां पर उत्तर प्रदेश से झज्जर धान काटने जा रहे मजदूरों के पिकअप को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे हादसे में पांच मजदूरों की मौत और 11 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए. ये सभी मजूदर उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर के रहने वाले है.

### हॉलीवुड अभिनेता माइकल डगलस को मिलेगा सत्यजीत रे एक्सीलेंस अवॉर्ड

**नई दिल्ली :** माइकल डगलस को आईएफएफआई गोवा में सत्यजीत रे एक्सीलेंस इन फिल्म लाइफटाइम अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। भारत के सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को घोषणा की कि हॉलीवुड अभिनेता माइकल डगलस को 54वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोवा में प्रतिष्ठित सत्यजीत रे एक्सीलेंस इन फिल्म लाइफटाइम अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर यह खबर साझा की और लिखा,मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि प्रतिष्ठित हॉलीवुड अभिनेता और निर्माता माइकल डगलस को प्रतिष्ठित सत्यजीत रे एक्सीलेंस इन फिल्म लाइफटाइम अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। 54वां अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव गोवा।

### सुरक्षाबलों व माओवादियों के बीच मुठभेड़,कई माओवादी के घायल होने की सूचना

**चक्रधरपुर:** नक्सल प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों तरफ से कई राउंड गोलियां चलने की खबर है। हालांकि मुठभेड़ की अब तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पायी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबल के जवान शुक्रवार सुबह एंटी नक्सल अभियान में निकले थे। इसी दौरान पुलिस जवानों को देखकर माओवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से भी कई राउंड फायरिंग की गयी, जिसमें कई माओवादी घायल हो गये।

### भाजपा ने किरेन रिजिजू को बनाया मिजोरम का चुनाव प्रभारी

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मिजोरम में 7 नवंबर को होने वाले विधान सभा चुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को राज्य का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही नगालैंड के उपमुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन और राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी को सह चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। शुक्रवार को भाजपा महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी आदेश के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चंडीगढ़ भाजपा इकाई में बदलाव करते हुए जतिंदर पाल मल्होत्रा को नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से लागू होंगी।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

पर्व-त्यौहार के दौरान विधि-व्यवस्था को लेकर सीएम ने अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की उच्च स्तरीय बैठक

# दुर्गा पूजा को स्वच्छता अभियान से जोड़ने की करें पहल : सीएम

**मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के डीसी व एसपी को कहा**

- ⇨ पर्व-त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हो, कही हिंसा या उपद्रव की घटना नहीं हो, इसे सुनिश्चित करेंगे
- ⇨ पर्व-त्यौहार में सुरक्षा,साफ सफाई,बिजली-पानी,यातायात और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था रखें दुरुस्त
- ⇨ सभी हाई मास्ट और स्ट्रीट लाइट्स दो दिनों के अंदर दुरुस्त हो जाने चाहिए
- ⇨ सूचना तंत्र को मजबूत रखें, किसी भी प्रकार की कोई जानकारी मिलने पर तुरंत एक्शन लें
- ⇨ पूजा पंडालों और भीड़भाड़ वाले इलाके में अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें
- ⇨ इको -फ्रेंडली पूजा मनाने के लिए करें प्रोत्साहित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य में दुर्गा पूजा और आगामी अन्य पर्व -त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हों। कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई हिंसा और उपद्रव की घटना नहीं हो, इसे सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सुनिश्चित करें। इस क्रम में सारी प्रशासनिक तैयारियां समय पर हो जानी चाहिए।

ताकि पर्व त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अनहोनी की गुंजाइश नहीं रहे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में में दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ महापर्व समेत अन्य पर्व -त्योहारों के दौरान विधि -व्यवस्था संधारण को लेकर वरीय अधिकारियों एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने पर्व- त्यौहार के दौरान सुरक्षा,साफ सफाई, स्वच्छता, बिजली-पानी, यातायात व्यवस्था, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से जानकारी लेने के साथ उन्हें कई अहम निर्देश दिए।

### पूजा पंडालों और विसर्जन जुलूस मार्ग में सीसीटीवी कैमरे फंक्शनल होने चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी महत्वपूर्ण और बड़े पूजा पंडालों और विसर्जन जुलूस मार्ग में सभी सीसीटीवी कैमरे फंक्शनल होनी चाहिए। ताकि यहां की गतिविधियों की सतत निगरानी हो सके। इसके साथ पूजा पंडालों में जवानों की 24 घंटे तैनाती रहनी चाहिए। विसर्जन जुलूस मार्ग के संवेदनशील इलाकों में स्टैटिक फोर्स और सभी पूजा समिति के साथ मोबाइल फोर्स होनी चाहिए।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा से राज्य सरकार की छवि पर असर होता है। ऐसे में ऐसी घटनाएं नहीं हो, इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। सभी जिलों के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक अपने सूचना तंत्र को मजबूत रखें। ताकि किसी प्रकार की कोई सूचना प्राप्त होने पर तुरंत एक्शन लिया जा सके।

### संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाके में विशेष सतर्कता बरतें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान संवेदनशील और भीड़ भाड़ वाले इलाकों में विशेष सतर्कता बरते। विशेष कर पूजा पंडालों और आसपास के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी की व्यवस्था होनी चाहिए। महिलाओं के साथ छेड़खानी की घटनाएं नहीं हो ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसका पूरा ध्यान रखें।

**सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखें :** मुख्यमंत्री अधिकारियों से कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर पूरी नजर रखें। अगर कोई सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रम फैलाने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ त्वरित कार्रवाई करें।



**बैठक में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह,गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, सीएम के प्रधान सचिव वंदना दादेल, सीएम के सचिव विनय चौबे, डीजी फायर सर्विसेज अनिल पाल्टा, डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव अबु बकर सिद्दीक,एडीजी अभियान संजय आनंद लाटकर, आईजी ऑपरेशन होमकर अमोल विणुकान्त, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार और आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद थे।

### हाई मास्ट लाइट की बत्ती किसी भी कीमत पर गुल नहीं होनी चाहिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान कई बार पावर कट की वजह से दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।ऐसे में सभी हाई मास्ट और स्ट्रीट लाइट्स दो दिनों के अंदर दुरुस्त हो जानी चाहिए । उन्होंने जिलों के उपायुक्त से कहा कि बिजली आपूर्ति को लेकर वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार रखें, ताकि किसी कारण से पावर कट होता है तो हाई मास्ट लाइट को तुरंत चालू किया जा सके। बेहतर होगा कि इसके लिए जनरेटर की व्यवस्था रखें।

# जंग किसी के हित में नहीं : पीएम मोदी

* पी 20 सम्मेलन में बोले पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** 9वें जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में जंग किसी के हित में नहीं है। सबको साथ मिलकर चलना होगा। उन्होंने आतंकवाद को मौजूदा दौर की सबसे बड़ी चुनौती बताया । पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद चाहे कहीं भी होता हो, किसी भी कारण से, किसी भी रूप में होता है, लेकिन वो मानवता के विरुद्ध होता है। उन्होंने कहा कि यह शांति और भाईचारे का समय है, साथ मिलकर चलने का समय है, साथ आगे बढ़ने का समय है। यह सबके विकास और कल्याण का समय है।

### आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी

पीएम मोदी ने देश की संसद पर हमले का जिक्र किया और कहा,करीब 20 साल पहले आतंकवादियों ने हमारी संसद को निशाना बनाया था। उस समय संसद का सत्र चल रहा था और आतंकवादियों की मंशा सांसदों को बंधी और उनको खत्म करने की थी. दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि आतंकवाद दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। आतंकवाद जहां भी होता, किसी भी कारण, किसी भी रूप में होता वह मानवता के विरुद्ध होता है। ऐसे में आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी. आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना बहुत दुखद है। आज भी यूएन भी इसका इंतजार कर रहा है।

### भारत में लोगों का संसदीय प्रक्रियाओं में भरोसा

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में भारतीय लोकतंत्र और संसदीय प्रक्रियाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा-भारत में हम लोग आम चुनाव को सबसे बड़ा पर्व मानते हैं.1947 में आज़ादी मिलने के बाद से अब तक भारत में 17 आम चुनाव और 300 से अधिक विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव ही नहीं कराता बल्कि इसमें लोगों की भागीदारी भी बढ़ रही है। देशवासियों ने मेरी पार्टी को लगातार दूसरी बार विजयी बनाया है। 2019 का आम चुनाव मनाव इतिहास की सबसे बड़ी मानव कसरत थी। इसमें 60 करोड़ वोटर ने हिस्सा लिया। तब भारत में 91 करोड़ पंजीकृत मतदाता थे, जो पूरे यूरोप की कुल आबादी से अधिक है.

# राजधानी एक्सप्रेस में टीटीई पर रिटायर्ड आर्मी ने चलाई गोली, गिरफ्तार



**दरअसल, नशे के हालत मे सिख रेजिमेंट के रिटार्यड आर्मी जवान हरपिंदर सिंह के पास 12301 हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का टिकट था, लेकिन नशे की हालत में वे सियालदह - राजधानी एक्सप्रेस में सवार हो गए।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कोडरमा:** सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में एक रिटायर्ड आर्मी जवान ने टीटीई पर गोली चला दी। गनीमत यह रही कि फायरिंग में टीटीई बाल-बाल बच गए और गोली किसी को नहीं लगी। लेकिन घटना सामने आने के बाद आरोपी रिटायर्ड जवान को कोडरमा जीआरपी ने हिरासत में ले लिया और मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया.प्राप्त जानकारी के अनुसार 12313 सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के बी-8 में फायरिंग की घटना हुई। दरअसल, नशे के हालत मे सिख रेजिमेंट के रिटार्यड आर्मी जवान हरपिंदर सिंह के पास 12301 हावड़ा-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का टिकट था, लेकिन नशे की हालत में वे सियालदह - राजधानी एक्सप्रेस में सवार हो गए। धनबाद स्टेशन में वे ट्रेन में सवार हुए।

ट्रेन खुलने के कुछ मिनटों के अंदर मतारी स्टेशन के समीप की ये घटना बताई जा रही है।गलत ट्रेन में सवार होने को लेकर रिटायर्ड आर्मी जवान की टीटीई से बकझक हुई। इसी में उसने अपने लाइसेंसी रिवॉल्वर से गोली चला दी। रिवाल्वर में 6 गोली लोड थी, जिसमें एक राउंड फायरिंग हुई। कोडरमा स्टेशन पर उतारे जाने के बाद कोडरमा आरपीएफ और जीआरपी उससे पूछताछ कर रही है।

आरोपी रिटायर जवान हरपिंदर सिंह गुरदासपुर का रहने वाला है। साल 2019 में सिख रेजीमेंट से हवलदार पद से वो रिटायर हुआ था।

# ईडी के समन को चुनौती देने वाली याचिका हाई कोर्ट ने की खारिज




*** सीएम हेमंत सोरेन ने ईडी के नोटिस को लेकर हाई कोर्ट में दायर किया था याचिका**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी द्वारा दिए गए नोटिस को लेकर झारखंड हाई कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई.हेमंत सोरेन की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पक्ष रखा. वहीं ईडी ने भी अपनी दलील पेश की.इसके बाद हाई कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए सीएम हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी. चार समन जारी होने के बाद याचिका दाखिल की गई थी.इसे कोर्ट ने ग्राउंड बनाया. जानकारी के अनुसार झारखंड हाई कोर्ट में सीएम की याचिका पर सुनवाई हुई. क्रिमिनल रिट याचिका को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया. झारखंड हाईकोर्ट ने कहा कि पहले ही चार समन पर सीएम हेमंत सोरेन ईडी नहीं पहुंचे हैं. जिन चार समन पर सीएम को ईडी में उपस्थित होना था वह तारीख खत्म हो चुकी है. हाई कोर्ट ने पीएमएलए एक्ट की धारा 50 और 63 के आधार पर दाखिल याचिका को वैलिड नहीं माना. सुप्रीम कोर्ट के मनोहरलाल केस के जजमेंट का हवाला दिया गया.बता दें कि 23 सितंबर को झारखंड हाईकोर्ट पहुंचे थे सीएम हेमंत सोरेन, 23 सितंबर को चौथे समन में सीएम को ईडी ऑफिस जाना था. ईडी ने 14 अगस्त को पहली बार पेशी के लिए बुलाया था. उसके बाद 24 अगस्त को दूसरी बार बुलाया. 9 सितंबर को तीसरी बार पेशी के लिए बुलाया. 23 सितंबर को चौथी बार बुलाया था. उसके बाद 4 अक्टूबर को पांचवीं बार पेशी के लिए ईडी ने बुलाया था.

### हाई कोर्ट में 1984 के सिख दंगा पीड़ितों के मुआवजे पर हुई सुनवाई

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट में वर्ष 1984 के सिख दंगा में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने एवं सिख दंगा से संबंधित केस क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग करने को लेकर दायर सतनाम सिंह गंभीर जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल नहीं किया जा सका। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई एक नवंबर निर्धारित की है। कोर्ट ने पूर्व में स्टेटस रिपोर्ट सरकार को बताने को कहा था कि सिख दंगा के पीड़ितों को मुआवजा देने के कमीशन की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई है।

# बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति को राज्यपाल ने किया पदमुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल सह झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के कुलपति प्रो सुखदेव भोई को कुलपति के पद से पदमुक्त करने का आदेश दिया है।राजभवन से शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार प्रो सुखदेव भोई के विरुद्ध विभिन्न स्तरों से कई गंभीर शिकायतें कुलाधिपति कार्यालय को प्राप्त हुई, जिस पर राज भवन की ओर से जांच का आदेश



दिया गया। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से आरोपों की जांच के लिए एक टीम गठित की गई। राज्यपाल के निर्देश के बाद टीम की ओर से गहन जांच कर जांच प्रतिवेदन समर्पित किया, जिसमें बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के कुलपति की ओर से प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितता बरतने की कई गंभीर शिकायतों की पुष्टि की गई।समीक्षा के बाद कुलपति का आचरण और कृत्य विश्वविद्यालय के हित में नहीं पाया गया। इसके राज्यपाल महोदय ने प्रो0 सुखदेव भोई को कुलपति पद की गरिमा के विरुद्ध कार्य करने के लिए पदमुक्त करने का आदेश दिया। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के किसी भी विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार क्षम्य नहीं है, उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। राज्यपाल ने कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# इजरायल को ब्रिटेन ने भेजा जासूसी प्लेन, युद्धपोत व मरीन कमांडो

एजेंसी

**लंदन-येरुशलम :** इजरायल-हमास जंग सातवें दिन भी जारी है.अमेरिका के भूमध्य सागर में हथियारों और फाइटर जेट से लैस जंगी जहाज तैनात करने के बाद अब ब्रिटेन भी इसमें शामिल हो गया है. ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने इजरायल की मदद के लिए एक जासूसी विमान, दो युद्धपोत और तीन मर्लिन हेलिकॉप्टर और 100 रॉयल मरीन कमांडो की एक कंपनी भेज दी है. इससे जाहिर होता है कि आने वाले दिनों में ये जंग और भी भयानक रूप अख्तियार कर सकती है. इसके साथ सुनक ने कहा कि वो इजरायल की मदद के लिए रॉयल नेवी का टास्क ग्रुप भी भेज रहे हैं. हालांकि ब्रिटेन ने दोहराया कि उनका मकसद इस जंग को बढ़ने से रोकने में मदद करना है. ब्रिटेन के सैन्य सहायता में पी8 एयरक्राफ्ट, सर्विलांस एसेट्स, दो रॉयल नेवी शिप-आरएफए लाइम बे और आरएफए आर्गस, तीन मर्लिन हेलिकॉप्टर्स और रॉयल मरीन कमांडो की एक कंपनी शामिल है. ये मदद स्टैंडबाय मोड में भूमध्यसागर में किसी भी परिस्थिति में इजरायल के लिए तैनात रहेगी. सुनक ने कहा कि हमारी वर्ल्ड क्लास मिलिट्री इजरायल के सपोर्ट में हमेशा साथ खड़ी है. यह इसलिए किया जा रहा ताकि क्षेत्रीय संतुलन बना रहे. विरोध और हमले को रोका जा सके.ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा कि हम इजरायल का पूरा समर्थन करते हैं. लेकिन हमास आतंकियों के हमले बंद होने चाहिए. वो खुद नहीं करेंगे तो उनका खात्मा होना तय है. जिस तरह का भयावह आतंकी हमला हुआ है वो ठीक नहीं था. हम इजरायल का साथ नहीं छोड़ेंगे. अगर जरूरत पड़ी तो रॉयल नेवी टास्क ग्रुप और रॉयल एयरफोर्स भी मदद करने इजरायल पहुंच जाएगी.



## जेएसएलपीएस पर डीसी की पैनी नजर, की समीक्षा बैठक

# पीपीटी बनाने में शिथिलता बरतने को लेकर डीसी ने कई बीपीएम का वेतन काटने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की.इस दौरान उन्होंने सर्वप्रथम सभी बीपीएम से उनके पंचायतों की संख्या, एसएचजी की संख्या, सीएलएफ सहित अन्य की जानकारी ली। इसके बाद मुद्रा लोन, क्रेडिट लिंकेज, लाइवलीहुड फार्म, ऑर्गेनिक फार्मिंग, बिरसा हरित ग्राम योजना, जोहार परियोजना, उड़ान परियोजना, फुलो झानो आशीर्वाद अभियान, दीदी बगिया, आदि की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने सभी बीपीएम से पीपीटी के माध्यम से उनके द्वारा बनाये गये एक्शन प्लान की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान कई बीपीएम द्वारा पीपीटी बनाने में शिथिलता बरता गया जिसपर डीसी ने एक्शन लेते हुए कई बीपीएम का 15 दिनों का सैलरी काटने के निर्देश दिए। उन्होंने लेमनग्रास की खेती से कैसे ज़्यादा से ज़्यादा आमदनी हो इस ओर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये साथ ही बागवानी, मुर्गी पालन, लाह की खेती, सहित अन्य पर भी फोकस करने के निर्देश दिये। उन्होंने जेएसएलपीएस के डीपीएम व डीएलएम को सभी बीपीएम को अलग-अलग विषयों पर ट्रेनिंग कराने की बात कही। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद, जेएसएलपीएस के डीपीएम बिमलेश कु शुक्ला, सभी प्रखंडों के बीपीएम, बीपीओ, वाईपी समेत अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## बिलासपुर पंचायत में पंचायत स्तरीय किसान गोष्ठी का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जिला कृषि पदाधिकारी गढ़वा के निर्देशानुसार भारतीय लोक कल्याण संस्थान राँची के तत्वाधान में एग्री क्लिनिक सेंटर नगर उंटारी के द्वारा नगर उंटारी प्रखंड के बिलासपुर पंचायत मे पंचायत के मुखिया अनुराधा देवी कि उपस्तिथि मे पंचायत स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक मे एग्री क्लिनिक सेंटर के प्रखंड समन्वयक सरोज सोनकर द्वारा किसानो को बीज विनयम, ब्लॉक चेन पंजीकरण, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, गव्य व मत्स्य योजना, टपक सिचाई योजना कि जानकारी दिया गया। बैठक मे किसानो को बताया गया कि कृषि विभाग के द्वारा कोई भी योजना लेना चाहते है, तो ब्लॉक चेन पंजीकरण अवश्य कराये। उन्होने उपस्थित किसानो को बताया कि झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना में 30-50 प्रतिशत प्रति एकड़ फसल क्षति होने पर 3000/- व 50 त्न से अधिक फसल क्षति होने 4000/- का राशि दिया जाएगा। किसान 10 डिसिमिल से लेकर 5 एकड़ के लिए निबंधन कराना आवश्यक है। बैठक मे बिलासपुर के मुखिया अनुराधा देवी, एग्री क्लिनिक सेंटर के प्रखंड समन्वयक सरोज सोनकर, क्षेत्र समन्वयक बालदेव खलखो, कृषि मित्र अशोक दुबे, रामबच्चन राम, अनुज कुमार गुप्ता, राहुल प्रजापति, नंद कुमार यादव, शिला देवी, सुशीला देवी, अजित कुमार यादव, अनमोल कुमार यादव, मुरारी राम इत्यादि उपस्थित थे।

## जनसमस्या का चरणबद्ध हो रहा है समाधान : विधायक कमलेश



**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड अंतर्गत तेंदुई के हसनपुर में शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने तहसील कचहरी सह हल्का कर्मचारी आवास निर्माण कार्य व सुलतानी मोड़ से बलरा पथ का ऑनलाइन शिलान्यास किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह के अलावे कई कार्यकर्ता मौजूद थे। ऑनलाइन संबोधन में विधायक ने कहा कि क्षेत्र की एक -एक समस्या से वह पूरी तरह वाकिफ हैं। सभी समस्याओं का चरणबद्ध समाधान किया जा रहा है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ सिंचाई के क्षेत्र में लगातार कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़कों की पूर्व में क्या स्थिति थी और वर्तमान में क्या है जनता सब जानती है। उन्होंने कहा कि विधायक कोटे की राशि से भी गांव गांव में गली, नाली के अलावे ग्रामीणों की जरूरत के कार्य हो रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि विधायक कमलेश कुमार सिंह लगातार क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गंभीर हैं। पिछले दस वर्षों के दौरान क्या काम हुए थे सभी जानते हैं। आज क्या काम किए जा रहे हैं वह सभी के सामने है। कार्यक्रम में पिपरा प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुईयां हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह पिपरा विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान, अखिलेश सिंह, भगवती सिंह, सुनील सिंह, अजय सिंह, अखिलेश मेहता, हरिवंश पासवान, उदय सिंह, रामजी सिंह, नागेंद्र सिंह, पंकज पासवान, हरी भुइयां, रामप्रवेश भुईयां, प्रसाद भुईयां, सीता राम भुइईयां, डॉ0 दशरथ सिंह, मनोज तिवारी, संजय यादव, अखिलेश यादव आदि मौजूद थे।

# पंचायत समिति अनुमोदन के पश्चात ही योजना स्वीकृति : प्रमुख चंद्रावती देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड के सभागार कक्ष में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान सभी पंचायत समिति सदस्यों द्वारा पूर्व के बैठक में लिए गए प्रस्ताव का अवलोकन करते हुए उस पर ससमय कार्रवाई करने की बात कही गई। बैठक में प्रमुख चंद्रावती देवी द्वारा कहा गया कि प्रखंड क्षेत्र में संचालित मनरेगा,15 वें वित्त की योजना स्वीकृति से पूर्व ग्राम सभा हर हाल में कराया जाए ग्राम सभा में लिए गए योजनाओं को हर महीने पंचायत सचिवालय में होने वाले कार्यकारिणी बैठक में पारित कराकर पंचायत समिति की बैठक में अनुमोदन के लिए भेजें इसके पश्चात ही योजना का क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित किया जाए। इस पर प्रखंड कर्मियों द्वारा बताया गया कि अब से जो भी योजनाएं होंगी सरकारी गाइडलाइन के अनुरूप पारदर्शिता तरीके से ग्राम सभा, कार्यकारिणी बैठक में पारित के पश्चात पंचायत समिति बैठक में अनुमोदन के लिए सूची उपलब्ध कराया जाएगा तत्पश्चात अनुमोदन मिलने के उपरांत ही योजना की स्वीकृति दिया जाएगा। इस बैठक में वन विभाग, विद्युत विभाग, बैंक के कर्मियों की अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण के साथ शो कॉज करने की प्रस्ताव पारित की गई। इस बैठक बीडीओ मुकेश मछुआ, उप प्रमुख शंभू सिंह, विधायक प्रतिनिधि सह जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी सिंह, बीडीसी अजीमा खातून, कमोदा देवी, उषा देवी, गुड्डी देवी, रेशमी देवी, रामव्रत मेहता, राजकुमार पासवान, धर्मशिला देवी सहित सभी विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

# प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यों के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड के सभी मध्य, उत्क्रमित मध्य, प्राथमिक, उत्क्रमित प्राथमिक व नव प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बीईईओ श्री पांडेय ने सभी प्रधानाध्यापकों को विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम गम्भीरता से लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रयास कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुये विद्यालय में नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.उन्होंने कहा कि सभी लोग समन्वय बनाकर कार्य करें तो बच्चों की उपस्थिति बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय से लगातार अनुपस्थित रहने वाले बच्चों को विद्यालय में वापस लाना सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने ई विद्या वाहिनी में सभी बच्चों का नियमित उपस्थिति दर्ज करने, एमडीएम का एसएमएस प्रतिदिन करने, सभी बच्चों का डाकघर या बैंक में खाता खुलवाने का निर्देश दिया। बीपीओ तहमीना प्रवीण ने शिक्षक सहायक और डीजी वीकली प्रैक्टिस चैट बोट के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दिया। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी शोभा पांडेय, संजय कुमार सिंह, सुबोध कुमार, अजय कुमार, शक्तिदास सिन्हा, बिरेन्द्र प्रजापति, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, अरुण कुमार, सुधीर चौबे, अखिलेश प्रसाद, नित्यानंद तिवारी, नरेंद्र श्रीवास्तव सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## अवैध गिट्टी लदा ट्रक जब्त




**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार की देर रात एक अवैध गिट्टी लदा ट्रक व एक ओवरलोड पत्थर लदा हाइवा जब्त किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस इस मामले में दोनों वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## मुखिया बसंती देवी पर मनमानी कर योजना बनवाने का आरोप

**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत परसोडीह पंचायत के मुखिया बसंती देवी पर बांसडीह कला के दर्जनों ग्रामीणों ने शुक्रवार को बीडीओ मुकेश मछुआ से मनमानी ढंग से योजना बिना ग्राम सभा और कार्यकारिणी के योजना किर्यान्यवन करने का आरोप लगाया है। उक्त आवेदन में अमरनाथ यादव राधा कृष्ण यादव राजेंद्र यादव राजेश यादव राम पवन मेहता अरविंद यादव सुबई यादव उमेश यादव विशंभर यादव सहित अन्य ने यह उल्लेख किया है कि वार्ड संख्या 10 के वार्ड सदस्य द्वारा पूर्व के कार्यकारिणी बैठक में एक पीसीसी पथ निर्माण रामनाथ यादव के घर से खंडहर तक दिया गया था परंतु वर्तमान मुखिया के मनमानी पर लिया गया योजना स्थल को गौण कर बैजनाथ यादव घर के पास पीसीसी पथ का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो सरकारी नियम के विरुद्ध है। उक्त लोगों ने यह भी बीडीओ से गुहार लगाया है की उक्त योजना को आम सभा के माध्यम से अभिकर्ता अध्यक्ष सचिव चयन किया जाए इसके पश्चात ही उक्त सड़क बनवाने की करवाई किया जाए।

# अवैध शराब के खिलाफ चला छापेमारी अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देश पर पिपरा थाना पुलिस के द्वारा अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में पिपरा और सीमावर्ती बिहार के टंडवा थाना क्षेत्र के घने जंगलों के बीच 2 अवैध शराब निर्माण के भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान आठ ड्राम में करीब चार क्विंटल जावा महुआ, निर्मित शराब के साथ ही कई उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध छापेमारी अभियान आगे भी जारी रहेगा। छापेमारी अभियान में एसआई पिनियस मुंडा, एएसआई अनिल कुमार नायक सहित आईआरबी 3 व जिला सशस्त्र बल के कई जवान शामिल थे।

# प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में छात्राओं को शौच के लिए जाना पड़ता है बाहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्लस टू उच्च विद्यालय में शौचालय क्षतिग्रस्त होने से छात्राओं को शौच के लिए जाना पड़ता है। विद्यालय में मेनू के अनुसार मध्यान भोजन भी नहीं मिल रहा है। विद्यालय में मिलने वाले विकास मद का पैसा का भी सदुपयोग नहीं हो रहा है। इसके साथ ही विद्यालय मे कक्षा एक से लेकर सातवीं कक्षा के छात्राओं के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है।छात्र - छात्राएं शौच के लिए खुले में ही जाते हैं।जबकि विद्यालय मे शौचालय क्षतिग्रस्त है।इसको बनवाने के लिए प्रधानाचार्य की तरफ से कोई पहल नही किया जा रहा है।जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया की विद्यालय में विकास फंड के पैसे से सातवीं कक्षा तक कक्षा भवन का रंग-रोगन नहीं होता है। समाचार के अनुसार विद्यालय की छात्राओं में नेहा कुमारी रूपा कुमारी संजू कुमारी मधु कुमारी माधुरी कुमारी आदि ने बताया कि विद्यालय में शौचालय का निर्माण हुआ था। लेकिन सभी विद्यालय का शौचालय क्षतिग्रस्त है। इसीलए हम सभी छात्रायें विद्यालय से बाहर खुले में शौच के लिए जाते हैं। मौके पर ग्रामीण अमरेश पटेल, अमर प्रताप मेहता ,बाबूलाल पटेल, देव कुमार यादव, अनिरुद्ध पासवान, विपिन मेहता, गिरवर पासवान, लालदेव मेहता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। **बच्चों को पेट भर खाना नहीं मिलता है :** श्यामसुंदर राम (पूर्व जिला परिषद) प्रत्याशी ने बताया कि मध्यान भोजन मे लगभग एक साल से हरा सब्जी नही मिल रहा है। बच्चों को पेट भर भोजन नही मिलता है।आज विद्यालय में पहुच कर भी देखा जा सकता है कि बच्चों को पेट पर भोजन नहीं मिल पा रहा है। बच्चों ने बताया कि सुबह 9 बजे से लेकर एक बजे तक तीन ही क्लास हुआ। मंगलवार को एक ही क्लास हुआ था। बाबूलाल पटेल द्वारा सातवीं कक्षा के बच्चे से झारखंड के मुख्यमंत्री का नाम पूछा गया। इसमें बच्चे उनके उत्तर नहीं दे पाए। **सब्जी का महंगे दाम होने के कारण नहीं आ रहा है सब्जी :** प्रधानाध्यापक ने बताया कि चार माह से मध्यान भोजन अध्यक्ष एवं संयोजक चला रहे हैं। मध्यान भोजन उन्हीं लोग के द्वारा चलाया जाता है। अभी सब्जी की महंगे दामों होने के कारण नहीं लाया जा रहा है।

## राशन कार्डधारी को मिली बडी राहत, लाभुक सितंबर माह के राशन का उठाव 29 अक्टूबर 2023 तक कर सकेंगे



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार ने दुर्गा पूजा को देखते हुए राशन कार्डधारियों को बडी राहत दी है। विभाग ने सितंबर माह 2023 के लिए खाद्यान वितरण हेतु दिनांक 29 अक्टूबर 2023 तक अवधि विस्तार की है। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने बताया कि वर्तमान में सितम्बर 2023 और अक्टूबर 2023 का एनएफएसए के तहत खाद्यान्न का वितरण जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के माध्यम से किया जा रहा है, जिसका ऑप्शन पूरा अक्टूबर महीने तक है। सभी लाभुक अपने पीडीएस डीलर से संपर्क कर सितंबर और अक्टूबर माह का खाद्यान्न का उठाव कर सकेंगे।जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने जिले के सभी पीडीएस डिलरों को निदेशित किया है कि लाभुकों को सितंबर माह 2023 और अक्टूबर माह 2023 का राशन वितरण करेंगे।उन्होंने सभी डीलरों को राशन का वितरण पूजा के पूर्व करने की बात कही है ताकि सभी लाभुकों को त्यौहार मनाने में कोई कठिनाई न हो.यदि विक्रेताओं के द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता बरतने और किसी भी प्रकार की शिकायतें प्राप्त होती है तो जांच के पश्चात उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## झरहा गांव में माईंस संचालक और ग्रामीणों के बीच हुआ झड़प, मालिक ने अपना लाइसेंसी हथियार हवा में लहराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के तरीडीह पंचायत के झरहा गाँव मे ओवर लॉडिंग हाइवा पर सुबह शाम और दोपहर मे पानी छिड़काव सड़क मरम्मती के लिए अपनी मांग कर रहे थे, ग्रामीणों का कहना था कि जब तक सारी मांग पर पहल नहीं किया जायेगा तब तक ओवर लोड हाईवा का परिचलन नहीं होने देगें। इसी बीच शाहपुर पंचायत के अंतर्गत सत्कुड़वा और धुजुवा की ओर से ओवर लोड पत्थर से लदें हाइवा गुजर रही थी। इसे देखकर आक्रोशित ग्रामीणों ने और आगबबूला हो गये, मामला और जोर पकड़ ली । जबकी खैरादोहर से लेकर डुमरी कैम्प तक की सड़क के स्थिति बद से बदतर बन गयी है जिसके कारण स्कूली बच्चें दिक्क़त हो रही थी,जिसकी खबर प्रभांत मंत्र हिंदी अखबार मे प्रकाशित हुई थी और ग्रामीणों और छात्र -छात्राओं ने सड़क मरम्मती कार्य कराने कि मांग पत्र प्रखंड कार्यालय और थाना मे अपनी मांग पत्र सौपी थी,मांग पत्र के पहल पर गुरूवार माईस संचालक प्रदीप कुमार सिंह ने सड़क मरम्मती कराने के लिए गये थे। ग्रामीणों कहना है कि हाईवा नहीं चलने देने की मांग अड़े थे। इसी क्रम ग्रामीण और माईस संचालक वाद विवाद काफी उत्पन्न हो गया। आगे बताते चलें कि माईस संचालक और आक्रोशित ग्रामीणों के सारी हदे पार हो गई । ग्रामीणों का कहना है कि माईस संचालक प्रदीप कुमार सिंह ने पहले अपनी लाईसेंसी हथियार हवा मे लहराने लगे तब हम सभी ग्रामीण ने पत्थर बाजी शुरु हुआ। लेकिन प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि हमलोग सड़क मरम्मती की कार्य करवाने के झरहा गाँव मे गये थे। लेकिन ग्रामीणों ने पीसीसी सड़क बनवाने और हाईवा नहीं चलने देने की मांग अड़े रहे काफी समझाने बुझाने के बाद भी बात नही बना और सड़क मरम्मती कार्य रोक दिये इसी मामले और गरमा गई ,गांव की एक युवक ने मेरा लाईसेंसी हथियार छीनने का प्रयास कर रहे हम किसी तरह जान बचा कर भागा । भागने के ग्रामीणों मे भय पैदा करने या सुरक्षा के ख्याल से अपने हाथ लेकर दिखाया गया। तत्काल थाना प्रभारी अमन कुमार ने घटना स्थल पहुंच कर मामला का शांति कायम कराया।माईस मालिक प्रदीप कुमार सिंह के दिये हुए लिखित आवेदन पर नामजद लोगों पर थाना प्रभारी अमन कुमार ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज करते हुए अग्रेतर करवाई मे झूट गई।

# ग्रामीण और स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** शाहपुर स्थित सहोदय उच्च विद्यालय ग्राउंड में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग ने शाहपुर में एक दिवसीय ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें तीरंदाजी, गुलेल, मटका दौड़, घड़ा दौड़, गेड़ी दौड़ और सेकोर खेल का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में पलामू प्रमंडल के आदिम जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति के खिलाड़ियों ने भाग लिया। तीरंदाजी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में पलामू के प्रथम स्थान अभय कुमार और द्वितीय स्थान मितांशु कुमार और तृतीय विपांशु कुमार ने प्राप्त किया।वहीं बालिका वर्ग में लातेहार के प्रथम स्थान मिना कुमारी एवं पलामू द्वितीय स्थान रूपाली यादव और लातेहार तृतीय स्थान विभा रानी उरांव ने प्राप्त किया। मटका दौड़ में बालिका वर्ग में लातेहार के प्रथम स्थान अमिता रंजना मिंज और द्वितीय स्थान पलामू के अराधना ओसगा और तृतीय स्थान लातेहार के रिणु उराव ने प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में प्रथम स्थान लातेहार के उमेश उरांव और द्वितीय स्थान गढ़वा के आयुष बेक और तृतीय स्थान लातेहार के सत्यवीर कुमार भगत ने प्राप्त किया। सेकोर खेल में बालक वर्ग में प्रथम स्थान टीम और बालिका वर्ग में टीम ने प्राप्त किया।गेड़ी दौड़ के बालक वर्ग में प्रथम स्थान अमित टोप्पो और दूसरा स्थान सुकेथ टोप्पो और तीसरा स्थान नागेंद्र सिंह ने प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान मिना कुमारी और दूसरे स्थान पर रीनू उरांव और तीसरा स्थान पर नमिता तोपनो रहीं। गुलेल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम स्थान कृंजोसिक कुजूर और द्वितीय स्थान विलरिम्म मिंज ने प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अर्चना टोपनो और द्वितीय स्थान नेहानिका तिर्की ने प्राप्त किया।इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि उमेश लोहड़ा ने दीप जला कर एवं तीर तथा गुलेल चलाकर किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहड़ा सहित कई लोग का मुख्य योगदान रहा।

## डीसी शशि रंजन ने लिया संज्ञान, गांधी स्मृति टाउन हॉल की बदलेगी सूरत

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू के गांधी स्मृति टाउन हॉल की सूरत अब बदलने वाली है। टाउन हॉल के जीर्णोद्धार का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। 26 जनवरी 2024 तक पलामू वासियों को एक सुसज्जित गांधी स्मृति टाउन हॉल मिलेगा। यह बातें पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर दोनों महापुरुषों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद गांधी स्मृति टाउन हॉल का निरीक्षण किया। उन्होंने टाउन हॉल के बाहरी एवं हॉल के अंदर की व्यवस्थाओं को देखा और जीर्णोद्धार की बातें कही। टाउन हॉल का फॉल्स सिलिंग, रंग रोगन के साथ-साथ हरेक आवश्यक कार्य किये जाएंगे, जिससे टाउन हॉल बदलता स्वरूप में दिखेगा। उन्होंने कहा कि टाउन हॉल का ध्वनि व्यवस्था भी शीघ्र ही ठीक कराया जायेगा।

**संक्षिप्त खबरें**

### श्रीश्री दुर्गा पूजा कमेटी काल्पनिक मंदिर करेगी निर्माण

**रांची :** रांची के कांके रोड स्थित गोंदा इलाके में श्रीश्री दुर्गा पूजा कमेटी इस वर्ष काल्पनिक मंदिर का प्रारूप तैयार कर रही है। कमेटी के सचिव नकुल तिर्की ने शुक्रवार को बताया कि बंगाल के कारीगर मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने में जुटे हैं, जिसकी ऊंचाई 12 फीट होगी। पूरे आयोजन पर करीब 20 लाख रुपये खर्च का अनुमान है। पंडाल का उदघाटन 20 अक्टूबर को होगा। सप्तमी को डांडिया नाइट, अष्टमी को जागरण, नवमी को भंडारा, नृत्य और शंखनाद प्रतियोगिता होगी। इसके अलावा सप्तमी से लेकर महानवमी तक भोग वितरण किया जायेगा। विजयादशमी को मां की प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जायेगी। उन्होंने बताया कि बदलते समय के साथ पूजा का स्वरूप भी बदल गया है। षष्ठी को सीसीएल के सीएमडी पंडाल का उदघाटन करेंगे।

### मुख्यमंत्री चाहे जितने दरवाजे खटखटा लें, उनको ईडी के दरवाजे पर जाना ही होगा: भाजपा

**रांची :** भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को ईडी के समन के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका रद्द होने के बाद ने प्रतिक्रिया जारी की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चाहे कितने भी दरवाजे खटखटा लें, अंतत उनको ईडी के दरवाजे पर जाना ही होगा। वे सुप्रीम कोर्ट गए कोई रिलीफ नहीं मिली। आज हाई कोर्ट ने भी उनकी याचिका को खारिज कर दी। उन्होंने कहा कि हेमंत ईडी के समान के खिलाफ जिस तरह से भागते दिख रहे हैं, उससे क्लियर मैसेज जा रहा है कि इस प्रदेश में 70000 करोड़ का घोटाला हुआ है और उसके तार सीधे तौर पर उनसे जुड़े हुए हैं।प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ईडी के समन को फेस करें। दुनिया की कोई भी एजेंसी किसी भी निर्दोष व्यक्ति को फंसा नहीं सकती।

# टाटा ट्रस्ट्स ने स्तन कैंसर से बचाव को लेकर किया गांठ पे ध्यान कार्यक्रम का शुभारम्भ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कैंसर जैसी भयानक बीमारी यदि किसी को हो गई है, तो बच पाना लगभग नामुमकिन है। क्योंकि जब कैंसर जैसी भयानक बीमारी का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर जैसी बीमारी से लड़ने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है निडर होना और जागरुक होना। इसी विषय पर कांके अंचल अंतर्गत टाटा ट्रस्ट के द्वारा रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की स्थापना की गई है। इसी कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में शुक्रवार को गांठ पे ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कई मशहूर चिकित्सक एवं आसपास की महिलाओं को भी इस कार्यक्रम में शामिल किया गया। उद्देश्य यही था कि इन ग्रामीणों को बताना कि स्तन कैंसर जैसी बीमारी के लक्षण क्या है और इसे कैसे बचा जा सकता है। बड़े आसान तरीके से ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर के बारे बताया गया। इसके लिए मुख्य रूप से मशहूर शेफ प्रिया गुप्ता के साथ विवांता, डीएन




स्क्वायर भुवनेश्वर की शेफ अशरफ लाएबा ने व्यंजन पकवान विधि से स्तन कैंसर के गांठ के बारे में ग्रामीण महिलाओं को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिस तरह से धुस्का आप बनाते हैं, अच्छा से नहीं बनने से धुस्का पे किसी जगह पर गांठ पड़ जाता है। इसी तरह से अपने स्तन या शरीर के किसी हिस्से की देखभाल नहीं करने से उसमें भी इसी तरह के गांठ पड़ जाता है। यही बीमारी का रूप ले लेता है, जो कैंसर में तब्दील हो जाता है। इससे बचने के लिए यह जरूरी है कि आप जागरूक हो और इस तरह का कोई भी लक्षण दिखे तो अपने नजदीकी चिकित्सक से सलाह लें। डॉक्टर रजनीगंधा टुडू मेडिकल ऑकोलॉजिस्ट रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने बताया कि स्तन कैंसर की शुरुआती चरण में पता लगाने और इसके सही समय पर इलाज के लिए खुद से जांच करना सबसे जरूरी कदम है। गांठ पे ध्यान पहल में भी इसी बात पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया गया है। कैंसर से बचाई गई जिंदगियां बनाम कैंसर की वजह से होने वाली मौतों की बात की जाए तो भारत में फिलहाल या अनुपात 30ः70 है जो बड़ी गंभीर बात है। इस बीमारी का देर से पता चलना ही इसकी सबसे बड़ी वजह है। कैंसर के बारे में और इसकी जल्दी पहचान को फायदों के बारे में जागरूकता की कमी के कारण यह विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को प्रभावित करता है। हमने इस कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय समुदायों की महिलाओं के साथ सीधे तौर पर बातचीत की,ताकि उन्हें आवश्यक ज्ञान के साथ-साथ

### आयुष्मान से होगा इलाज

रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉक्टर मदन मोहन पांडेय ने बताया कि हर साल एक अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्तन दिवस के रूप में पूरी दुनिया में मनाया जाता है और हमारे यहां भी यह कार्यक्रम चल रही है। दुर दराज के ग्रामीण महिलाओं को बताना उन्हें समझाना उसे जागरूक करना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। साथ ही उन्होंने बताया कि हमारे रांची कैंसर हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत एवं झारखंड के मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत भी इलाज शुरू किया गया है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलित कर विधिवत तरीके से किया गया। इस मौके पर रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉक्टर मदन मोहन पांडेय,टाटा ट्रस्ट की शिल्पी घोष, रांची कृषि विश्वविद्यालय के निदेशक डॉक्टर कामेश्वर,डॉक्टर जे उराव, मेहरबानी टाटा मेमोरियल हास्पिटल एवं एचओडी न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग डॉक्टर सुजाता मित्र, जमशेदपुर की प्रमुख शेफ एवं उद्यमी प्रिया गुप्ता, लाइबा आशरफ , रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर मेडिकल ऑकोलॉजिस्ट डा रजनीगंधा टुडू सहित छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं और मंच संचालन मीनाक्षी ने की।

### युवा दस्ता की बैठक कार्यकारी अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई

रांची। युवा दस्ता की बैठक में संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि 16/10/2023 को 02ः00 - 04ः00 बजे प्रेस क्लब राँची में युवा दस्ता के सदस्यों एवं पदाधिकारियों को श्री दुर्गापूजा मोहत्सव 2023 को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा दिशा-निर्देश दिया जाएगा।बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 2023 में श्री दुर्गा पूजा मोहत्सव में आकर्षक प्रतिमा के साथ परंपरागत पूजा को करने वाले पूजा पंडालो को स्व तिलक आजमानी, स्व ज्ञान प्रकाश जलन, स्व उदय शंकर ओझा,स्व गिरधारी जलन एवं स्व बाबूलाल ठाकुर के स्मृति में आकर्षक पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। पुस्कार के चयन हेतु एक निर्णायक मंडल का घटन किया गया जिसमें अधिवक्ता किशोर साहू , बीरेंद्र साहू एवं शोभा यादव को बनाया गया जो सभी पूजा पंडाल का भ्रमण कर निर्णय लेगी। बैठक में राहुल सिन्हा, नवनीत पांडेय, राजेश राम शाहिल, मनीष साहू , ज्योति साहू , सुमित साहू , राकेश सिंह ,सोनु , मंटू, सूर्य सहित सभी पदाधिकारी एवं प्रभारी उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा का समापन 28 को रांची में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी 17 अगस्त से संकल्प यात्रा पर हैं।संथाल परगना के भोगनाडीह से निकली उनकी संकल्प यात्रा का समापन 28 अक्टूबर को रांची में जनसभा के साथ होगा। बाबूलाल मरांडी अब तक आठ चरण की यात्रा पूरी कर चुके हैं। संथाल से शुरू हुई उनकी संकल्प यात्रा 57 दिन में 73 विधानसभा क्षेत्रों में सभा के साथ संपन्न हो चुकी है। नौवें और आखिरी चरण की यात्रा दुर्गापूजा के बाद ईचागढ़ से शुरू होगी। बाबूलाल मरांडी 27 अक्टूबर को ईचागढ़ और उसके बाद सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में सभा करेंगे। इसके बाद 28 अक्टूबर को वे रांची पहुंचेंगे। यहां मोरहाबादी मैदान में बाबूलाल छह विधानसभा क्षेत्रों रांची, खिजरी, कांके, हटिया, मांडर और तमाड़ की सभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ 73 दिन की यात्रा के साथ बाबूलाल मरांडी की 81 विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प यात्रा समाप्त हो जायेगी। बाबूलाल मरांडी की सभाओं में राज्य सरकार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके परिवार, राज्य के मंत्रियों और अधिकारियों को मुख्य रूप से टारगेट में रहे। मुख्यमंत्री पर लगे जमीन घोटाले के आरोप, सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंघन कर राज्य में खरीदे गये जमीनों, साहिबगंज का खनन घोटाला, मुख्यमंत्री को बार-बार ईडी का समन जैसे मामले वे अपनी हर सभा में उठाते रहे।

## नवाब चिश्ती और मोहम्मद शकील से सीआईडी करेगी पूछताछ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बीते दस जून 2022 को रांची हिंसा के आरोपी नवाब चिश्ती और मोहम्मद शकील उर्फ कारू से सीआईडी की टीम जेल में पूछताछ करेगी ऐसी सूचना है। कोर्ट ने इसकी इजाजत भी दे दी है। सीआईडी दोनों से डेली मार्केट थाना में दर्ज कांड संख्या 17/2022 से जुड़े मामले में पूछताछ करेगी। रांची हिंसा के बाद डेली मार्केट थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस केस के सूचक रांची के तत्कालीन टाउन सीओ अमित भगत हैं। उनके आवेदन के आधार पर दर्ज की गई प्राथमिकी में नदीम अंसारी, शाहबाज, शदाब, सद्दाम हुसैन, शबीर अंसारी, जमाल गद्दी समेत




22 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया। वहीं करीब आठ से दस हजार अज्ञात लोगों को भी आरोपी बनाया गया है। फिलहाल इस केस की जांच सीआईडी कर रही है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि सोची- समझी साजिश के तहत 10 जून को रांची के मेन रोड में हिंसा की गई। मंदिर पर पथराव किया गया और तोड़फोड़ की गई। वहीं पुलिसकर्मियों से उनके हथियार छीनने की कोशिश की गई। उनपर जान लेने की नीयत से फायरिंग की गई।

## अचानक धू-धूकर जलने लगी बीच सड़क पर खड़ी बुलेट, विधायक ने बुझाई आग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस विधायक जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के रांची स्थित सरकारी आवास के बाहर खड़ी एक बुलेट में शुक्रवार को अचानक आग लग गयी।

इस दौरान वहां अफरा तफरी मच गई। लोग इधर- उधर भागने लगे। आग की लपटें इतनी भयावह थी कि बिजली के तारों को जलाने लगी। आग की वजह से बिजली के तार टूट कर नीचे गिरने लगे। ट्रैफिक को भी बीच में रोक दिया गया। इसी बीच अचानक विधायक अनूप सिंह अपने बॉडीगार्ड के साथ बाहर निकले और आग पर काबू पाने में लग गए।

अपने घर से अग्निशमन यंत्र लेकर निकले अनूप सिंह काफी देर तक



आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे।

आखिरकार विधायक और उनके बॉडीगार्ड के प्रयास से आग पर काबू पाया गया।

घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आग पर काबू पाया जा चुका था।

# सीएम से मिले शिक्षक संघ के पदाधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, महिला नेटवर्क की संयोजक-सह-राष्ट्रीय काउंसलर, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ श्रीमती मेरीला मुर्मू, झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, गुमला जिला इकाई की महिला नेटवर्क सचिव श्रीमती दयावती मिंज और झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ रांची के महासचिव योगेंद्र तिवारी ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को



मुख्य अतिथि और श्रीमती कल्पना सोरेन को विशिष्ट अतिथि के रूप में देवघर जिले में चार- पांच नवंबर को आयोजित होने वाले दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला शिक्षक सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर पेंटाकॉस्टेल हॉलीनेस चर्च सोसाइटी ने 17- 19 अक्टूबर तक बेथेग्राम, जंगलपुरा, गिरिडीह में आयोजित होने वाले शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री को सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में पेंटाकॉस्टेल हॉलीनेस चर्च सोसाइटी के वाइस प्रेसिडेंट बिशप अनिल रेवेन, रेवेन जेसन मार्की और रेवेन आलोक कच्छप शामिल थे।

## स्वर्णरेखा परियोजना को बंद करने के खिलाफ जनहित याचिका की सुनवाई जनवरी में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड हाईकोर्ट में स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना को बंद करने के खिलाफ संतोष कुमार सोनी के द्वारा हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर सुनवाई हुई, जो चार अगस्त 2023 को दायर की थी । उनकी ओर से वरीष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार (भूतपूर्व एडवोकेट जनरल) ने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच को अवगत कराया कि स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना में अब तक 6.5 हजार करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। लेकिन राज्य सरकार ने मार्च 2020 में इस योजना पर काम बंद करने का आदेश दिया गया है। सरकार की ओर से जारी उक्त आदेश बिल्कुल अनुचित और गैरवाजिब है। यदि परियोजना को पुनः आरंभ निर्णय जल्द ही नहीं लिया गया, तो सरकार को दोगुनी राशि केंद्र सरकार को दंड के तौर पर देनी होगी। ऐसे में वर्तमान सरकार की ओर से अचानक इस परियोजना का काम बंद करने का कोई औचित्य नहीं है। जानकारी हो कि वर्ष 1978 में एकीकृत बिहार, उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल सरकार के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। इसी के तहत खरकई डैम प्रोजेक्ट किया जा रहा था। इस डैम के बनने से राज्य में लाखों लोगों के रोजगार का निर्माण होना था, झारखंड राज्य एवं उसके पड़ोसी राज्यों में कृषि हेतु सिंचित जमीन का निर्माण एवं पर्यटन की दृष्टि से राज्य का विकास होना था, लेकिन वर्ष 2020 में राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बिना कारण के बंद कर दिया गया। जबकि इस डैम के प्रोजेक्ट के लिए जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है और प्रभावित विस्थापितों को बसाने के लिए नया जगह भी बन चुका है। इस जनहित याचिका पर सरकार और जल विभाग की तरफ से जवाब आना था परंतु दोनों ने ही आज जवाब ना देकर हाईकोर्ट का वक्त जाया किया इस पर हाई कोर्ट ने उनको फटकार लगाई है। सुनवाई के बाद अदालत ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिए कि उनके काउंटर एफिडेविट जल्द से जल्द फाइल किए जाएं जिससे कि इस जनहित याचिका के संबंधित कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाए ।

## एक्सपो उत्सव 2023 डॉग शो देखने पहुंची भीड़




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रांची का सबसे बड़े ट्रेड फेयर एक्स्पो उत्सव 2023 के दूसरे दिन लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जैसे-जैसे शाम ढल रही थी वैसे-वैसे एक्सपो में भीड़ भी उमड़ रही थी और देखते- देखते देर रात तक इस एक्सपो मेला में हजारों की संख्या में लोग घूमने आए और जमकर खरीदारी भी किए । बता दें कि यह आयोजन जेसीआई राँची द्वारा 12 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक राँची के मोराबादी मैदान में किया जा रहा है। इस वर्ष यह एक्सपो का 26 वाँ संस्करण है। एक्सपो का प्रवेश शुल्क 20 है, जो कि यहां आकर टिकट काउंटर एवं ऑनलाइन भी ले सकते हैं, ऑनलाइन टिकट www.stall booking.epoutsav.com पर जाकर बुक कर सकते हैं। इस बार एक्सपो में 39 छोटे स्टार्टअप्स अपना स्टॉल लगाया है। एक्सपो में शैलबाई डिवाइन के द्वारा मेडिकल कैंप एवं एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है एवं फायर ब्रिगेड की ट्रक भी लगी है एवं प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। एक्सपो में राँचीवासी सुबह 11:00 बजे से रात्रि 9ः00 बजे तक खरीदारी का आनंद ले सकते हैं। इस बार एक्सपो में 300 से अधिक स्टॉल धारक अपना स्टॉल लगाया है।

**डॉग शो ने खुश कर दिया:** इस एक्सपो में डॉग भी रैंप पर चलते नजर आया। दरअसल डॉग शो का भी आयोजन किया गया। कई परिवार अपने डॉग को लेकर रैंप पर उतरे। जिसे देखकर लोगों ने खुब मजा किया। वहीं ट्रेजर हंट एक्सपो सुपर तंबोला ने और चार चांद लगा दिया। शनिवार को फैशन शो और पेंटिंग कंपटीशन 15 अक्टूबर को होगा।

### झारखंड में त्योहारों को लेकर पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

**रांची :** राज्य में त्योहारों को लेकर प्रशासन के आला अधिकारी अलर्ट हो गए हैं। ऐसे में राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार बैठकें चल रही है। गुरुवार को गृह सचिव अविनाश कुमार ने डीजीपी सहित पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को कई निर्देश दिए। पुलिस मुख्यालय में एक दिन पहले हुई सभी जिलों के एसपी के साथ डीजीपी की बैठक में सामने आए बिंदुओं पर भी उन्होंने विस्तार से जानकारी ली।साथ ही त्योहारों के मद्देनजर पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है।

## विस में हुई नियुक्तियों में अनियमितता की जांच जरूरी : सरयू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा में हुई नियुक्तियों में अनियमितता की जाँच के लिए गठित जस्टिस विक्रमादित्य आयोग की रिपोर्ट हाईकोर्ट में दाखिल होते ही झारखंड सरकार की अस्थिरता का दौर आरम्भ हो जाएगा। कारण कि इस मामले मे अन्य अभियुक्तों के साथ ही वर्तमान संसदीय कार्य मंत्री जनाब आलमगीर आलम साहब, जो पहले विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं, के विरूद्ध भी सरकार कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य हो जाएगी। अन्यथा संभव है कि स्वतंत्र उच्चस्तरीय आपराधिक जाँच का सामना इन्हें करना पड़े। जस्टिस विक्रमादित्य आयोग ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं, यथा



120(ए), 166, 167, 196, 464 के तहत जिन दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की अनुशंसा की है, उनमें विधानसभा के वर्तमान प्रभारी सचिव के साथ ही पूर्व विस अध्यक्ष एवं वर्तमान संसदीय कार्य मंत्री भी शामिल हैं।विधानसभा नियुक्तियों में गड़बड़ घोटाला का खुलासा मैंने 11 सितंबर 2007 को बोकारो में किया था और कहा था कि इस संबंध में सबूत की सीडी मेरे पास है। 12 सितंबर 2007 को तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष आलमगीर आलम ने सीडी एवं अन्य साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए मुझे पत्र लिखा। 13 सितंबर 2007 को कांग्रेस के प्रवक्ता आलोक कुमार दूबे ने नियुक्ति घोटाला से संबंधित सीडी सार्वजनिक करने की माँग मुझसे की, तब मैंने सीडी सार्वजनिक कर दिया। जाँच के लिए राधाकृष्ण किशोर के सभापतित्व में विधानसभा समिति बनी। वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो भी जाँच समिति के सदस्य थे। समिति ने जाँच प्रतिवेदन में घोटाले की जाँच स्वतंत्र जाँच समिति से कराने का मंतव्य दिया। तबसे जस्टिस विक्रमादित्य आयोग का जाँच प्रतिवेदन 2018 में आने की जानकारी सभी को है। हाईकोर्ट ने जस्टिस विक्रमादित्य आयोग का प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने को गंभीरता से लिया है।

# सुखदेवनगर थाना से संबंधित मामले में अभियोजन की स्वीकृति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारासुखदेवनगर थाना काण्ड सं0-366/23 29.08.2023 से सबंधित प्रतिवेदनों का अवलोकन उपरान्त शस्त्र अधिनियम की धारा-26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है। पुअनि अरविन्द कुमार सिंह, सुखदेवनगर थाना , जिला-राँची द्वारा समर्पित प्रतिवेदनों, परिचारी प्रवर (द्वितीय), पुलिस केन्द्र, राँची का जाँच प्रतिवेदन तथा पुलिस अधीक्षक, नगर, राँची की अनुशंसा से संतुष्ट होकर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, राँची द्वारा काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त संतोष राय, पे0-शंकर राय सा0- जयप्रकाश नगर रातु रोड, थाना- सुखदेवनगर, जिला- राँची, 2. रवि कुमार, पे0-ललन प्रसाद, सा न्यू मधुकम स्वर्ण जयंती नगर, थाना- सुखदेवनगर, जिला-राँची, 3. दीपक कुमार सिंह, पे0-तारकेश्वर सिंह, न्यू मधुकम महुआ टोली नरिया नगर, थाना- सुखदेवनगर, जिला-राँची, 4. अभिषेक कुमार, पे0-विजय चौधरी, अल्कापुरी रोड नं0-1, रातू रोड, थाना-सुखदेवनगर, जिला-



राँची, 5. अल्तमस अंसारी, पे0-इसाक अंसारी, सा0-भिट्ठा बस्ती कांके रोड थाना-गोंदा, जिला-राँची 6. सूरज कुमार, पे0-जुदागिर साव, सा0-न्यू मधुकम स्वर्ण जयंती नगर, थाना-सुखदेवनगर, जिला-राँची एवं 7. सुजित कुमार, पे0- देवचंद साव सा0- न्यू मधुकम स्वर्ण जयंती, नगर रोड नं0-7, थाना- सुखदेवनगर, जिला-रांची के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा-26/35 के अन्तर्गत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है। 28-08-2023 को पुलिस गुप्त सूचना मिली थी कि पंडरा बाजार समिति के एक व्यवसायी को लूट- पात करने के उद्देश्य से कई दिनों से कुछ अपराधियों द्वारा रेकी की जा रही है। वादी द्वारा अपने वरीय पदाधिकारी को कराते हुए इस संबंध में सन्हा दर्ज कर वरीय पुलिस पदाधिकारी के निदेशानुसार कार्रवाई के लिए गठित टीम ने अपराधियों को पकड़ने का प्रयास किया। प्राथमिकी अभियुक्त संतोष राय तथा उनके चारों साथियों का विधिवत तलाशी लेने पर 01 (एक) 315 एम0एम0 बोर का देशी निर्मित लोडेड कट्टा, 315 (08 एम0एम0) बोर का 01 (एक) जिन्दा गोली, 01 (एक) 7.65 एम0एम0 बोर का देशी निर्मित पिस्टल, 7.65 एमएम बोर का 04 (चार) जिंदा गोली बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में पकड़ाये.

## आमया का 19 नवंबर को झारखंडी मुसलमान और उनके संवैधानिक अधिकार विषय पर सेमिनार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड राज्य के 24 वीं स्थापना दिवस के अवसर पर आमया संगठन द्वारा 19 नवंबर को झारखंडी मुस्लमान और उनके संवैधानिक अधिकार विषय पर सेमिनार करेगा,यह निर्णय आज पुंदाग स्थिति रोल मॉडल बैंक्वेट में आमया संगठन की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि समाज को वोट बैंक बनने के बजाय राजनीति में समुचित भागीदारी आबादी के अनुपात में मिले इसकी कोशिश और समीकरण बनाना चाहिए, बुद्धिजीवी और प्रबुद्ध लोगों को वक्त के साथ सोच बदलने की जरूरत है ताकि आने वाली पीढ़ी को सत्ता में भागीदारी के साथ न्याय अधिकार और रोजगार मिल सके।आमया संगठन के केन्द्रीय संगठन प्रभारी जियाउद्दीन अंसारी, केन्द्रीय उपाध्यक्ष इमरान अंसारी, केन्द्रीय सचिव नौशाद आलम ने कहा कि समाज में हक-अधिकार के लिए जागरुकता के साथ समाजिक मुद्दों पर संगठन का संघर्ष जारी रहेगा इसके लिए आमया संगठन का विस्तारिकरण किया जाएगा जिसमें नये लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी एकराम हुसैन, हारीस आलम, अफताब आलम, अब्दुल गफ्फार, जावेद अंसारी, नसीम अंसारी, अब्दुल बारी, फिरोज अंसारी, बकरीद अंसारी, अकरम अंसारी, सुल्तान अंसारी, शेख अयुब, मो सलमान आदि शामिल थे।

## भाजपा टाटीसिल्वे मंडल द्वारा सिलवे में बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी टाटीसिलवे मंडल एस सी मोर्चा अध्यक्ष रंथू नायक के नेतृत्व में सिल्वे बस्ती में दलित समुदाय के बीच बूथ सशक्तिकरण हेतू कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 9 वर्ष का दलित समुदाय के लिए कार्य योजना का मार्गदर्शन देते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ,आगे बढ़ाओ,महिला आरक्षण,लाडली लक्ष्मी योजना,उज्जवला योजना,विश्वकर्मा योजना इत्यादि सैकडो कल्याणकारी योजनाओ को गरीब, अभिवंचित एस टी,एस सी समुदाय के अंतिम पायेदान पर खड़े व्यक्ति को लाभ दिलाना है । इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, खिजरी पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह,रांची जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो,महामंत्री अमित मिश्रा, एस सी मोर्चा अध्यक्ष रंथु नायक,नरेश साहू,मनोज साहू,उमाकांत राय,ग्रामप्रधान संघ अध्यक्ष उमेश बड़ाईक,गिरिधर मिश्रा इत्यादि गण मान्य लोगों के साथ सैकडो ग्रामीण उपस्थित थे ।

## पांच दिवसीय लाह उत्पादन का प्रशिक्षण संपन्न

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली लैंपस लिमिटेड के 10 सदस्यों ने प्राकृतिक रोल व गोंद संस्थान, नामकुम ,रांची से पांच दिवसीय लाह उत्पादन का प्रशिक्षण प्राप्त कर शुक्रवार को घर वापस लौटे। प्रशिक्षण 9 अक्टुबर से 13अक्टुबर तक आयोजित की गई थी ।प्रशिक्षण के उपरांत सभी सदस्यों को संस्थान की ओर से 90त्न अनुदान में कटिंग टूल्स व स्प्रेयर मशीन सहायता प्रदान की गई। सभी किसान खखसीटोली गांव के हैं। प्रशिक्षण झास्कोलैंप्फ, झारखंड, रांची के द्वारा आयोजित की गई थी। लैंपस के अध्यक्ष चरवा उरांव ने बताया कि लाह का प्रशिक्षण से लैंपस के सदस्यों का आय बढ़ाने में काफी लाभदायक होगा। आने वाला समय में लैंपस के और भी सदस्यों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा। इस प्रशिक्षण में विमल भगत ,खुलेश्वर गोप, जूही कुमारी, सनिका भगत, भंडारी भगत ,सुका भगत ,एतवा भगत, सुमित भगत, मांगा भगत व करिश्मा कुमारी ने भाग लिया।

## तबीयत खराब होने से सीसीएल कर्मचारी का हुआ निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार एरिया के सीएचपी/सीपीपी परियोजना में कार्यरत सीसीएल कर्मचारी मुकेश महतो का तबीयत खराब होने से निधन हो गया।उन्होने रामगढ़ के नयी सराय स्थित सीसीएल अस्पताल मे अंतिम सांस ली।वह मूलरूप से पिपरवार थाना क्षेत्र के कारो गांव का निवासी था और सीएचपी/सीपीपी परियोजना में एलएमभी सेक्शन में कार्यरत था।उन्होने अपने पीछे दो पुत्र,एक पुत्री और पत्नी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गया है।उनकी मौत की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर।इधर स्थानीय ग्रामीण सीएचपी/सीपीपी परियोजना कार्यालय मे जमा होकर मृतक के आश्रित को नौकरी देने की मांग करने लगे।जिसके बाद परियोजना कार्यालय में प्रबंधन और स्थानीय ग्रामीणों के बीच बैठक हुई।इस बैठक मे मृतक का बड़ा पुत्र गौतम कुमार को कागजी प्रक्रिया होने के बाद दो महिना के अंदर अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का आश्वासन प्रबंधन के द्वारा दिया गया।बैठक मे प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार, कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलेक मनीष सोय,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुन कुमार महतो,सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंड उपेंद्र कुमार सिंह,मैनेजर एके श्रीवास्तव एंव ग्रामीणों की ओर से बसंत नारायण महतो,बाल कृष्ण महतो,रतन महतो,नागेश्वर महतो,टिकेश्वर महतो, रामचन्द्र उरांव,महेश मुंडा, जितेन्द्र कुमार,हरिशचन्द्र महतो, पंकज दास सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## पिपरवार के वुशु खिलाड़ियों और कोच को मिला सम्मान राशि

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के खेलगांव मे आयोजित कार्यक्रम में सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के वुशु खिलाड़ियों और कोच को सम्मान राशि प्रदान की गई।झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और खेल मंत्री हफीजुल हसन ने पिपरवार क्षेत्र के वुशु कोच रजी अहमद सहित आठ वुशु खिलाड़ियों के बीच छः लाख 60 हजार रूपये के सम्मान राशि का चेक प्रदान किया।जानकारी के अनुसार इस सम्मान समारोह मे झारखण्ड वुशू संघ के कोच ओर चतरा जिला वुशू संघ के सचिव रजी अहमद को 60 हजार रूपये और सहित कोयलांचल के वुशु खिलाड़ी अविनाश गंझु,शिवम ऊरांव, अंकित कुमार,डॉली कुमारी को 75-75 हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया।वही खिलाड़ी विशाल गंझु और आयुष कुमार को 50-50 हजार रूपये रोहित कुमार गंझु और भाषकर ठाकुर को एक लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया।यह सम्मान राशि खिलाड़ियो के द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के वुशू प्रतियोगिता मे पदक प्राप्त करने और उनके कोच रजी अहमद को वुशू खेल मे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये सम्मान स्वरुप प्रदान किया गया।जिसके लिये वुशू प्रशिक्षक रजी अहमद ने झारखण्ड सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने पूर्व छात्र सह वायुसेना में कार्यरत युवक के निधन पर किया श्रद्धांजलि अर्पित

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में अपने विद्यालय के गौरव रहे स्व लक्की कुमार को विद्यालय परिवार ने श्रद्धॉजलि अर्पित किया। विद्यालय से सत्र 2018-19 में उतीर्ण होने के उपरांत भारतीय वायु सेना में पदस्थापित होकर विद्यालय और समाज में आदर्श स्थापित करने वाले करसो निवासी लक्की कुमार पिता बीरेन्द्र यादव का 11 अक्टूबर को निधन हो गया। पार्थिव शरीर आवास पर पहुँचा। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार साव, आचार्य प्रिंस रविशंकर प्रियदर्शी और मनीष सिन्हा ने इनके आवास पर पहुँचकर श्रद्धांजली अर्पित की एवं इस दुःख की घड़ी में परिवार को साहस प्रदान करें। साथ ही साथ विद्यालय में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## राउता के झापन प्रदर्शन में विधायक विकास मुंडा पहुंचे

**अड़की(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर पर स्थित अड़की प्रखंड के राउता गांव में अयोजित झापांन कार्यक्रम में स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा शामिल हुए ।उन्होंने इस दौरान कहा कहा की इन सदियों से से चली आ रही परंपरा में सम्मिलित होने की प्रसन्नता को जताना सहज नहीं है ।मुझे आमंत्रित कर , इसमें सम्मिलित होने का सुखद अवसर देने हेतु सभी ग्रामीणों का आभार । उक्त गांव में उन्हीं के द्वारा नहर बनवाया गया था जो आज ग्रामीणों को काफी लाभ पहुंचा रहा है, इस कार्य हेतु भी ग्रामीणों ने उन्हें आभार व्यक्त किया।

## सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत पिपरवार में एक दिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा ऑफिसर्स क्लब में शुक्रवार को सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत एक दिवसीय सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीसीएल के पिपरवार एरिया, एनके एरिया,मगध-संघमित्रा, और आम्रपाली-चंद्रगुप्त एरिया के सीसीएल अधिकारी शामिल हुए।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोल इंडिया के मुख्य सतर्कता पदाधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, कोल इंडिया के महाप्रबंधक (सर्तकता) पी मधुसूदन राव, सीसीएल के मुख्य सतर्कता पदाधिकारी पंकज कुमार, जेबी विश्वास सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया, जिसके बाद पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय ने सभी अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया।

## तमाड़ में शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्वक शारदीय दुर्गा पूजा संपन्न कराने को लेकर तमाड़ थाना प्रांगण में शुक्रवार को शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी अतुल रंजन भगत ने किया। बैठक में सर्वप्रथम निर्णय लिया गया की दुर्गा पूजा के दौरान शराब बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाएगा। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया की पूजा के दौरान शराब बेचते हुए पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी पूजा पंडालों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया की पंडाल के अगल-बगल रोशनी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। सभी पूजा पंडालों में सी सी टीवी की व्यवस्था और देर रात 10 बजे तक ही बाजा बजाने का निर्देश दिया गया। सुरक्षा के लिए पुलिस लगातार सभी क्षेत्रों में गश्त करती रहेगी। प्राचीन कालीन दिउड़ी मंदिर में अष्टमी एवं नवमी को अत्यधिक भीड़ होती है।

## जेबीकेएसएस का खतियानी यात्रा जारी, सभी राजनैतिक दलों पर 2024 पड़ेगा भारी : फलिन्द्र करमाली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** टाईगर जयराम की झाखण्डी भाषा खतियान संघर्ष समिति का जब से झारखंड की राजनीति में पदार्पण हुआ है जगह-जगह बैठकों व संगठन विस्तार का दौर जारी है शुक्रवार को जेबीकेएसएस का खतियानी यात्रा का जत्था अनगड़ा प्रखंड के पैका पंचायत तक पहुंच कर संगठन विस्तार के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया और छ्ब्क्ब्यस्स् के मुख्य उद्देश्य को उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को अपने हक-अधिकार एवं भाषा संस्कृति के प्रति जागरूक किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए फलींदर करमाली ने कहां कि 23 साल के झारखंड को सभी पार्टी ने बारी -बारी से लुटा है और यहाँ की जनता को अंधकार में रख कर बाहरी लोगों को नौकरी देने व सांसद-विधायक बनाने का काम करते आ रहे है और आजतक से झारखंड़ी कौन है परिभाषित न करने के कारण झारखंड के जनता बहुत ही ठगा महसूस कर रही है।

## दुर्गा पूजा को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न, दिए कई दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिल्ली :** सिल्ली थाना परिसर में शुक्रवार को दुर्गा पूजा को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेणु बाला की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक में दुर्गा पूजा शांति व सोहदपूर्ण तरिके से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर बीडीओ रेणु बाला ने सभी पूजा समितियों के लिए कई तरह के दिशा-निर्देश जारी किये। जिसमें पूजा पंडाल के समीप समिति का गठन करने,प्राथमिक उपचार की व्यवस्था, साफ सफाई की व्यवस्था, अग्नीशामक बालू रखना, बिजली का तार खुला नहीं रखना,पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, पूजा पण्डाल के समिति के पदाधिकारियों का एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन के दुरभाष संख्या एवं नाम का प्रदर्शित करना, ध्वनी को सीमा के अंदर उपयोग करना, रात्रि के 10ः00 से सुबह 6ः00 बजे तक डी. जे. का प्रयोग नहीं करना, पण्डाल के अंदर आरती के समय सावधानी बरतना पेयजल की व्यवस्था, पण्डाल या मेला के समीप शराब एवं जुआ को प्रतिबंधित करना, विर्सजन मे किसी प्रकार का नशा करके शामिल नहीं होना। किसी प्रकार की अगर कोई परेशानी करता है तो इसकी सुचना तुरंत प्रशासन को दे साथ ही सभी को दुर्गा पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दिए। इस मौके पर, इंस्पेक्टर नीरज कुमार, सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप, मुरी ओपी प्रभारी विपुल ओझा राजकीय रेल थाना प्रभारी जमादार मुंडा, आरपीएफ एसआई पवन कुमार, अनूप टोप्पो, अजय कुमार, सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, समेत बुद्धिजीवी एवं शांति समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

## विधायक ने 66 करोड़ की लागत से किया विभिन्न सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास

### खिजरी विधानसभा के हाहे राहे में बिछेगा 21 किलोमीटर लंबी सड़कों का जाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप द्वारा अनगड़ा प्रखंड में विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बड़े उत्साह और उत्सव के साथ कई महत्वपूर्ण सड़कों एवं दो कमरा का शिलान्यास किया गया। इन परियोजनाओं के लिए 66 करोड़ का निवेश किया गया है। जिसके तहत 21 किलोमीटर की सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा। जो क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेगा। यह परियोजनाएं जनसाधारण के जीवन को सुविधाजनक बनाने और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का प्रयास करेगी।अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रांची (ग्रामीण ) अंतर्गत अनगड़ा -हाहे -राहे पथ (स्ष्ठक्र-21) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/ पुनर्निर्माण कार्य किया गया। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव, उप प्रमुख



जयपाल हजाम, विधायक शिक्षा प्रतिनिधि शाकिर अंसारी, शिवदास गोस्वामी, एतवा उरांव, श्रद्धा सरना समिति अजय उरांव, छोटेलाल महतो, वार्ड सदस्य संजय नायक आशीष कुमार, सफीक अंसारी, अजय आर्य, सिद्धिक असारी, प्रेम उराव मुखिया शांति देवी पंचायत समिति सदस्य कुंती देवी अशोक बेदिया शर्मिला देवी मालती देवी दसरथ पहान कुलेसवर मुंडा आदि उपस्थित थे।

## सांसद एवं विधायक आज प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की तीन सड़कों की रखेंगे आधारशिला

**सिल्ली/मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के फेज -3 अंतर्गत सिल्ली प्रखंड की तीन प्रमुख सड़कों की आधारशिला आज सांसद संजय सेठ एवं विधायक सुदेश कुमार महतो संयुक्त रूप से रखेंगे।इसकी जानकारी भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने दी।श्री महतो ने कहा कि तीन प्रमुख सड़क जिसकी आधारशिला रखी जानी है उनमें से टुटकी से धरमपुर 8 किलोमीटर पथ, चोरडेरा (रामडेरा) से सिंगपुर तक 7.95 किलोमीटर पथ, छोटाचांगडू से बनटोला (भाया बड़ाचांगडू तुंईकु,मुरहू, सालगाढीपा,कांशीपीड़ी )तक 16 किलोमीटर सड़क शामिल है।इन सड़कों के निर्माण में लगभग 28 करोड़ 14 लाख 34 हजार लागत आयेगी। उपरोक्त सड़क निर्माण की ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग थी जो अब पूरा हो रहा है।सड़क निर्माण की खबर से आसपास के लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने सांसद संजय सेठ एवं विधायक सुदेश कुमार महतो का आभार जताया है।

## सांसद के पहल पर बांसारूली में सब-वे निर्माण को लेकर रेलवे विभाग ने किया सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ

**मुरी/सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखण्ड के बांसारूली गांव में मुरी -बरकाकाना सेक्शन पर किमी 354/14-15 पर सब-वे (भूमिगत मार्ग ) निर्माण को लेकर रेलवे विभाग ने सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।जिसकी जानकारी भाजपा नेता विनय महतो धीरज ने दी। महतो ने बताया कि पिछले कुछ माह पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद साहु के नेतृत्व में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर सांसद संजय सेठ से मिले थे और सांसद को मुरी-बरकाकाना रेलवे लाइन के उस पार जाने में हो रही परेशानियों से अवगत कराया था तथा सब-वे निर्माण का आग्रह किया था जिसके बाद सांसद ने इस संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा। पत्र में सांसद ने ग्रामीणों की परेशानी को अवगत कराते हुए सब-वे निर्माण का आग्रह किया था। रेल मंत्री के निर्देश के बाद विभाग ने कारवाई प्रारंभ कर दिया है। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने सांसद को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि उक्त सब-वे निर्माण के व्यवहार्यता की जांच के स्थान का सर्वेक्षण किया जा रहा है ।

## दुर्गा पूजा को लेकर शान्ति समिति की बैठक

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को थाना परिसर में अंचल अधिकारी विजय कुमार के अध्यक्षता में शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में दुर्गा पूजा को आपसी भाईचारे के साथ सभी मिल कर मनाने एव सभी की सर्व सहमती से निर्णय लिया गया है कि सभी जगहों का मूर्ति विसर्जन 24 अक्टूबर को ही कर दिया जायेगा. एव रावन दहन शाम को कि जाएगी. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया है कि पहले से जो भी सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है ।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVSION, DALTONGANJ**

**CORRIGENDUM**

Tenders Postponed vide PR No.- 307988 Building(23-24)D has been reinvited.

Date of Receipt of the tenders will be 28.10.2023 Time 1:00 PM and the Opening of the tenders will be 30.10.2023 Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

Executive Engineer,
Building Division
Daltonganj

PR 309091 Building (23-24)_D



**कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव**

पत्रांक– 920 / दिनांक– 12.10.2023

**अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या– 26 / 2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑंव।
2. निविदा / कोटेशन प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक– 20.10.2023 को अपराह्न 2:00 बजे तक। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ 5000.00 रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑंव के नाम से भुगतेय होगा। जो Non Refundable होगा।
3. निविदा / कोटेशन खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक– 20.10.2023 को अपराह्न 02:30 बजे से।

नगर पंचायत मझिऑंव क्षेत्रांतर्गत अधिश्ठापित High Mast Light हेतु 150W LED Flood Light एवं मरम्मति हेतु अन्य सामग्री कय किया जाना है, जिसका विवरण निम्नवत है।

| क0 सं0 | सामग्री का विवरण | संख्या | दर प्रति अद्द | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 150W LED Flood Light<br>Voltage- AC 240<br>System Wattage - 150 W<br>System Current in Amps at 240V AC - 063 | 125 Pcs. | | |
| 2 | MCB 40 Amp. DP Triple pole | 15 Pcs | | |
| 3 | Wire 2.5 mm 4 phase | 200 mtr. | | |
| 4 | PVC tape | 30 Packet | | |
| 5 | Solding iron 60 watt | 03 pcs. | | |
| 6 | Ranga | 200 Gram | | |
| 7 | Pest | 05 Pcs. | | |
| 8 | 16 mm cable wire 4 Phase | 500 mtr | | |
| 9 | Silcom Paste | 500 Gram | | |
| 10 | इलेक्ट्रीक हैंड ग्लब्स | 06 Pcs. | | |
| 11 | केबल कटर | 02 Pcs. | | |
| 12 | प्लास टपरीया | 02 Pcs. | | |
| 13 | वायर कटर | 03 Pcs. | | |
| 14 | पेचकस 2 इन 1 | 02 Pcs. | | |
| 15 | टेस्टर | 02 Pcs. | | |
| 16 | एम्पीयर / वोल्ट मीटर | 01 Pcs. | | |
| 17 | सेफटी शु 08 नं0 | 02 जोड़ी | | |

कोटेशन / निविदा से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑंव।

PR 309031 (Urban Development) 23-24 (D)



**कार्यालय:-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,लातेहार**
**Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.**

**राज्य योजनान्तर्गत झारखण्ड राज्य की शहरी झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में आवासित लोगों को प्राथमिक सेवाएँ उपलब्ध करानें हेतु संचालित योजना के तहत जिला लातेहार अंतर्गत संचालित "अटल मुहल्ला क्लीनिक" के संचालन–प्रबंधन हेतु चिकित्सा पदाधिकारी (MBBS) एवं आयुश चिकित्सक को सूचिबद्ध किये जानें हेतु साक्षात्कार की सूचना।**

**Walk In Interview**

राज्य योजनान्तर्गत झारखण्ड राज्य की शहरी झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में आवासित लोगों को प्राथमिक सेवाएँ उपलब्ध करानें हेतु के निमित स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के स्तर से **"अटल मुहल्ला क्लीनिक"** स्थापित कर संचालित किये जानें की योजना संचालित है। इस क्रम में लातेहार जिले के लिए कुल 02 (दो) **"अटल मुहल्ला क्लीनिक" का संचालन डुरूवा एवं बानपुर** में की जा रही है। उक्त आलोक में **"अटल मुहल्ला क्लीनिक"** के संचालन एवं प्रबंधन हेतु चिकित्सा पदाधिकारी (MBBS) एवं आयुश चिकित्सक की सेवा प्राप्त करनें हेतु चिकित्सकों को सूचिबद्ध किया जाना है।

**01.उक्त आलोक में अटल क्लीनिक डुरूवा एवं लातेहार में बैकलॉग रिक्ति के विरूद्ध चिकित्सकों को सूचिबद्ध किये जानें हेतु निम्नरूपेण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय वेश्म में Walk In Interview आयोजित की जाती है:–**

| क्र0 | अटल क्लीनिक का नाम | पद का नाम | बैकलॉग रिक्ति | | | कुल | मानदेय प्रतिमाह। | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | ST | SC | | | |
| 01 | अटल क्लीनीक डुरूवा एवं बानपुर | चिकित्सा पदाधिकारी (MBBS) | 01 | 01 | 0 | 02 | 36400 /– (1400 रू0 प्रतिदिन) | MBBS |
| 02 | अटल क्लीनीक बानपुर | आयुष चिकित्क | 00 | 01 | 00 | 01 | 20000 /– | Bachelor in Ayurved/ Homoeopath/ Unani with working knowledge of Computer |

नोट:–
- इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु दिनांक–31.10.2023 को सिविल सर्जन कार्यालय, लातेहार के कार्यालय वेश्म में अपनें सभी शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक / अनुभव / पहचान पत्रों की मूल एवं छाया प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।
- आयु सीमा –: एम0बी0बी0एस0 चिकित्सा पदाधिकारी हेतु अधिकतम 70 वर्ष एवं आयुष चिकित्सक हेतु अधिकतम 60 वर्ष।
- सूचिबद्ध किये गये चिकित्सकों द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
- सूचिबद्ध चिकित्सकों की सेवाओं के संदर्भ विभागीय दिशा निर्देश / शर्तें प्रभावी होंगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,लातेहार

PR 309036 Health Med Edu and Family Welfare(23-24).D



**कार्यालय-असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा**

पत्रांक **634/D** दिनांक 11.10.2023

**Walk-in-Interview**

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 170(3) ब, यो0 दिनांक 25.02.2023 के अन्तर्गत चलन्त ग्राम क्लीनिक हेतु चतरा जिला के लिए आयुश चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायक के पद पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु दिनांक **– 18-10-2023** को स्थान–**Civil sugeon office, Conference Hall, Chatra** में **Walk-in-Interview** आयोजित है।

पदों की संख्या निम्नवत् है :–

Recruitment for Chalant Gram Clinic ( Mobile Village Clinic)

| पद कोड | Name of Post/ पदनाम | Vaca-nt posts | Reservation Category wise | | | | | Essential Qualification | Salary (per month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Programme - RCH | | | UR | BC 1 | BC 2 | SC | ST | | |
| 1 | Ayush Medical Officer | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1. Bachelor in Ayurveda/Homeopathy/Unani with Working Knowledge of Computer | 21000/- |
| 2 | Medical Assistant | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1. B.sc Nursing/GNM or B.sc community Health or Bachelor/Diploma in Pharmacy from recognized University/Institution. | 15000/- |

उम्र सीमा :–

| कम | कोटि | न्यूनतम आयु सीमा | अधिकतम आयु सीमा | दिव्यांगों के लिए अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 21 | 35 | 40 |
| 2 | पिछड़ा वर्ग एवं अत्यान्त पिछड़ा वर्ग | | 37 | 42 |
| 3 | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति–पुरूष एवं महिला | | 40 | 45 |
| 4 | महिला–सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | | 38 | 43 |

चयन की प्रक्रिया :

चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

I. अभ्यर्थियों का चयन (Walk in Interview) के माध्यम से किया जाएगा।

II. इच्छुक उम्मीदवार दिनांक–18.10.2023 को पूर्वाहन् 9.00 बजे से 10.00 बजे तक निम्नांकित विहित प्रपत्र में आवश्यक अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति आरक्षण के दावा हेतु सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, जन्म तिथि से संबंधित मैट्रिकुलेशन प्रमाण–पत्र, कम्प्यूटर दक्षता का प्रमाण–पत्र(अगर अनुमेय हो तो) तथा आवेदन पत्र के साथ स्वःअभिप्रमाणित दो पासपोर्ट साईज का फोटो संलग्न करते हुए विहित प्रपत्र में आवोदन के साथ भाग लेंगे।

III. आवेदन पत्र डाउनलोड करने एवं अधिक जानकारी के लिए जिले के वेबसाइट www.chatra.nic.in में देखे जा सकते है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा

PR 309029 Health Med Edu and Family Welfare (23-24)_D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## कवयित्री अंकिता सिन्हा को भारतीय जनसेवक परिषद ने किया सम्मानित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश विदेश में ख्याति प्राप्त



लौहनगरी की बेटी कविथित्री अंकिता सिन्हा को भारतीय जनसेवक परिषद द्वारा गोविन्दपुर स्थित लक्ष्मी नारायण कृपा हॉल में सम्मानित किया गया। परिषद के केन्द्रीय अध्यक्ष पंडित सुभाष उपाध्याय ने शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर हरिओम सुन्दर कांड मंडली की प्रमुख आशा दीदी ने कवियित्री अंकिता सिन्हा को विधा की देवी सरस्वती की तस्वीर भेंट की। मौके पर कवयित्री अंकित सिंह के पिता राम प्रवेश प्रसाद को भी अभिनंदन और सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में कवियित्री अंकिता सिन्हा ने अपने खुबसूरत कविताओं से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनसेवक परिषद के केन्द्रीय प्रवक्ता अरविंद साहु एवं धन्यवाद महानगर अध्यक्ष संदीप झा ने किया। सम्मान समारोह में प्रबुद्ध लोगों में अंकिता सिन्हा के पिता राम प्रवेश प्रसाद, गोविन्दपुर मंडल कांग्रेस अध्यक्ष नरेश गौरा, पंडित मदन मोहन मालवीय समिति के अध्यक्ष हरेन्द्र मिश्रा, कांग्रेस नेता देवशरण सिंह, परिषद के संरक्षक कृष्णा सिंह, संतोष सिंह, संजय उपाध्याय, समाजसेवी कृपलानी राय, धर्मदेव उपाध्याय, नागेन्द्र तिवारी, रौशन सिंह बिट्टू, राजकुमार साह, राजकुमार झा, राहुल सिंह, पिंकी सिंह, मीरा देवी, रानी देवी, राजमुनी देवी, जुली देवी, मुन्नी देवी, रुपम देवी, सीमा देवी, मंजु देवी, नीसी देवी, प्रशांत कुमार समेत दर्जनों लोग शामिल हुए।

## ई ग्राम स्वराज व जीईएम के इंटीग्रेसन के लिए कुचाई प्रखंड मुख्यालय में शिविर का आयोजन



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुचाई प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के सभी मुखिया पंचायत सचिव का ई ग्राम स्वराज एवं जीईएम के इंटीग्रेसन हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड समन्वय मनोरंजन माझी ने कहा कि ई ग्राम स्वराज सरकारी मार्केट प्लेस एकीकरण का उद्देश्य-पंचायतों को ई ग्राम स्वराज प्लेटफॉर्म का लाभ उठाते हुए जीईएम के माध्यम से अपने सामानों और सेवाओं की खरीद करने में सक्षम बनाना है. वही विभिन्न पंचायत के सभी मुखिया पंचायत सचिवों का मोबाइल में ई ग्राम स्वराज जीईएम ऐप डाउनलोड कर मोबाइल के माध्यम से पंचायत में संचालित योजनाओं की राशि भुगतान पर विशेष जानकारी दी गई। शिविर में मुख्य रूप से प्रखंड समवन्य मनोरंजन मांझी रुगुडीह, मुखिया करम सिंह मुंडा, गोमियाडीह मुखिया मंगल सिंह मुंडा, तिलोपदा मुखिया राम सोय, बंदोलोहर मुखिया देवचरण हाईबुरु, बारुहातु मुखिया रेखा मनी उरांव, पोंडाकाटा मुखिया अनुराधा उरांव, छोटासेगोई मुखिया लुदरी हेंब्रम, रोलाहातु मुखिया सास्त्री सांगा, अरुवां मुखिया सरस्वती मींज, मरांगहातु मुखिया भीमसेन गागराई, सत्येंद्र कुम्हार आदि उपस्थित थे।

## तनाएरा ने क्वीन्स कलेक्शन लॉन्च के साथ बढ़ाया त्योहारों का जोश

**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा अपने फेस्टिव एडिट- द क्वीन्स कलेक्शन के लॉन्च के साथ इस दीवाली आपके त्योहारों के जश्न को और खास बनाने जा रही है। इसी के साथ ब्राण्ड ने शुद्ध सिल्क से बनी हस्तनिर्मित साड़ियों की शानदार डिज़ाइनर रेंज के लॉन्च के लिए मृणाल ठाकुर के साथ एक टीवी विज्ञापन का भी अनावरण किया है। इस संबंध में शालिनी गुप्ता, जनरल मैनेजर, तनाएरा ने कहा कि क्वीन्स कलेक्शन के लिए मृणाल ठाकुर के साथ हमारी साझेदारी आज की महिला की जश्न है। जिस तरह से साड़ी सिर्फ परिधान की सीमा से परे स्टाइल, स्व-अभिव्यक्ति एवं भावनाओं को नया आयाम देती है, उसी तरह आज के दौर की महिला अपने कार्यों के माध्यम से अपनी पहचान बनाती है। ऐसा करने में वह, खुद अपनी कहानी की रानी के रूप में उभर आती है। जब एक आधुनिक महिला तनाएरा की साड़ी पहनती है तो जैसे जादू हो जाता है। उसके कदमों में राजसी भावना, आत्मविश्वास और प्राकृतिक बसंत की आहट महसूस होती है। स्क्रीन पर अपनी भव्य मौजूदगी के साथ मृणाल ठाकुर, नाचती-गाती, घूमती और त्योहार का आनंद उठाती, क्वीन्स कलेक्शन में नज़र आएंगी- जिसे खासतौर पर आज की महिलाओं के लिए डिज़ाइन किया गया हे- वे महिलाएं जो अपनी कहानी लिखनी हैं, अपनी यात्रा को कोरियोग्राफ करती हैं और अपनी अनूठी पटकथा लिखती हैं।

## डुबसूरी में मृतक के परिजनों को पूर्व मुखिया व समाजसेवियों ने किया मदद



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कराईकेला पंचायत के पूर्व मुखिया राजेंद्र मेलगांडी एवं समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई के सौजन्य से कराईकेला पंचायत के डुबसूरी गांव में 2 मृतक परिवार को आर्थिक मदद प्रदान किया। इस मौके पर पूर्व मुखिया राजेंद्र मेलगांडी ने कहा कि बिगत दोनों डुबसूरी गांव में हार्ट अटैक से 40 वर्षीय सुभाष गागराई एवं बीमारी से कैरी चंपिया की मृत्यु हो गई थी ।उनके परिवार की स्थिति बहुत ही दयनीय होने के कारण उन परिवारों को क्रिया कर्म के लिए आर्थिक मदद किया गया। उन्होंने कहा कि कराईकेला पंचायत ही नहीं अन्य पंचायत में भी जरूरतमंद लोगों को हर संभव मदद किया जाएगा।इस मौके पर रामराय सामड ,पाणु मुखी,वीर सिंह हासदा, मारकुश गागराई, मनोज बंकिरा, नंदलाल पूर्ति, नंदू पूर्ति ,सदन गागराई ,सुशील चंपिया,प्रदीप बोदरा, शंकर मेलगांडी।

## साकची में वीरांगनाओं ने पहली बार डांडिया का उठाया लुफ्त



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाऊंडेशन झारखंड प्रदेश जमशेदपुर में अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना की अंतरराष्ट्रीय महामंत्री भारती सिंह के निर्देश अनुसार और सीमा सिंह के नेतृत्व में होटल कैनेलाइट में वीरांगनाओं ने इस वर्ष पहली बार डांडिया नाइट की आयोजन की। सभी वीरांगना खूब सज कर सावरकर बहुत उत्साह होकर गीत संगीत और नृत्य में भाग लिया। वीरांगनाओं को देखकर लग रहा था ए चूड़ियां बड़ी हाथ तलवार के साथ डांडिया के डंडा को भी नचा सकती है। इस आयोजन में शामिल वीरांगनाएं सीमा सिंह प्रीति सिंह अंजली सिंह रिद्धि सिंह नीलम सिंह मिनी सिंह प्रतिमा सिंह गुड़िया सिंह माला सिंह अर्चना सिंह सुनीता सिंह बिंदु सिंह खुशबू सिंहरानी सिंह सानू सिंह बबली सिंह ज्योति सिंह रानी सिंह संध्या सिंह किरण सिंह रिंकी सिंह निशी सिंह सुनीता सिंह सविता सिंह ममता सिंह निक्की सिंह सभी वीरांगनाओं ने मिलकर प्रोग्राम को सफल बनाया।

# उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक कर झारखंड राज्य फसल राहत योजना की समीक्षा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने सम्बन्धित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर झारखंड राज्य फसल राहत योजना खरीफ 2023 की समीक्षा की।प्रखंडवार योजना के कार्य प्रगति की स्थिति पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। योजना में प्रगति हेतु उन्होंने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के बीटीएम, एटीएम, बीसीओ एवं बीएओ के कार्यों की समीक्षा करने को कहा। साथ ही कार्य योजना में सुधारात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि किसी प्राकृतिक आपदा में फसल की क्षति होने से इस योजना के तहत किसानों को मुआवजा मिलता है, 30 से 50प्रतिशत क्षति पर 3000 प्रति एकड़ तथा 50प्रतिशत से ज्यादा क्षति पर 4000 प्रति एकड़ मुआवजा का प्रावधान है।

## सोना देवी विश्वविद्यालय में फ्रेशर्स डे का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला सिंहभूम के प्रांगण में- फ्रेशर्स डे - मिस्टर प्रेशर और मिस फ्रेशर - 2023 -24 का आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के सभी छात्रों ने भाग लिया। इसमें विभाग के शिक्षक शिक्षिकाओं ने जहां छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। वहीं छात्र-छात्राओं ने मिलकर क्विज , डांस आदि प्रस्तुत किया और अपनी असीमित प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलपति प्रोफेसर जेपी मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को बहुत ही प्रेरणास्पद सुझाव दिए गए। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉक्टर गुलाब सिंह आजाद द्वारा छात्र-छात्राओं को विद्यार्थी जीवन में सफल होने के लिए कई जीवन उपयोगी जानकारी दी गई। आज के प्रोग्राम का संचालन अनसूया राय तथा उमेश गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अनेक अध्यापक व्याख्याता एवं शिक्षकत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विवेक विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक प्रतियोगिता एक्सिलेंशिया शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक प्रतियोगिता एक्सीलेंसिया का भव्य उद्घाटन हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि कोल्हन विश्वविद्यालय की पूर्व वाइस चांसलर डॉ शुक्ला मोहंती एवं आई.डी.बी.आई. शाखा प्रमुख ज्योति बट्टू द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में विवेक विद्यालय के उत्तरोत्तर शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक क्षणीक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्राचार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की। प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने विविध शैक्षणिक, गैरशैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## 5 ग्रामीणों को सियार ने काटा, लोग दहशत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चीतरी एवं चीमटीया गांव में दो दिनों से सियार , लोमड़ी का आतंक से ग्रामीण दहशत के साए में जीने को मजबूर हैं। सियार के काटने से 5 ग्रामीण घायल है। घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ एवं टी एम एच में इलाजरत है। मिली जानकारी के अनुसार चीतरी निवासी 60 वर्षीय पुरन गोप व 30 वर्षीय खगेश गोप , चीमटीया निवासी योगेश्वर महतो सहित 5 ग्रामीणों को काटकर घायल कर दिया है। बताया जा रहा है कि सियार व लोमड़ी जंगल झाड़ियों से



निकलकर गांव और घरों में आ जा रहा है। शाम होते ही घर के आंगन में लोगों पर बार कर घायल कर रहा है। उप मुखिया संतोष कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों को अहले सुबह तालाब पोखर के लिए घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है।

# सांसद गीताकोड़ा ने चक्रधरपुर के प्रखंड व नगर में किया 6 योजनाओं का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** शुक्रवार को सांसद गीता कोड़ा ने चक्रधरपुर क्षेत्र के प्रखंड एवं नगर क्षेत्र में 6 योजनाओं का शिलान्यास किया। चक्रधरपुर प्रखंड के ललिता गांव के ऊपर टोला में स्नान घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास। ऊंची बीता गांव में जग्गू के घर से फुटबॉल मैदान तक पीसीसी सड़क का शिलान्यास। पोकवा बेड़ा गांव में पीसीसी से सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास। गुड़ासाई गांव में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का



शिलान्यास, वार्ड नंबर 18 दनदासाई में मदरसा फैजुल कुरान में पीसीसी सड़क का शिलान्यास। वार्ड नंबर 17 में एन एच 75 से श्यामा सिन्हा के घर तक पीसीसी सड़क का शिलान्यास। इस दौरान सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि वर्षो से इन योजनाओं का लोग मांग कर रहे थे जिससे आज 6 जगह पर शिलान्यास किया गया। वहीं शिलान्यास के दौरान प्रखंड के गुड़ासाई फुटबॉल मैदान में एक सभा को संसद गीता कोड़ा ने संबोधित भी किया जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और जाना और जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान के लिए आश्वासन भी दिया। इस दौरान मौके पर यूथ कांग्रेस प्रदेश के महासचिव सह रामगढ़ प्रभारी सौरभ अग्रवाल, प्रीतम बांकिरा, विजय सिंह सामाड, अंबर राय चौधरी, चुन्नू रहमान एवं काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खाद्य विभाग ने कई दुकानों से सैंपल ले भेजा जांच को रांची

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** त्योहारों के मद्देनजर खाद्य विभाग की ओर से मिलावट को लेकर जांच अभियान प्रारम्भ कर दिया गया है। इसी क्रम में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अदिति सिंह के नेतृत्व में गम्हरिया क्षेत्र में अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग की टीम द्वारा जांच के लिए गम्हरिया स्थित रिलायंस स्टोर, श्याम स्वीट्स, बंगाल स्वीट्स और अशोक स्टोर से सैंपल एकत्रित किया गया। इस दौरान टीम ने श्याम स्वीट्स में भारी अनियमितता और गंदगी को देखते हुए खाना बनाने में प्रयुक्त हल्दी, मिर्ची, खोवा पेड़ा, रसगुल्ला आदि का नमूना ज़ब्त किया गया जिसे जाँच के लिए रांची स्थित राज्य खाद्य जाँच प्रयोगशाला भेजा गया है। इसके अलावा बंगाल स्वीट्स से खोवा एवं बूंदी का नमूना संग्रहित किया गया जबकि अशोक स्टोर से बिना एफएसएसएआई मानक वाले दिलीप कश्मीरी मिर्च, रंग



काट नामक केमिकल जो होटलों में चीनी साफ़ करने एवं मिठाइयों में प्रयोग किया जाता है और एक्सपायर तेल को ज़ब्त किया गया। इसके अलावा वहां से सावित्री घी एवं सूजी का नमूना संग्रहित किया गया। साथ ही, रिलायंस स्टोर से बेसन, सत्तू, हल्दी एवं लाल मिर्च पाउडर का नमूना संग्रहित किया गया। उक्त टीम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के साथ मुख्य रूप से फूड सेफ्टी ऑफिसर सहायक संतोष कुमार साहू और नगर निगम का टीम भी शामिल थी।

# पटमदा पुलिस ने फरार तीन नक्सलियों के घरों में चिपकाया इश्तेहार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा थाना कांड संख्या 41/2017 में अनुसंधानकर्ता पु.अ.नि. विनय कुमार द्वारा स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से शुक्रवार को फरार नक्सली अभियुक्त जोबा,उर्फ बुलू उर्फ बुदी गांव जमीरडीहा, थाना-बेलपहाड़ी(बासपहाडी ओपी), जिला-झारग्राम, पश्चिम बंगाल, एवं नक्सली पुष्पा उर्फ शकुंतला उर्फ वर्षा उर्फ परी गांव मेचुआ, थाना-बेलपहाड़ी, जिला-झारग्राम, पश्चिम बंगाल तथा नक्सली मालती उर्फ दुलारी मुर्मू उर्फ माला गांव पाथरनाशा, थाना-गोपीबल्लभपुर,



जिला-झारग्राम, पश्चिम बंगाल के घरों एवं गांव के सहजदृश्य भाग पर न्यायालय से निर्गत उद्घोषणा आदेश को चिपकाया गया। इसके पहले तीनों गांवों में डुगडुगी बजवाकर स्थानीय ग्रामीणों को एकत्रित किया गया और उनके समक्ष इश्तेहार को पढ़कर सुनाया गया। विनय कुमार ने बताया कि नुमान खान आजम, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सिविल कोर्ट, जमशेदपुर, झारखंड की अदालत ने उपरोक्त तीनों नक्सली अभियुक्तों को 30 नवंबर 2023 तक न्यायालय में पेश होने का आदेश दिया है।

## अमृत वाटिका के लिए घर घर से मिट्टी संग्रह कर भेजा गया दिल्ली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को गम्हरिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में भाजपा गम्हरिया पूर्वी प्रखंड, आदित्यपुर और आरआईटी मंडल कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित कर घर-घर से संग्रह किए गए मिट्टी को एकत्रित कर नियुक्त जिला प्रभारी अमित उर्फ बॉबी सिंह को सुपुर्द किया गया। इस मिट्टी को लेकर स्वयंसेवक द्वारा दिल्ली भेजा जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदित्यपुर मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने किया।

# आजसू के केन्द्रीय सचिव ने डायरिया पीड़ितों का लिया हालचाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमरा गांव में डायरिया पीड़ितों का हालचाल जानने आजसू के केन्द्रीय सचिव हरेलाल महतो शुक्रवार को गांव पहुंचे । हरेलाल महतो ने डायरिया पीड़ितों को आर्थिक सहयोग भी किए । उन्होंने डायरिया से मृत दो वर्षीय दूर्गा मनी मछुआ के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने हर तरह की सहयोग क भरोसा दिलाया। वहीं मिलन चौक के निजी क्लीनिक में भर्ती डायरिया पीड़ित का भी जायजा लिया। वहीं उन्होंने कहा कि डूमरा गांव में डायरिया का प्रकोप की सुचना मिलने से आज पीड़ितों का हालचाल जानने आए हैं। उन्होंने कहा कि अपने स्तर से पीड़ितों को सहयोग किया गया। उन्होंने कहा कि डायरिया पीड़ितों को हर संभव मदद किया जाएगा। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष गोपेश महतो, प्रखंड सचिव भगत सिंह मुण्डा, विरवल गोप, दिलीप कुमार दास, गुरूचरण महतो, योगेन्द्र नाथ महतो, श्यामबो पातर, सष्ठी चरण महतो, सुबल पांडे, सुरेश गोप आदि उपस्थित थे।

## गुरुनानक हाई स्कूल में सैनिटरी पैड वितरित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के रोटारैक्ट क्लब और वीमेन सेल के सहयोग से गुरुनानक हाई स्कूल, साकची में पीरियड प्रोडक्ट ड्राइव और स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत सैनिटरी पैड वितरण और स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया। वीमेन सेल की मॉडरेटर डॉ. कौसर तस्नीम ने गुरुनानक हाई स्कूल, साकची के 10वीं कक्षा के छात्रों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता पर एक सत्र लिया गया। इस दौरान वीमेन सेल और क्लब ने कुल 120 सैनिटरी पैड वितरित किए। मौके पर रोटारैक्ट क्लब ऑफ करीम सिटी कॉलेज के मॉडरेटर डॉ. उधम सिंह भी उपस्थित था। इस अभियान में सना वकील, बबीता सोरेन, अभिलाषा कुमारी, मुस्कान कुमारी और नंदन ने सहयोग किया।

# ईचागढ़ पुलिस की बड़ी कामयाबी 25 बोरा गांजा जब्त, 3 गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक डाक्टर बिमल कुमार के निर्देश पर जिला क्षेत्र में लगातार एक से बढ़कर एक अबैध कारोबार पर ताबड़तोड़ छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। वहीं एसडीपीओ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में ईचागढ़ पुलिस द्वारा राष्ट्रीय उच्च पथ 33 पर नागासोरेन के पास एक 16 चक्का ट्रक से 25 बोरा गांजा जप्त कर लिया। वहीं ट्रक चालक सहित तीन तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है। हालांकि पुलिस द्वारा इस संबंध में किसी तरह का अधिकारिक पुष्टि नहीं किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की अहले सुबह रात्री गस्ती के दौरान अहले सुबह करीब 2 बजे गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी गौरव मिश्रा पुलिस वल के साथ उत्तर प्रदेश के बरेली जा रहा एक 16 चक्का ट्रक को रोककर पूछताछ किया गया, जिससे कुछ तस्कर ट्रक से छलांग लगाकर भागने लगा। भागने के दौरान पुलिस पिछा करते चालक सहित तीन तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया एवं ट्रक का तलाशी लेने पर 25 बोरा करीब 10 क्विंटल गांजा जप्त किया गया। पुलिस ट्रक को भी जप्त कर मामले की तहकीकात में जुटी है। रात तक पुलिस कप्तान द्वारा मामले की पुष्टि करने का संभावना जताई जा रही है।पुलिस की यह कार्रवाई बड़ी कामयाबी के रूप में देखा जा रहा है।

# साप्ताहिक जनता मिलन में आए लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्याएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय में आयोजित साप्ताहिक जनता मिलन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को व्यक्तिगत एवं समाजिक समस्याओं के निराकरण हेतू जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए दर्जनों लोगों ने उपायुक्त के समक्ष अपनी अपनी समस्याएं रखी। उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने क्रमवार उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इनके निदान हेतु सम्बन्धित पदाधिकारियों को आवेदन हस्तांतरित करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने दूरभाष के माध्यम पदाधिकारियों से वार्ता करते हुए कहा कि क्षेत्रीय समस्याओं का निराकरण अपने स्तर से सुनिश्चित करें ताकि लोगों को विभिन्न कार्यालयों का चक्कर ना लगाना पड़े। उन्होंने विभिन्न माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत आवश्यक



कार्यवाही सुनिश्चित कर जिला मुख्यालय एवं लाभुक को सूचना देने का निर्देश दिया। आज के जनता मिलन कार्यकर्म में मुख्य रूप से भूमि संबंधित, राम बाबा मंदिर गम्हरिया जाने की सड़क निर्माण, चांडिल प्रखंड के आंगनवाड़ी केंद्र रुड़िया में चयन प्रक्रिया में अनियमितता बरतने, राशन वितरण में अनियमिता, राशन कार्ड नें नाम जोड़ने, बंद पेंशन योजना का लाभ पुनः प्रदान करने समेत अन्य मामले लेकर लोग आए थे।

# दुर्गा पूजा, दीपावली व छठ पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** दुर्गा पूजा, दिवाली एवं छठ पूजा को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान एवं पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने दुर्गापूजा, दीपावली एवं छठ त्योहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों को त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने को कहा गया। साथ हीं बैठक में लिए गए निर्णय का पालन कराने को कहा गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों से उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने एक-एक कर विधि व्यवस्था बनाए रखने संबंधी चर्चा किया एवं सभी से अपनी-अपनी राय एवं सुझाव देते हुए सप्तमी से लेकर दशमी तक कुछ रास्ते को वन-वे करने, विसर्जन जुलूस का समय सीमा तय करने, सफाई कर्मी नियुक्त करने, बैरिकेटिंग, लाइट, पेयजल की व्यवस्था करने समेत अन्य सुझाव दिए गए।जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी से त्योहारों को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक की जानकारी ली गई। त्योहारों में सक्रिय होकर विधि व्यवस्था बनाए रखने संबंधित निर्देश देते हुए सभी को त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर उस पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने पूजा समिति,मंदिर प्रबंधन समिति समेत अन्य गणमान्य उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गापूजा के समय से फेस्टिवल सीजन का आगाज हो जाता है। लगभग सभी बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार को मनाते हैं। लेकिन कुछ उपद्रवियों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म व गलत अफवाह फैला कर सामाजिक समरसता बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है। इस तरह के उपद्रवियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है और इसके लिए लगातार सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर निगरानी रखी जा रही है। अगर किसी के द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से सामाजिक समरसता बिगाड़ने, हेतु किसी के द्वारा आपत्तिजनक पोस्ट या अफवाह फैलाने का प्रयास किया जा रहा है तो इसकी जानकारी अविलंब जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन को दें जिससे पोस्ट करने वालो के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जा सके। आगे उन्होंने व्हाट्सऐप को लेकर कहा अगर व्हाट्स ऐप के माध्यम से किसी भी प्रकार का फेक न्यूज को बढ़ावा देने या फेक न्यूज पोस्ट किया जाता है तो फेक न्यूज पोस्ट करने वालो के साथ साथ एडमिन के ऊपर भी नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी से अपील किया गया।

## डायन बिसाही और ओझा गुनी के जाल में नहीं फंसने की दी गई नसीहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव निर्देशानुसार हंटरगंज के करमा, सिलदाहा, बारा गांव में आउटरीच कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान हंटरगंज प्रखंड कार्यालय के पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयू यादव ने संयुक्त रूप से चलाया। इस दौरान ग्रामीणों को नालसा योजना की जानकारी दी गई। साथ ही सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। इस दौरान सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं से ग्रामीणों को अवगत कराने का काम भी किया गया। ग्रामीणों को अंधविश्वास के जाल में ना फसने का सलाह दिया गया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार के परेशानी होने पर सीधे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाने की बात भी बताया गया। सरकारी अस्पतालों में दिए जाने वाले निशुल्क सुविधाओं के बारे में ही ग्रामीणों को विस्तृत रूप से बताया गया। वही सरकारी विद्यालयों में बच्चों को मिलने वाले निशुल्क शिक्षा के बारे में भी बताया गया। अभिभावकों को अपने बच्चों से बाल मजदूरी नही कराने की अपील करते हुए उन्हें शिक्षा से जोड़ने की अपील भी किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## रवि कृषक पाठशाला का किया गया आयोजन, कृषकों को दी गई कई जानकारियां



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के मायाडीह में स्थित शिव मंदिर में रवि कृषक पाठशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया।रवि कृषक पाठशाला का आयोजन बीटीएम एटीएम के देखरेख में किया गया। जिसका अध्यक्षता राजकुमार रविदास ने किया किया।संचालन कृषक मित्र प्रसादी पासवान ने किया। पाठशाला का नाम कृषक पाठशाला रखा गया। जहां बिटीएम अमरेन्द्र पांडेय एवं दीनदयाल कुमार ने किसानों के बीच रवि फसल के तहत आलू, चना, गेहूं, सरसों जैसे लगने वाले फसल के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। पाठशाला का संयोजक प्रसादी पासवान को जिम्मेवारी सौंपी गई।पाठशाला में चयनित किसानों को सक्रिय करना एवं समय पर उपस्थित होना होगा।बताया कि पाठशाला को सुचारू रूप से संचालन के लिए अनुशासन का पालन करना होगा। मौके पर उपस्थित रोहित कुमार दांगी धीरेंद्र पासवान एवं दर्जनों किसान उपस्थित थे।

## मुखिया रंजीत उरांव ने युवक के दशकर्म हेतु उपलब्ध कराया खाद्यान्न सामग्री

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चंदवा प्रखंड के कुसुमटोली निवासी शिवनन्दन लोहरा पिता गोखुल लोहरा का बीते दिनों असामयिक निधन हो गया। युवक के निधन पर चंदवा पूर्वी मुखिया सह झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव ने गहरा शोक व्यक्त किया है। युवक पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहा था जिसका इलाज के क्रम में निधन हो गया।मृतक की तीन छोटी छोटी बेटियां हैं।युवक के दाशकर्म हेतु मुखिया रंजीत उरांव के द्वारा पीड़ित परिवार को खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराया है। साथ ही पारिवारिक लाभ योजना के तहत मदद दिलाने का भरोसा दिलाया है।परिजनों ने बताया कि मृतक ग्रीन फील्ड एकेडमी में कई वर्षो से स्कूल वैन चलाने का कार्य करता था। स्कूल प्रबंधन की तरफ से किसी प्रकार की मदद मिली है या नहीं पूछे जाने पर मृतक की पत्नी ने बताया कि अभी तक स्कूल प्रबंधन की ओर से किसी प्रकार की कोई मदद नहीं मिली है। मौके पर समाजसेवी मो सरफराज, संवयसेवक राजन कुमार, निमन कुजूर समेत कई लोग मौजूद थे।

## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण (आईटीआई), कौशल विकास विभाग की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीआरडीए कार्यालय कक्ष में निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का की अध्यक्षता में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण (आईटीआई), कौशल विकास विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से प्रवासी श्रमिक, असंठित श्रमिक, किशनपुर एवं सिमरिया आईटीआई में मानवबल, झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियमावली अधिनियम 2021 समेत अन्य की बिन्दुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रवासी श्रमिकों का अधिक से अधिक संख्या में निबंधन कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही राज्य से बाहर कार्य करने वाले प्रवासी श्रमिकों के मृत्यु की स्थिति में उनके आश्रितों को दिए जाने वाले अनुदान से संबंधित प्राप्त आवेदनों का सत्यापन दो दिनों के अंदर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से कराने का निर्देश दिया गया। जिले के सभी पंचायत प्रवासी मजदूरों को जागरूक करने हेतु इससे संबंधित बैनर पोस्टर पंचायत में लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया।ई श्रम में निर्बंधित श्रमिकों जिनकी मृत्यु दुर्घटना या अपंगता के कारण 31 मार्च 2022 से पूर्व हुआ हो उसकी सूची एवं आवेदन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियमावली अधिनियम 2021 के अंतर्गत 75 प्रतिशत से कम स्थानीय नियोजन है। उन्हे मानक पूर्ति हेतु वर्क प्लान मंगवाने का निर्देश दिया गया। जिन नियोजकों द्वारा तिमाही रिटर्न फाइल नहीं किया गया है उनके उपर नियमसंगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में श्रम अधीक्षक अरविंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी मन्नु कुमार, आईटीआई प्राचार्य समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## एकल अभियान के तहत खेलेगा भारत खिलेगा भारत, कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत एकल अभियान अभ्युदय युथ क्लब गिद्धौर अंचल चतरा भाग हजारीबाग झारखंड के तत्वधान में संच स्तरीय एक दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। यह कार्यक्रम जवाहरलाल फुटबॉल मैदान गिद्धौर में किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि गिद्धौर पंचायत के मुखिया निर्मला देवी विशिष्ट अतिथि प्रेम राणा थे। एवं एकल अभियान महिला समिति ने संयुक्त रूप से भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यकर्म का शुभारंभ किया गया। अभ्युदय यूथ क्लब का यह प्रयास ग्राम छेत्र में बच्चों के अंदर जो प्रतिभा है।उसे राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए एक सरहनीय पहल किया जा रहा है। अरविंद कुमार संभाग ग्राम स्वराज योजना प्रमुख संभाग उत्तर झारखंड के द्वारा बताया गया। कि इसमें सौ मीटर दो सौ मीटर चार सौ मीटर ऊंची कूद लंबी कूद कबड्डी एवं कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जो बच्चे प्रथम किए हैं।उसे अंचल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।इस प्रतियोगिता में पच्चीस गांवों के बच्चे ने भाग लिया है।इस कार्यकर्म में एकल अभियान के अरविंद कुमार संभाग ग्राम स्वराज प्रमुख रामनिवास पाण्डेय मोहित कुमार महतो अमन कुमार पाण्डेय किरण देवी कामेश्वर पान्डेय युगेशवर पान्डेय संच प्रमुख गिद्धौर एवम पच्चीस गांवों के आचार्य और आचरिया उपस्थित थी।

## नदी के गहरे पानी में डुबने से एक युवक की मौत

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के धनकारा पंचायत अंतर्गत ग्राम पतरिया चोटाग निवासी दीपक उरांव 31 वर्ष पिता स्व दिनेश्वर उरांव, युवक की नदी में डुबने से मौत हो गई। मृतक के परिजनों बताया कि घर के ही पास खिखिर नदी में नहाने गए थे। नहाने के क्रम में गहरी पानी में पहुंच गए जहां से निकल नहीं सके और इनकी पानी में डुबने से मौत हो गई। मृतक अपने पीछे दो बेटियां एवं पुत्रों के साथ बुजुर्ग माता को छोड़ दिया। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं दुर्गा पूजा पर्व : राकेश सहाय



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर थाना परिसर में दुर्गापूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में की गई। इस अवसर पर राकेश सहाय ने दुर्गा पूजा पर्व को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य की जीत है।वहीं थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि पूजा के दौरान शरारती लोगों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। वहीं सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट भ्रामक खबर,या अफवाह फ़ैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की अफवाहों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन को खबर सूचना देने की अपील की है। उन्होंने क्षेत्र वासियों से त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद अजय सोनी विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव मुखिया बेरोनिका कुजूर उप मुखिया दीपा देवी पुजा कमेटी के सक्रीय सदस्य राजू प्रसाद श्रवण प्रसाद नन्दु प्रसाद रामधनी सिंह जगसहाय सिंह अजय सिंह सुरेन्द्र कुमार, अनील सिंह समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

## लोक प्रेरणा केंद्र एवं कैफ प्रोजेक्ट के तहत मोटिवेशनल इवेंट का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के बन्हे पंचायत भवन में लोक प्रेरणा केंद्र और कैफ प्रोजेक्ट के तहत एक दिवसीय मोटिवेशनल इवेंट का आयोजन किया गया।जिसमें सरकारी शिक्षा एवं शिक्षा से जुड़े लोग शामिल हुए। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर बीपीओ कुंजल यादव संस्था सचिव मौसमी बाखला, अध्यक्ष अधीन महतो उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में संस्था द्वारा संचालित पांच प्रखंड सिमरिया, टंडवा, चतरा, पत्थलगड़ा और गिद्धौर के 22 कोचिंग सेंटर संचालक के साथ-साथ 6 सरकारी शिक्षक शामिल होकर लड़कियों की उच्च शिक्षा पर प्रकाश डाला। मौके पर उपस्थित बीपीओ ने कहा कि कक्षा एक से आठ तक तो बालक तथा बालिकाओं का शिक्षा का अनुपात ठीक रहता है परंतु जैसे ही उसे शिक्षा के क्षेत्र में देखा जाए तो अनुपात कम होता जाता है, जो की काफी चिंतनीय हैं। इसके लिए हम सबको साथ आकर पहल करने की जरूरत है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्रतिमा, बजरंगी, प्रवेश, सरोज, कविता, अनीता, रानी, सीता ने अपनी भूमिका निभाई।

## कोल इंडिया के चीफ विजिलेंस, ने किया आम्रपाली क्षेत्र का निरीक्षण अधिकारियों को दिए कई निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** कोल इंडिया के चीफ़ विजिलेंस अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी तथा सीसीएल के मुख्य विजिलेंस अधिकारी पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को अपने विजिलेंस विभाग के टीम के साथ आम्रपाली चंद्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा एस एस उच्च विद्यालय टंडवा के छात्राओं ने भ्रष्टाचार का विरोध करे; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे के थीम पर नुककड नाटक प्रस्तुत किया। जिसको लेकर (सीईओ) कोल इंडिया तथा (सिओ) सीसीएल अधिकारियों ने बहुत ही प्रशंसा किया। इसके बाद सतर्कता रथ को हरी झंडी दिखा कर विधिवत रवाना किया गया। आम्रपाली परियोजना पहुँचने के उपरांत आम्रपाली के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया, तथा परियोजना क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी। और आखिर में आम्रपाली व्यू पॉइंट जाकर परियोजना का निरीक्षण किया। आपको बताते चले की आम्रपाली चन्द्रगुप्त क्षेत्र सीसीएल के द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान को लेकर विभिन्न कार्यक्रम किया गया है। जैसे की चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, प्रभात फेरि आदि। एवम आने वाले दिनो में और भी कार्यक्रम किया जाएंगे।

## भाजपा मंडल परिवार ने नव पदस्थापित बीडीओ से शिष्टाचार मुलाकात की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार-बालूमाथ :** भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के अध्यक्षता में भाजपा मंडल परिवार ने नव नियुक्त बीडीओ सोमा उरांव से शिष्टाचार मुलाकात कर स्वागत किया। वीडियो ने मौके पर उपस्थित भाजपाइयों का परिचय जाना इस दौरान श्री कुशवाहा ने क्षेत्र की मूलभूत समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजना पहुंचे इसके लिए भाजपा परिवार सदैव आपके साथ है. मौके पर उपस्थित एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि वंचित एवं जरूरतमंदो को विकास योजना में प्राथमिक दें। मौके पर वीडियो के अलावे भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ,एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, भाजपा मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता ,किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, झाबर मुखिया पति बासुदेव उरांव, भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, बरियातू एससी मोर्चा मंडल अध्यक्ष शंभू पासवान, गजेंद्र, हिमांशु, बालूमाथ पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक, राजेश सिंह, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री विजय ठाकुर, महजू मुंडा, मनोज राम, निर्मल उरांव, ईश्वरी महतो समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाइक समेत बाइक सावर की कुएं में गिरने से मौत

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ग्राम बोहटा में 22 वर्षीय युवक बजरंगी प्रसाद पिता अशोक प्रसाद की बाइक समेत कुएं में गिरने से मौत हो गई। युवक महुआडांड़ बाजार से घर लौटने के बाद शाम करीब 6:30 बजे अपने किसी कार्य के लिए बाइक से घर के पीछे मक्कई खेतों से होते हुए मुख्य सड़क की ओर जा रहा था। इसी दरमियान झाड़ियां के बीच कुआं नजर नहीं आने और अंधेरे के कारण बाइक समेत कुएं में गिर गया। जिससे युवक की मौत हो गई। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से युवक को कुएं से बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया गया। जहां स्वास्थ्य प्रभारी डॉक्टर अमित खालखो ने मृत घोषित किया। वहीं सूचना मिलते ही महुआडांड़ थाना प्रभारी इंचार्ज संजय रतन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां मोटरबाइक को पुलिस के जवानों और ग्रामीणों की सहायता से कुएं से बाहर निकाल कर जप्त किया, साथ ही युवक के शव को पोस्टमार्टम हेतु लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया गया।

## बीएस कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश व अमृत कलश यात्रा का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के बानपुर स्थित बनवारी शाहू महाविद्यालय में शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश एवं अमृत कलश यात्रा के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया।वही इस दौरान महाविद्यालय के छात्राओं के द्वारा अपने-अपने घरों से लाई गई मिट्टी एवं चावल को अमृत कलश में इकट्ठा किया गया कार्यक्रम प्राधिकारी नवल किशोर प्रसाद के द्वारा उपस्थिति छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के कर्मियों के समक्ष पंच प्रण शपथ भी दिलाई गई साथ ही अमृत कलश यात्रा ग्राम बानपुर में निकाली गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता एनजीओ के अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद गुप्ता नेहरू युवा केंद्र लातेहार के जिला अधिकारी कंचन कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से वीरों का वंदन एवं माटी को नमन कर सामुदायिक भागीदारी निभाना है महाविद्यालय के सचिव महोदया ने आज के परिवेश में देशभक्ति जागृत करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है नेहरू युवा केंद्र जिला अधिकारी कंचन कुमारी ने कार्यक्रम के विषय में विस्तृत जानकारी दी ।राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम समाप्ति के बाद नेहरू युवा केंद्र के जिलाधिकारी कंचन कुमारी को अमृत कलश समर्पित की गई महाविद्यालय के प्रोफेसर सीमा संजीत कुमार रंजीत कुमार योगेश्वर महतो रेणु कुमारी चंदा कुमारी इशरत बानो एवं अनु कुमारी आरती कुमारी उषा कुमारी चौहान तिग्गा कविता कुमारी फिर कविता कुमारी अंजू कुमारी सुकांति कुमारी की भूमिका सराहनीय रही।

## मुखिया ने जन वितरण प्रणाली के दुकान का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के नावागढ़ पंचायत मुखिया प्रवेश उरांव एवं पंचायत समिति सदस्य के पति गफ्फार अंसारी ने नावागढ़ के चार जनवितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम? में रहमतुल्लाह का दुकान बंद पाया गया। रहमतुल्लाह के दूकान के पास राशन लेने के खडे लाभुकों ने बताया कि हमलोग राशन लेने आए थे लेकिन दुकान बंद है। यह दुकान कभी भी निर्धारित समय पर नहीं खुलती है। साथ ही दुकान संचालक पर लाभूकों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि खाद्यान्न का वितरण मनमाने ढंग से करते हैं, प्रति यूनिट दो दो केजी? का कटौती करके दिया जाता है।वहीं मुखिया श्री उरांव ने कहा कि ऐसे दुकानदार पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही सभी दुकानदारों को फटकारते हुए रख रखाव स्थलों पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जन वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करें।श्री उरांव ने लाभुकों को बताया कि सरकार के मापदंड के अनुसार डीलर को खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया हैं। निरीक्षण के क्रम में बंद पाये गये जनवितरण प्रणाली दुकानदार पर वरीय पदाधिकारी से कार्रवाई की मांग किया है। निरीक्षण के वक्त सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## हेरहंजः दुर्गा पूजा मनाने को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**बारियातु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गापूजा शांतिपूर्ण व सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर गुरूवार को थाना परिसर मे शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने किया। बैठक मे प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी व विससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु मौजूद रहे।वहीं बारियातू, फुलसु, डाढा, साल्वे, टोंटी हेसला, गोनिया, शिबला, राजगुरु, बालुभांग सहित कई जगहों के पूजा समिति के अध्यक्षों ने भी शामिल हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमारी ने कहा कि बारियातु के सभी धर्म के लोग हर त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाता आया है। यह त्योहार भी आपलोग के सहयोग से सफल होगा. मौके पर राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, मिथलेश कुमार सिंह, राजकिशोर प्रसाद, संतोष कुमार पाठक, राजेन्द्र गंझु, रिगन कुमार, आशिस नाथ शाहदेव, फुलचंद गंझु, अजय यादव, कामेश्वर प्रजापति, राकेश कुमार, इश्वरी प्रसाद, मो ओजैर, छोटु कुमार, मदन कुमार सोनी, चिंटु प्रसाद, पिंटु केसरी,सहीत कइ लोग मौजूद रहे।

## अखिलेश्वर धाम परिसर में ऐतिहासिक जितिया जतरा का हुआ आयोजन

**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड के ऐतिहासिक अखिलेश्वर धाम परिसर में ऐतिहासिक जितिया जतरा का आयोजन किया गया। जितिया जतरा में भंडरा, कसपुर, नवाटोली, बैमारी, अंबेरा सहित कई गांव के खोड़हा नृत्य मंडलियों ने भाग लिया। जितिया जतरा में विभिन्न गांव से अपने पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे खोड़हा नृत्य मंडलियों ने अपने आदिवासी संस्कृति सभ्यता से परिपूर्ण झूमर की प्रस्तुति से लोगों का मनमोह लिया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## बरही का लाल लक्की तिरंगे में लिपटकर पहुंचे घर, जवानों ने दी सलामी, लोगों की आखें हुई नम

**बरही (हजारीबाग)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एयरफोर्स का जवान लक्की कुमार का पार्थिव शरीर तिरंगा में लिपटा हुआ रांची से एम्बुलेंस वाहन से शुक्रवार को बरही के करसो स्थित उनके पैतृक आवास पर पहुंचा। वीर सपूत का शव पहुंचते ही उनके अंतिम दर्शन के लिए करसो के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। करीब दो घंटो के इंतजार के बाद एयरफोर्स के पांच सदस्यीय जवान की टीम भी मृतक जवान के आवास पहुंचे। इस दुखद बेला में सभी की आखें नम थी। जिसके बाद एयरफोर्स के वारेंट ऑफिसर शिवलाल सिंह ने मृतक के पार्थिव शरीर को सलामी दी। एयरफोर्स के जवानों ने उनके माता-पिता को मृतक के पार्थिव शरीर के पास बुलाया और उनके समक्ष तिरंगा से लिपटा जवान का पार्थिव शरीर से ससम्मान तिरंगा को हटाया। जिसके बाद तिरंगे को सम्मान पूर्वक उनके माता पिता को सुपुर्द किया। मृतक जवान के माता के हाथों में तिरंगा जाते ही वे तिरंगा को चूम कर फफकर फाफकर रो पड़ी। जिसके बाद एयर फोर्स के वारंटी ऑफिसर ने मृतक के पिता के साथ विधि पूर्वक औपचारिकता पूरा किया। मृतक के पार्थिव शरीर पहुंचने के पहले उनके बेच का साथी रिशु कुमार (नालंदा) भी पहुंचे हुए थे। उन्होंने बताया कि लक्की 02/21 इनटेक के सेना थे। उनका ज्वानिंग फरवरी 2021 में हुई थी। जिसका ट्रेनिंग 26 मई 2022 से अप्रैल तक चला। जिसके बाद यूपी के सहारनपुर में उनकी पहली पोस्टिंग लैंडिंग एयरक्राफ्ट मैन पोस्ट पर हुआ। 3 महीने में इसकी तबीयत बिगड़ती चली गई। इनका इलाज आर.आर. हॉस्पिटल दिल्ली में किया जा रहा था। इलाज के ही दौरान सिक लिन में वह घर आए हुए थे। इसके बाद उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने के कारण उन्हें रांची एम.एच. में किया गया। वहीं इलाज की दौरान उनकी देहांत हो गई। वहीं संध्या समय अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सद्भावना विकाश मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, विहिप सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता, भामाशाह स्कूल के प्राचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय, सचिन यादव, कई राजनीतिक दल के कार्यकर्ता एव समाजिक लोग मौजूद थे।



## नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के स्वरों से गूंज उठा अग्रसेन भवन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अग्रसेन जयंती महोत्सव 2023 में चल रहे कार्यक्रम में नंद उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया द्य शुक्रवार को रंगोली सजाओ प्रतियोगिता, खिलाड़ियों के खिलाड़ी आयोजित की गई द्यजिनकी संयोजिका अमित बूबना, अंशु बूबना, श्वेता अग्रवाल, ममता खेतान, ज्योति चौधरी पूनम भावका, रश्मि अग्रवाल और राखी मूनका थी । जयंती संयोजक नीरज अग्रवाल और सुमन राम राइका ने बताया की गुरुवार को हुई 1 मिनट प्रतियोगिता के विजेता रौनक अग्रवाल रहे, कौन है इंटेलिजेंट के विजेता केशव अग्रवाल और कृष्णा बूबना रहे द्य और रनरअप आदित्य अग्रवाल और रौनक अग्रवाल रहे। वहीं अग्रवाल युवा मंच और महिला मंडल ने बताया कि शनिवार को सुडोको, मैथ्स इज इंटरेस्टिंग, स्केचिंग, रंग भरो और फैशन शो आयोजित की जाएगी। अग्रसेन जयंती महोत्सव को सफल बनाने में अग्रवाल युवा मंच, महिला मंडल और मारवाड़ी अग्रवाल समाज के सभी लोग जोर शोर से लगे हुए हैं ।

## पंचायत विकास सूचकांक विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दल द्वारा जिला हजारीबाग के सदर प्रखंड में पंचायत विकास सूचकांक विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमे प्रशिक्षण दल के रूप में राज्य स्तर से प्रशिक्षक अजीत कुमार सिंह इंप्लीमेंटेशन इंजीनियर,शाहिद आलम, जिला परियोजना प्रबंधक, धनबाद, राज कुमार मंडल, जिला परियोजना प्रबंधक, हजारीबाग एवं प्रखंड समन्वयक सदर, सुनील कुमार द्वारा उपस्थित प्रतिभागी उप प्रमुख सदर, परिषद सदस्य सदर, सभी प्रखंड समन्वयक पंचायत राज स्वशासन परिषद,हजारीबाग सभी मुखिया सदर प्रखंड, हजारीबाग, सभी पंचायत सचिव, सदर प्रखंड एवं वीएलई को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बताया गया पंचायत विकास सूचकांक योजना पर कार्य किया जाना है जिसमें अलग-अलग तरीके के डाटा का संग्रह सभी लाइन डिपार्टमेंट से मिलकर किया जाना है एवं पीडीआई पोर्टल पर अपलोड किया जाना है ताकि पंचायतों में विकास की गति तेज हो।

## सदर प्रखण्ड में नमो फुटबॉल टुर्नामेंट -2023 का आगाज कल

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक मनीष जायसवाल के सौजन्य से सदर प्रखण्ड स्थित ग्राम ओरिया में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 का कल दिन शनिवार को भव्य आगाज व उद्घाटन होगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मांडू विधायक जेपी भाई पटेल, बरकठ्ठा विधायक अमित यादव, बरही पूर्व विधायक मनोज यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर विधायक मनीष जायसवाल और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह शामिल होंगे। टुर्नामेंट के शुभारंभ में फुटबॉल प्रेमियों एंव सदर प्रखण्ड क्षेत्रवासियों का जनसैलाब उमडेगा। सर्वप्रथम पारंपरिक रूप से अतिथियों का नगाड़ा, ताशा एवं आदिवासी नृत्य के साथ स्वागत होगा। उसके बाद अतिथियों द्वारा झण्डात्तोलन, खिलाडियों द्वारा मार्च पास्ट एवं मशाल प्रज्ज्वलित से अद्भुत दृश्य बनेगा। आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियों को गुलाब फुल एवं शोल ओढाकर स्वागत व अभिनंदन किया जायेगा। उसके बाद अतिथियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्ज्वलित होगा। मैदान के बीचों बीच आर्य समाज के बालिकाओं द्वारा आकर्षक झांकी एवं तलवारबाजी कार्यक्रम में अपनी संस्कृतिक का अनुपम झलक दिखेगा। जमकर आतिशबाजी एवं गुब्बारा उडाया जाएगा। राष्ट्गान के बाद अतिथियों द्वारा बालिकाओं से परिचय प्राप्त कर उद्घाटन मैच किक मारकर शुभारंभ करेंगे। सदर प्रखण्ड में नमो फुटबॉल टुर्नामेंट की शुभारंभ से लेकर फाइनल मैच ओरिया स्थित पंचायत भवन के पीछे मैदान में संपन्न होगा। इसकी जानकारी सदर विधायक प्रतिनिधि बिजय कुमार ने दी।

### दुर्गा पूजा को लेकर बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

# मेले के दौरान हुड़दंगियों समेत सोशल मीडिया पर रहेंगी पैनी नजर : डीएसपी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही(हजारीबाग):** बरही थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एसडीओ पूनम कुजुर व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर व पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में डीएसपी मो. नाजिर अख्तर, सीओ रामनारायण खालको मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर सभी पूजा समिति के सदस्यों ने दुर्गा पूजा शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण कैसे संपन्न हो इसके लिए बारी बारी से अपने बातो को रखा। वहीं बरही प्रशासन से विधि व्यस्था बनाए रखने, बिजली व्यस्था दुरुस्त करने, पानी की व्यस्था, लाइट की व्यस्था करने समेत सभी बातों को रखा। खासकर बरही ब्लॉक मैदान में दशवी के दिन रावण दहन का कार्यक्रम होता है, जिसमे प्रशासन से सहयोग की अपील की। वहीं एसडीओ पूनम कुजुर ने सभी से शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा बनाने की अपील की। वही कहां प्रशासन आपके सहयोग के लिए तैयार है। वही डीएसपी नाजिर अख्तर ने कहा की विधि व्यस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। मेले के दौरान यदि कोई व्यक्ति गलत करते पकड़ाया गया, तो उसे बख्शा नहीं जायेगा। वहीं सीओ रामनारायण खलखो ने सभी दुर्गा पूजा समिति सदस्यों को व्यवस्था तंदुरुस्त करने को कहा। उन्होंने कहा की पंडाल के अंदर महिलाएं व पुरुष के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वारा होनी चाहिए, सीसीटीवी कैमरे लगाना है, अग्निशमन यंत्र भी मौजूद रखना है। वहीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने कहा की शोशल मीडिया पर प्रशासन की नजर है। वहीं कहा की हुडदागियो पर विशेष ध्यान रहेगी, पकड़े जाने पर सख्त करवाई की जाएंगी। मौके पर प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी, विस. सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, विस विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, वरिष्ट समाजसेवी भगवान केशरी, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव,आदि थे ।

## टोकी सूद जलापूर्ति योजना से ग्रामीणों का पानी मिलना शुरू : महेंद्र कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पतरातु :** जिला सांसद प्रतिनिधि ग्रामीण विकास विभाग महेंद्र महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि टोकिसुद जलपूर्ति योजना से ग्राम वासियों को पानी मिलना शुरू हो गया। टोकी सूद जलापूर्ति योजना लगभग 35 दिनों से बंद पड़ा था इसकी शिकायत माननीय सांसद जयंत सिन्हा से ग्राम वासियों ने लिखित में शिकायत की थी।इसी क्रम में पिछले दिनों जिला सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो पेयजल स्वच्छता विभाग के कंनीय अभियंता मोहम्मद मिनहाज अंसारी एवं ग्रामीणों के साथ टोकिसुद जलपूर्ति स्थल का निरीक्षण किया गया था और निरीक्षण के क्रम में संवेदक को कडा निर्देश दिया था कि जल्द से जल्द ग्राम वासियों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति किया जाए संवेदक ने दूसरे दिन कार्य करना शुरू किया और ग्राम पालू रोचाप डोकाटॉड टेरपा किरिगढा पारगढा टोकिसुद डाडिडिह साहीटॉड आदि गांव में जलापूर्ति शुरू हो गया। ग्राम सॉकूल में जेसीबी से पाइप फट जाने के कारण सांकूल गांव में पानी टंकी में पानी नहीं चढ़ सका जिसके कारण सांकुल वालों को जलापूर्ति नहीं हो सका उसे भी तुरंत मरम्मत कर लिया जाएगा।आगे इन्होंने बताया की हफुवा पंचायत में मरम्मती का कार्य चल रहा है। जिसे एक-दो दिन में ठीक किया जाएगा जिसके कारण हफुवा बरतुआ बटुआ में पानी सप्लाई नहीं किया गया है एक-दो दिन में इन जगहों पर भी जलापूर्ति किया जाएगा इस कार्य के लिए ग्राम वासियों ने सांसद जयंत सिन्हा को बहुत-बहुत बधाई संदेश दिया है।

## बुन्दु मध्य विद्यालय में 193 बच्चों के बीच पुस्तक एवं कॉपी का किया गया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग):** प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बुन्दु मध्य विद्यालय में 193 स्कूली बच्चों के बीच पुस्तक व कॉपी का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव, प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेंद्र यादव, प्रधानाध्यापक उदय नारायण प्रसाद, वार्ड सदस्य बाबूलाल यादव, सहायक शिक्षक बाबूलाल यादव, नरेश यादव, मनोज पंडित, प्रदीप यादव, सुरेश यादव व अन्य शिक्षक मौजूद थे। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि बच्चे नियमित साफ सुथरा ड्रेस एवं कॉपी किताब लेकर विद्यालय जरूर आए, और शिक्षा ग्रहण करें।शिक्षा से ही समाज को बदला जा सकता है, शिक्षा से ही हम अपने भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। वहीं उन्होंने साफ-सफाई पर बल देते हुए बच्चों के बीच अपनी बात को रखा। बच्चे कॉपी, किताब पाकर काफी खुश दिखे।

## कांग्रेस अल्पसंख्यक इचाक प्रखंड कमेटी का गठन सह जिला अध्यक्ष साजिद अली खान का अभिनंदन सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** इचाक प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया, साथ ही साथ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रखंड का सशक्त कमिटी हेतु प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन रविदास के अध्यक्षता में बैठक किया गया। जिसका संचालन मौलाना मुख्तार ने किया जिसका मुख्य अतिथि कांग्रेस स्वास्थ्य विभाग के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता उपस्थित रहे, जिसमें सर्व समितियां से निर्णय लिया गया की बरकट्ठा विधानसभा में कांग्रेस को सशक्त और मजबूत किया जाएगा जिसमे बरकट्ठा विधानसभा का विधायक कांग्रेस का हो। मुख्य अतिथि डॉ आर सी मेहता ने कहा की कांग्रेस पार्टी ने साजिद अली खान को कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस के रीढ को मजबूत किया है निश्चित तौर पर साजिद अली खान द्वारा संपूर्ण जिले में कांग्रेस पार्टी को मजबूत होगा। बहुत जल्द 17 प्रखंड में कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाएगा। आज संपूर्ण भारत में बदलाव का लहर चल रहा है राहुल गांधी निश्चित तौर पर 2024 में हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री होंगे।पाच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस जीत रही है । इचाक प्रखंड में सर्व समिति से मुन्ना मलिक को प्रखंड अध्यक्ष एवं सरफुल हक को कार्यकारी अध्यक्ष सर्व समिति से चयन किया गया। जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने कहा जिले के सर्व समाज के लिए मैं समर्पित हूं ।

## एचएमसीएच के ब्लड बैंक में ब्लड बैग हुआ खत्म, मरीज के मदद को ब्लड बैंक पहुंचे सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि तब खुली पोल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** मेडिकल कॉलेज अस्पताल और हजारीबाग स्वास्थ्य विभाग के आंतरिक व्यवस्था की एक बार बड़े पैमाने पर सरकारी स्तर से प्रशासनिक समीक्षा आवश्यक प्रतीत होने लगी है। क्योंकि हर रोज यहां अभाव के नए-नए मामले उजागर होने लगे हैं। जहां एक दिन पूर्व सीरिंज के अभाव में बीसीजी का टीकाकरण बाधित होने का मामला सामने आया वहीं दूसरे दिन शुक्रवार को एचएमसीएच स्थित ब्लड बैंक में ब्लड बैग समाप्त हो जाने की बात सामने आई। यह दोनों मामले तब सामने आए जब यहां पहुंचे मरीजों की समस्याएं सामने आई और हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी यहां मरीजों के सहयोग के लिए पहुंचे। इन दोनों मामलों के उजागर होने के बाद संभावना है कि और भी कई ऐसे जीवन रक्षक चीजों का अभाव हो सकता है जो आम लोगों के जिंदगी के साथ खिलवाड़ हो सकती है । शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज



अस्पताल में भर्ती एक जरूरतमंद मरीज के परिजन झंडा चौक स्थित हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल के कार्यालय पहुंचे और यहां उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी से मुलाकात कर बताया कि ब्लड बैंक में ब्लड बैंक की कमी के कारण उन्हें रक्त नहीं मिल पा रहा है जबकि उनके पास ब्लड डोनर भी उपलब्ध है। इस बात की जानकारी पाते ही तत्काल विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ब्लड बैंक पहुंचे और जब स्थिति का जायजा लिया तो पता चला की ब्लड बैग समाप्त हो गया है।

## उप विकास आयुक्त से मिले फुटपाथ दुकानदार अपनी समस्या से करवाया अवगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** फुटपाथ व्यवसायी संघ का अध्यक्ष सह जिला सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई वर्मा के नेतृत्व में हजारीबाग उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित से मुलाकात किया । मुलाकात से 2 दिन पूर्व हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा से मुलाकात समस्या से अवगत करवाया था । जिस पर सांसद जयंत सिन्हा ने गंभीरता पूर्वक और तुरंत उप विकास आयुक्त से बातें कर सभी समस्या स्वागत कराया। सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह समिति सहित सभी फूटपाथ दुकानदारों ने अपनी समस्या से अवगत करवाया है । आवेदन में कहा गया है कि हम सभी गरीब फुटपाथ दुकानदारों को प्रशासन के द्वारा बार-बार सड़क किनारे से दुकान हटा दी जाती है ,जिसके कारण हमारे पास आर्थिक तंगी हो जाती है हम लोग के बच्चों का पढ़ाई लिखाई रुक जाता है और भुखमरी की स्थिति बन जाती है।

### मुख्यमंत्री सृजन योजना का लाभ उठाएं ग्रामीण : संजीव बेदिया

# झामुमो पंचायत कमेटी का गठन, सुरेश यादव अध्यक्ष दिनेश मुंडा सचिव व रामचंद्र भुईयां कोषाध्यक्ष बने

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** नापोकला पंचायत में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत स्तरीय बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य संयोजक संजय सिंह एवं संचालन दीपन साव ने किया। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुए। बेदिया ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को झारखंड मुक्ति मोर्चा का पट्टा देकर स्वागत किया। बेदिया ने कहा हेमंत सरकार आदिवासी मूलनिवासी महिलाओं पुरुषों के लिए



विशेष रूप से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री सृजन योजना के तहत कल्याण विभाग में कई प्रकार के योजनाएं चलाई जा रही है। नौजवान साथियों के लिए इस योजना सीधे तौर पर ग्रामीण लाभ ले रहे हैं। नापोकला पंचायत कमेटी का विस्तार अध्यक्ष सुरेश यादव, उपाध्यक्ष विनोद साव, दशरथ साव, मुनेश्वर मुंडा, सचिव दिनेश मुंडा, संयुक्त सचिव सूरज भुईयां, वीरेंद्र राम, महावीर मुंडा, संगठन सचिव कार्तिक भुइयां, कोषाध्यक्ष रामचंद्र भुईयां कार्यकारिणी सदस्य चतुरी यादव, एलुंहक अंसारी, रेवा पासवान, नरेश राणा, सरयू भुईयां, बबलू भुईयां, वासुदेव यादव, सनोज राणा, बबलू कुमार, रामदयाल मुंडा, धनेश्वर भुईयां, विनोद साव,महावीर मुंडा, गणेश यादव, छोटू गोप, शिव कुमार, कुलेश्वर भुईयां विशाल कुमार मुंडा, रघु मुंडा आदि को बनाया गया।

## सांसद ने स्कूली बच्चियों के बीच 400 साइकिलों का किया वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने में शिक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहे हैं। इसी क्रम में 11 अक्टूबर को हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी की जयंती व अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर केयर टुडे के माध्यम से नव भारत जागृति केंद्र के तत्वावधान में स्कूली छात्राओं के लिए साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सांसद क्षेत्र के 4 विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं के बीच 400 साइकिलों का वितरण किया व सभी बच्चियों से संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।इस साइकिल वितरण कार्यक्रम के लिए एक साइकिल बैंक का भी गठन किया गया है, जो क्षेत्र की बच्चियों को अगले 10 साल तक उनके स्कूल आवागमन में असुविधा को खत्म करने में लिए साइकिल प्रदान करेगा। जब बच्चियां अपनी 10 वीं की परीक्षा पास करेंगी, वे अपनी साइकिल को स्कूल में जमा कर देंगी ताकि आगामी भविष्य में बाकी बच्चियों को भी इसकी सुविधा मिल सकें।

## आरएनवाईएम कालेज में होने वाले द्वितीय नैक निरीक्षण को लेकर किया गया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय, बरही में प्राचार्य डॉ. बिमल किशोर की अध्यक्षता में कालेज के शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की एक अतिआवश्यक बैठक हुई। जिसमें यूजीसी के मानदंड के आधार पर उक्त महाविद्यालय का नैक द्वारा होने वाली द्वितीय निरीक्षण के संदर्भ में गहन चर्चा हुई। बताया गया कि नैक द्वारा महाविद्यालय का प्रथम निरीक्षण वर्ष 2017 में हो चुकी है। जिसमें आरएनवाईएम महाविद्यालय के नैक द्वारा बी ग्रेड स्थान प्राप्त हुआ, जो काफी संतोष जनक रहा। वहीं महाविद्यालय परिवार ने एक बार पुनः पुरी नैक टीम के प्रति आभार प्रकट किया। नैक द्वारा दूसरे बार भी महाविद्यालय को कम से कम बी प्लस या बी डबल प्लस ग्रेड प्राप्त हो, इसके लिए सभी लोगों ने मिलकर टीम भावना में बंधकर प्राचार्य द्वारा दी गई जिम्मेवारी को ससमय पुरा करने का संकल्प लिया। बैठक में नैक द्वारा दी गई प्रथम ग्रेडिंग की रिपोर्ट को देख गया एवं नैक टीम द्वारा दिये गये सुझावों को भी पढा गया। जिसमें मुख्य रूप से पुस्तकालय, अध्ययन, कक्ष, महाविद्यालय में एकाउंट, पुस्तकालय, अध्ययन आदि व्यवस्था को पूर्ण रूप से डिजिटलाइजेशन करना मुख्य है।

## पतरातू थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** पतरातू थाना परिसर में शुक्रवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इस बैठक में दुर्गा पूजा आपसी सौहार्द और शांति पूर्ण तरीके से संपन्न करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा थाना क्षेत्र अंतर्गत पूजा पंडाल के समिति/कमिटी को खास निर्देश दिया गया है कि पूजा के पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने,भड़काऊ गाना नहीं बजाने और डीजे बजाने पर पूर्ण रूप प्रतिबंध लगाया गया है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज गुप्ता थाना प्रभारी राजदीप कुमार सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार महतो कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल पालू मुखिया पानो देवी मुखिया किशोर कुमार महतो गुड्डू सिंह सुशील कुमार सिंह शशि कुमार पाठक असगर अली हामिद मिंया और अब्दुल क्युंम अंसारी सहित क्षेत्र के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# विष्णुगढ़ पुलिस ने संदिग्ध युवक को हथियार के साथ किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** वरीय अधिकारियों की सूचना पर विष्णुगढ़ पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के नौवाडीह बरांय निवासी पंकज कुमार पिता गल्लु मंडल के रूप में की गई। युवक के पास से एक रिवॉल्वर, एक पिस्टल समेत दो लोडेड कारतूस पाया गया। इसे लेकर विष्णुगढ़ थाना में पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक नौवाडीह के बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप आने जाने वालों की निगरानी कर रहा है। सूचना के आधार पर वहां पहुंचने पर वह युवक भागने लगा। जिसे सशस्त्र बलों के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकडाए युवक के पास से जिंस से एक रिवॉल्वर तथा दो कारतूस मिले। उसने घर में भी एक पिस्टल तथा एक कारतूस पाया गया। उसने बयान में अपने दोस्तों के साथ मिलकर बिरनी थाना के खुरजीओ ईरगा नदी पुल के पास एक व्यक्ति से 2 हजार रूपए, एक मोबाइल की लूट समेत सरिया के केसवारी स्थित कनोदवा घाट के पासतीन लड़कों से तीन मोबाइल तथा 12 सौ रूपए की लूटपाट समेत अन्य घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकारी है। छापेमारी दल में एसडीपीओ अनुज उरांव, थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, पुअनि प्रवीण कुमार समेत थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## बीडीओ के सम्मान में किया गया विदाई समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में निवर्तमान वीडियो संजय कुमार कोगारी की विदाई तथा अखिलेश कुमार का स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संजय कुमार कोगारी ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारी को इंसान की तरह काम करना चाहिए। इंसान को व्यावहारिक होना चाहिए। मनुष्य की सेवा सबसे बड़ी सेवा है। कोरोना काल यादगार पल रहा। कोरोना में हम लोगों को बहुत कुछ सिखाया है। उन्होंने जनता की प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं जनता को एक परिवार की तरह समझ कर कार्य किया। वर्तमान वीडियो अखिलेश कुमार ने कहा कि सरकार के कार्यक्रमों को बढ़ाने में जनता का सहयोग जरूरी है। जन सहयोग से कोई भी कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी रामबालक कुमार, सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, मधुसूदन प्रसाद, 20 सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा,आदि थे ।

## दुर्गा पूजा को लेकर चरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई, दिए गए कई निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** चरही थाना परिसर में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें समाज के गणमान्य लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। शांति समिति की बैठक में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर प्रशासन द्वारा आयोजकों को कई तरह के दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा आयोजकों द्वारा भी अपनी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखने का मौका दिया गया। जिसमें प्रशासन के द्वारा पूजा और विसर्जन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की गई। वही शांति समिति की बैठक में प्रशासन द्वारा दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि पंडालों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाएं। इसके अलावा पूजा के लिए पुरुष एवं महिला ब्रीकेटिंग को अलग-अलग रखें। साथ ही किसी भी प्रकार के कोई भी



भड़काऊ गाने इत्यादि बजाने पर प्रतिबंध रखने की बात कही गई है। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी चुरचू शशि भूषण सिंह,पुलिस निरीक्षक चुरचू अंचल, चरही थाना प्रभारी विक्रम कुमार , चुरचू प्रमुख निरंजन प्रकाश नायक, पंचायत समिति आशा देवी,निरंजन महतो, मुखिया देवलाल कुमार, आदि थे ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सेंसोडाइन ने विश्व डेंटिस्ट्स दिवस पर डेंटिस्ट्स को सम्मानित किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेंसोडाइन, हेलीऑन (तत्कालीन ग्लैक्सोस्मिथक्लाईन कंज्यूमर हेल्थकेयर) के प्रमुख ओरल केयर ब्रांड ने 03 अक्टूबर को मनाए जाने वाले विश्व डेंटिस्ट्स दिवस पर मरीजों के अच्छे ओरल हेल्थ को सुनिश्चित करने में डेंटिस्ट्स की भूमिका को पहचानने एवं सराहने के लिए इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) के साथ साझेदारी की है। इन ओरल हेल्थ विशेषज्ञों की भूमिका को सम्मानित करने के लिए, सेंसोडाइन और आईडीए ने यह ऐसा पहला मंच बनाया है जिसमें डेन्टिस्ट्री के नवींतम साइंस पर चर्चा की जाएगी जो मरीजों को बेहतर ट्रीटमेंट देने की दिशा में काम करेगी। इस मंच पर डेंटिस्ट्री में वरिष्ठ डेंटिस्टस को उनके बेहतरीन योगदान के लिए सम्मानित किया जायेगा। इस पहल के एक हिस्से के रूप में, अलग-अलग शहरों में कई सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। प्रतिभागियों ने प्रमुख ओरल हेल्थ के मुद्दे, सक्रिय स्वास्थ्य देखभाल की ज़रूरत और उनके द्वारा संभाली गई कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण स्थितियों पर चर्चा की। इससे उन्हें सार्वजनिक मुद्दों और नए समाधानों का पता लगाने में मदद मिली। झारखंड के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डी. के.भगत को दंत चिकित्सा में उनके विशेष योगदान के लिए इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। डॉ. भगत 2005 में झारखंड में इम्प्लांटोलॉजी की स्थापना करने वाले पहले दंत चिकित्सक थे और प्रत्यारोपण और उन्नत शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं में विशेषज्ञ थे। इस साझेदारी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, अनुरिता चोपड़ा, हेड ऑफ़ मार्केटिंग, इंडिया सबकॉन्टिनेंट, हेलीऑन ने कहा, ÷हमारा मुंह हमारे पूरे शरीर का प्रवेश द्वार है, जो ओरल हेल्थ को हमारी ओवरॉल हेल्थ के लिए महत्वपूर्ण बनाता है।

## आईडीबीआई बैंक ने 125+ शाखाओं में रिटेल लोन फ़ेस्ट शुरू किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** त्योहारों के सीज़न की शुरुआत करते हुए आईडीबीआई बैंक ने 16 और 17 अक्टूबर, 2023 को 'रिटेल लोन फेस्ट' पेश किया है। 'बैंक ऐसा दोस्त जैसा' की अपनी अवधारणा का विस्तार करते हुए इस लोन फेस्ट में बैंक का 'ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण' और आवास ऋण, ऑटो ऋण, शिक्षा ऋण, संपत्ति पर ऋण, व्यक्तिगत ऋण एवं सिक्योरिटीज़ पर ऋण सहित रिटेल लोंस की विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन होगा। ÷रिटेल लोन फेस्ट÷ हर भारतीय परिवार के दिल में उतर जाएगा और उन्हें त्योहारों के जश्न के माहौल में शुभ महत्व वाले जीवनशैली के निर्णय लेने में समर्थ बनाएगा।बैंक का यह ÷रिटेल लोन फेस्ट' 125+ चुनिंदा शाखाओं पर चलाया जायेगा, जो भारत के 22 राज्यों में 81 जिलों और 88 केंद्रों कवर करेगा।आईडीबीआई बैंक के डीएमडी सुरेश खटनहार ने कहा, रिटेल लोन फेस्ट त्योहारों के सीजन में ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उत्पादों के विस्तृत संग्रह के साथ उन तक पहुँचने का आईडीबीआई बैंक का एक प्रयास है। त्योहारों के दौरान तीव्र प्रोसेसिंग के साथ कस्टमाइज़्ड फ़ीचर्स और आकर्षक शर्तें ग्राहकों को एक आनंददायक अनुभव प्रदान करेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय साइंस सेमिनार नेपाल से लौटे डॉ. उपाध्याय

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ जंतुशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार उपाध्याय नेपाल के काठमांडू में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साइंस सेमिनार भाग लेने के बाद लौटे। ज्ञात हो कि अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में नेपाल एक्वाकल्चर सोसाइटी के द्वारा साइंस,सोसाइटी एंड कल्चर विषय पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार काठमांडू में आयोजित किया गया था। जिसमें शोध और उसका परिणाम को प्रस्तुति करने के लिए डॉ उपाध्याय को भी आमंत्रण दी गई थी। डॉ राजेश कुमार उपाध्याय ने ट्रांसफॉर्मिंग पूवर्टी टू प्रोस्प्रिटी थ्रू संस्टेनेबल कल्चर एंड ग्रीन ग्रोथ विषय पर अपनी अनुसंधान और उसके परिणाम को प्रस्तुत किया जिसकी खूब प्रशंसा हुई। इस सफल प्रशंसनीय और ऐतिहासिक प्रस्तुति से लौटने के बाद डॉ उपाध्याय को बधाई देने का सिलसिला जारी है। बधाई देने वालों में रामगढ़ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रेखा प्रसाद, महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सरिता सिंह, डॉ रणविजय सिंह देव, डॉ रत्ना पांडेय, डॉ सतीश सिंह, डॉ सतीश कुमार, डॉ बख्शी ओम प्रकाश, डॉ शाहनवाज खान, अजीता किंडो, कुंवर महतो, विजय कुमार आदि शामिल हैं।

## एनएच 33 रामगढ़ पटेल चौक ओवर ब्रिज में एक कार में लगी आग, कार पूरी तरह से जलकर खाक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची रामगढ़ एन एच 33 के रामगढ़ पटेल चौक ओवर ब्रिज में हजारीबाग से रांची की ओर जा रही कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई । बताया जाता है कि गाड़ी में एक आदमी सवार था जो पूरी तरह से सुरक्षित है आग लगने के बाद वह तुरंत ही गाड़ी से बाहर निकल गया। आग कैसे लगी है यह कोई भी नहीं बता पा रहा है मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंच गई है और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है।



## फिट इंडिया के तहत स्वच्छता फ्रीडम रन का आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार के फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना द्वारा स्वच्छता फ्रीडम रन का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ गांधी मेमोरियल विद्यालय रामगढ़ के छात्रों ने हिस्सा लिया। रेस की शुरुआत केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के मुख्य द्वार से शुरू हुई। जो क्षेत्र के सीसीएल कॉलोनी, थाना चौक होते हुए वापस केंद्रीय कर्मशाला के मुख्य द्वार पर समाप्त हुआ। रेस में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को सीसीएल द्वारा टी-शर्ट प्रदान किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के महाप्रबंधक रमेश कुमार शामिल हुए। मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया गया। उन्होंने सभी सीसीएल कर्मी व प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि फिट इंडिया के तहत सभी लोगों को फिट रहने की जरूरत है। हम सभी को अपने भागदौड़ की जिंदगी से कुछ समय निकालकर स्वास्थ के प्रति भी जागरूक होने की जरूरत है।



## भुरकुंडा में वन प्राणी सप्ताह 2023 का हुआ समापन

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा हुरूनगड़ा स्थित वन विभाग कार्यालय में वन प्राणी सप्ताह 2023 का समापन बड़े ही भव्य तरीके से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीतीश कुमार भा. व. से. वन प्रमंडल पदाधिकारी रामगढ़ वन प्रमंडल मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गान के साथ किया गया। पूरे सप्ताह निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाने वालों में वर्षा कुमारी कृष कुमार शिवम कुमार मिश्रा रचना कुमारी पूजा कुमारी सपना कुमारी भाग्यलक्ष्मी खुशबू कुमारी शिवम कुमार मेहता साधना कुमारी कविता कुमारी रिचा कुमारी सोनी कुमारी प्रियंका कुमारी रक्षा कुमारी खुशी कुमारी करण कुमार गोस्वामी परवीन अलका कुमारी सुभांसी कुमारी अनिशा कुमारी शानू कुमार कुमकुम भारती पलक प्रिया इशिता शेखर दामोदर कुमार बहादुर कुमार अदिति सूफी टोप्पो जीविका रानी रुद्र कुमार एवं श्रेयाश्री रहे। इस कार्यक्रम में वन के पदाधिकारी व कर्मियों में अखिलेश कुमार चौधरी वन क्षेत्र पदाधिकारी पतरातू प्रक्षेत्र संतोष कुमार शर्मा प्रभारी वनपाल पतरातू संतोष कुमार टोप्पो प्रभारी वनपाल भुरकुंडा बृजेश पांडा वनरक्षक दिलीप कुमार वनरक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह वनरक्षक उत्तम कुमार वनरक्षक अनिल कुमार वनरक्षक के एवं लगनूराम तथा शंकर राम ने अपनी अहम योगदान देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।



# दुर्गापूजा को लेकर गिद्दी थाना में शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गिद्दी :** शारदीय नवरात्र और दुर्गापूजा को लेकर गिद्दी थाना में शांति समिती की बैठक की गई अध्यक्षता वीडियो निशांत अंबर ने किया और संचालन थाना प्रभारी सुधीर प्रसाद साहू ने किया बैठक में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित रहे इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी हाल में डीजे नहीं बजाना है अगर डीजे बजा तो उसे पर एफआईआर होगा दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण और सफल आयोजन को लेकर जारी सरकारी गाइडलाइन की जानकारी देते हुए कहा कि प्रखंड के सभी पूजा पंडालों पर ही दुर्गा पूजा का आयोजन की अनुमति दी जाएगी आयोजक कमेटी पूजा को सफल और शांति पूर्ण तरीके से मनाएं अपने अपने पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाएं और उसके संचालन के लिए अलग से जेनरेटर की व्यवस्था करें पूजा पंडालों में अग्निशमन यंत्र की सुविधा, भीड़ नियंत्रण के लिए महिला पुरुष के लिए अलग अलग बैरिकेटिंग, मेले के दौरान पूजा पंडालों पर पर्याप्त वोलेंटियर की व्यवस्था ड्रेस कोड के साथ हो, यह भी सुनिश्चित दौरान बच्चों के पॉकेट में मोबाइल नंबर और नाम पता लिखा चिट्ठा डालें ताकि बच्चों के खो जाने उसे ढूंढने में परेशानी न हो।

# राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता 2023 समारोहपूर्वक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** भारत विकास परिषद् की राजा राममोहन राय शाखा , रामगढ़ के तत्वावधान में बरकाकाना स्टेशन रोड स्थित रिक्रिएशन क्लब में राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ हुआ। यद्यपि तेरह विद्यालयों से प्रतियोगिता के संबंध में सहमति मिली थी , किंतु शिष्टाचारों के उपरांत छह विद्यालयों को प्रतियोगिता में सम्मिलित किया गया था।सर्वप्रथम संयोजक सह मीडिया प्रभारी राज़ रामगढी के द्वारा मंगलाचरण एवं दीप वंदना की गई तथा शाखा अध्यक्ष नीरज पाठक के द्वारा स्वागत भाषण के पश्चात सामुहिक रूप से मां भारती की वंदना सम्पन्न हुई। क्रमानुसार आयोजन के मुख्य संचालक राज़ रामगढी के द्वारा प्रतिभागियों को आमंत्रित किया जाने लगा। सभी प्रतिभागियों ने बड़ी ही लगन और उत्साह से अपनी प्रस्तुतियां दी। प्रतिस्पर्धा जबरदस्त थी , किंतु निर्णायकों की विवशता केवल प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय के चयन की थी। प्रस्तुतियों में एक गीत हिन्दी तत्पश्चात एक गीत संस्कृत में प्रस्तुत करने की अनिवार्यता थी। सभी समूहों का प्रदर्शन प्रशंसनीय था ,यही कारण रहा कि निर्णायकों को मन मारकर निर्णय लेना पड़ा। प्रतियोगिता में जिन विद्यालयों के समूहों ने भाग लिया , परिणाम की घोषणा के अनुसार प्रथम स्थान एला एंगलाइज स्कूल , भुरकुंडा , द्वितीय डी ए वी पब्लिक स्कूल , बरकाकाना , तृतीय एस वी डी स्कूल , बरकाकाना , चतुर्थ स्थान आर्य समाज बाल उच्च विद्यालय , घुटूवा , पंचम स्थान सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , पतरातु तथा छठा स्थान शिशु ज्ञान मंदिर , पारसोतिया, रामगढ़ को प्राप्त हुआ। आगत अतिथियों के द्वारा तीन विद्यालय के समूहों को प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय के रूप में विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।आयोजन में मुख्य अतिथि रौशनलाल चौधरी , विशिष्ट अतिथियों में भा.वि.प. के प्रांतीय पदाधिकारी जी पी सिंह , जी एन सिंह , जी के शर्मा , एच आर सिंह , रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति के धनंजय कुमार पुटूस के विशेष सम्मान के अतिरिक्त आगत सम्माननीय अतिथियों में श्रुति गौरव , कमलाकांत पाठक , शक्ति सिंह , हरिरत्नम , छठीलाल प्रसाद , अभिमन्यु अग्रवाल , सुमन शाह ,आदि थे ।

## भीम आर्मी भारत एकता मिशन झारखंड की हुई समीक्षा बैठक संपन्न

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय विनय रतन सिंह जी की गरिमामई अपस्थिति में शुक्रवार को सम्पूर्ण झारखण्ड प्रदेश की समिक्षा बैठक सफलता पूर्वक राँची के गॉसनर हॉल मे सम्पन हुई। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश का नेतृत्व झा प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज जी के द्वारा पूरे झारखंड में लगातार जारी है झारखंड के 24 जिलों में चल रही संगठन सभी जिलों से आए हुए जिला अध्यक्षों ने अपनी-अपनी जिला की रिपोर्ट शॉपिं। जिसमें रामगढ़ जिला के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार के नेतृत्व में रामगढ़ से दर्जनों जिला पदाधिकारी व प्रखंड अध्यक्ष के साथ बैठक में शामिल हुए। अध्यक्ष संदीप कुमार ने बताया की रामगढ़ जिला में 6 प्रखंड और एक नगर है जिसमे 4 प्रखंडों में भीम आर्मी की कमिटी गठन हो चुकी है साथ ही साथ रामगढ़ नगर कमेटी का भी गठन किया गया है। बाकी 2 प्रखंड में प्रखंड प्रभारी नियुक्त किए गए है जल्द इस प्रखंड का गठन कर दिया जायेगा। इस कार्य को देखते हुए भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय विनय रतन सिंह ने कहा की रामगढ़ की धरती में जल्द आऊंगा। रामगढ़ की टीम तैयारी में जुट जाए। मौके पर झा0 प्रदेश वरिय उपाध्यक्ष महेंद्र दास जिला के पदाधिकारी जिला सचिव संजय लाल विश्वकर्मा जिला वरिया उपाध्यक्ष धनेश्वर राम, जिला उपाध्यक्ष चरित्र राम, जिला उपाध्यक्ष संतोष रविदास, जिला मीडिया प्रभारी आनंद राम, मीडिया प्रभारी जयलाल रविदास, जिला सक्रिय कार्यकर्ता करण कुमार नगर अध्यक्ष सोनू नायक, नगर मिडिया प्रभारी बिट्टू यादव, गोला प्रखंड उपाध्यक्ष सैफुला अंसारी, संगठन सचिव फैज अंसारी आदि कई लोग उपस्थित थे।



**Government of Jharkhand**
**Directorate Of Food And Consumer Affairs, Jharkhand,**
**Third Floor, JSFC Bhawan, Kadru Ranchi**

**Letter No- 1727** **Date- 13-10-2023**
**Tender Ref No:Kha.Up.Ni.-01-Sugar-1/2023-1606** **Dated – 26-09-2023**

**Corrigendum Notice**

With reference to Gem Bid Number - GEM/2023/B/3998692 Dated : 22/09/2023 and PR NO. 307733 dated:-26-09-2023 **and** PR NO. 308725 dated: 09-10-2023 under Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand Regarding " Selection Of Bidder For Supply Of Free Flow white crystal Sugar (As Per FSSAI Norms) For 2nd Quarter (July 2023 To September 2023) Of Financial Year 2023-24 By e-Tender Through E-Bid Followed By Reverse Auction on GeM Platform.
Bid End Date/Time Amended as 16-10-2023 on 6.00 pm **to 26-10-2023 on 6.00 pm**

However, the prospective bidder are advised to regularly keep visiting and checking the website http://jharkhand.gov.in/food **&** GeM **Portal** for any further forthcoming information/ notice(s) / developments /amendment(s)/Clarification(s) regarding the subject Tender.

Sd/-
Director
Directorate of Food & Consumer, Affair's

PR 309077 Directorate of Food and Consumer Affairs(23-24).D

**जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा**

गढ़वा जिला के प्रत्येक पंचायत में ममता वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित निबंधन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव के माध्यम से मातृत्व एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए सभी गर्भवती महिलाओं एवं एक वर्ष तक के बीमार शिशुओं को निःशुल्क परिवहन की सुविधा उपलब्ध करायी जानी है। इस क्रम में राज्य की प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक ममता वाहन को उपलब्ध कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

तदनुसार जिले की प्रत्येक पंचायत, जिनकी विवरणी www.garhwa.nic.inपर देखी जा सकती है, में ममता वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित निबंधन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है।
राज्य में ममता वाहन संचालन की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने के लिए निम्नांकित व्यवस्थाएँ गई है:–

**प्रशिक्षण:–**
सभी ममता वाहन चालकों को प्राथमिक उपचार तथा वेसिक लाइफ सपोर्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**भुगतान की प्रक्रिया:–**
ममता वाहन के इस्तेमाल के उपरान्त ऑनलाईन/डी0बी0टी0 के माध्यम से तुरन्त भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

ममता वाहन हेतु ऑनलाईन पंजीकरण प्रक्रिया
गूगल प्ले स्टोर से ममता वाहन ड्राइवर ऐप्लिकेशन को अपने Android फोन में इंस्टॉल करें, एप्लिकेशन को इंस्टॉल कर के आपेन करने पर ममता वाहन रजिस्ट्रेशन के लिए एक फॉर्म दिखेगा। इसमें अपनी जानकारी, जैसे अपना नाम तथा कुछ अन्य जानकारी, वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर, ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी जानकारी अपलोड करें, रजिस्ट्रेशन के लिए फॉर्म को सबमिट करें। आपका फॉर्म स्वीकृत/अस्वीकृत हो जाएगा।

**यहाँ सम्पर्क करें**
अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा/ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (मो. नंबर.......) से संपर्क करें। जिला स्तरीय कॉल सेन्टर नंबर 7367986005 पर कॉल के द्वारा।

ममता वाहन की सुविधा प्राप्त करने के लिए 104 कॉल सेन्टर पर कॉल कर सकते है।

ममता वाहन आवेदन करने की अंतिम तिथि
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2023 तक।

ह/0
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO. 309039 Health Med Edu and Family Welfare(23-24):D

# बेहतर शिक्षा के प्रति सभी समर्पित और जागरूक बनें : बंधु तिर्की

**इटकी में झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय के नये भवन के उद्घाटन पर विधायक की सभी से आपसी सामंजस्य की अपील**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि बेहतर शिक्षा के प्रति सभी को पूरी तरह से समर्पित और जागरूक बनकर काम करना चाहिये. तिर्की ने कहा कि बेहतर शिक्षा के आधारभूत ढांचे के कारण केवल परिवार या गाँव नहीं बल्कि पूरे समाज का उत्थान होता है। आज इटकी में झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय के नये भवन का उद्घाटन करने के बाद आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि इटकी में विद्यालय भवन के अभाव में छात्राओं को नामकुम में रहकर पढ़ाई करनी पड़ रही थी लेकिन अब इटकी में भवन निर्माण के बाद छात्राओं को बहुत अधिक सुविधा होगी. श्री तिर्की ने कहा कि दुनिया के अधिकांश लोगों की मान्यता है कि अभाव, संकट और गरीबी में पढ़ाई-लिखाई में बाधा आती है परन्तु सच तो यही है कि उन परेशानियों से जूझकर जिसने सफलता पूर्वक पढ़ाई कर ली उसी ने इतिहास में अपना नाम लिखा है.इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बेहतर शिक्षा के लिये आपसी सहयोग बहुत जरूरी है. सभी से आपसी सामंजस्य की अपील करते हुए श्रीमती तिर्की ने कहा कि किसी छात्र या छात्रा की बेहतर शिक्षा केवल शिक्षकों-शिक्षिकाओं की नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार, गाँव और समाज की भी जिम्मेदारी है क्योंकि एक शिक्षित व्यक्ति पूरे समाज की शक्ति एवं सामर्थ्य का आधार बनता है.आज के समारोह के बाद श्री तिर्की और विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विद्यालय की वार्डेन पुनाम गुड़ीया, प्रखण्ड अध्यक्ष रमेश महली, राजेन किस्पोट्टा, बलराम गोप, अजय के साथ ही इटकी के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ बैठक में भाग लिया।

## विधायक प्रतिनिधि ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया

**तमाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला के तमाड प्रखंड अंतर्गत मल्हान भुइयाडीह के नवागढ़ में ट्रांसफॉर्मर का उद्धघाटन विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो और ग्रामीणों की उपस्थिति में विधिवत फीता काट कर किया गया। बताते चले की कुछ दिनों पूर्व ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा को लिखित आवेदन ट्रांसफॉर्मर खराब होने की दी गई थी। तमाड़ विधायक के द्वारा त्वरित पहल करते हुए 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध करा दिया।ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर के जल जाने से लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। सबसे ज्यादा दिक्कत छात्रों को पढ़ाई में हो रही थी। ट्रांसफॉर्मर लग जाने से ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया हैं। विधायक प्रतिनिधी ऋषिकेश महतो ने कहा की हमेशा से विधायक प्रयास रहा है। कि कोई भी गांव अंधेरे में ना रहे। ट्रांसफॉर्मर जल जाने की सूचना जल्द विधायक को दे ताकि समय पर ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर रंजित सेठ सुखदेव महतो समीर कुमार प्रताप सिंह मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## अयोग्य राशन कार्डधारियों के विरुद्ध चलाया गया जांच अभियान

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो के द्वारा मंगलवार को अयोग्य राशन कार्ड धारीयों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया।जांच अभियान के दौरान कार्ड धारी संगीत देवी, फेकन साव, फगनी देवी, सीता देवी एवं सुनीता देवी राशन कार्ड अहर्ता के अनुरूप अयोग्य पाए गए। जिसके उपरांत सभी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए राशन लिए जाने की तिथि से भू-राजस्व के बकाए के सदृश्य बाजार दर पर 12त्न व्याज के साथ जुर्माना वसूलने की कार्यवाही की जा रही है। उपायुक्त के निर्देश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान उपरोक्त कुल 5 लोगों से कुल 49 हज़ार 894 रुपए की ब्याज राशि सहित 4 लाख 65 हज़ार 677 रुपए की राशि वसूल की जाएगी।उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने प्रखंड/नगर निकाय, पंचायत/शहरी वार्ड एवं जन वितरण प्रणाली दुकान स्तर पर गठित सतर्कता समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित करने का निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रीमती रंजीता टोप्पो को दिया है। उक्त सतर्कता समितियां राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के किसी उपबंध के उल्लंघन के संबंध में तथा किसी अनाचार या निधियों के दुर्विनियोग के संबंध में जिला शिकायत निवारण अधिकारी को लिखित में सूचित करेंगे।

**कार्यालयः–जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार।**
**Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: drhslatehar3@gmail.com.**

राज्य योजना अन्तर्गत झाखण्ड राज्य के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) बाहुल्य ग्रामों के निवासियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करानें के निमित "चलन्त ग्राम क्लीनीक" के संचालन–प्रबंधन हेतु अनुबंध आधारित बैकलॉग रिक्ति के विरूद्ध चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन।
विज्ञापन सं0–04/2023(DHS)

झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों के आदिम जनजाति समुदाय (PVTG) जो सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं, इन आदिम जनजाति समुदाय के परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध करानें हेतु आदिम जनजाति समुदाय बाहुल्य आबादी वाले समस्त ग्रामों एवं जिलों में आवासित लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करानें के लिए "चलन्त ग्राम क्लीनिक" स्थापित कर संचालित किये जानें की योजना की स्वीकृति विभागीय स्तर से प्रदत्त है। इस क्रम में लातेहार जिले के लिए कुल 02 (दो)"चलन्त ग्राम क्लीनक" के संचालन की स्वीकृति प्राप्त है।

उपरोक्त आलोक में लातेहार जिला अन्तर्गत "चलन्त ग्राम क्लीनक" के संचालन–प्रबंधन हेतु स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड के अधीन नीचे अंकित जिला स्तरीय अनुबंध आधारित रिक्त (बैकलॉग) पदों पर Walk in Interview के आधार पर चयन/नियुक्ति हेतु निम्नवत् रूप से विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है:–

01. "चलन्त ग्राम क्लीनक" योजना के तहत लातेहार जिले के अंतर्गत 02 (दो) "चलन्त ग्राम क्लीनक" के संचालन–प्रबंधन हेतु बैकलॉग रिक्तयों/मासिक परिलब्धि/शैक्षणिक योग्यता आदि का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 | पद का नाम | संख्या | | | कुल | अनुमानित मासिक परिलब्धि | शैक्षणिक योग्यता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | ST | SC | | | | |
| 01 | आयुष चिकित्क | 00 | 01 | 0 | 01 | 21000.00 | Bachelor in Ayurved/ Homoeopath/ Unani with working knowledge of Computer | Walk in Interview के अधार पर |

नोट:–
- इच्छुक अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु दिनांक–31.10.2023 को सिविल सर्जन कार्यालय, लातेहार के कार्यालय वेश्म में अपनें सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/अनुभव/पहचान पत्रों की मूल एवं छाया प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।
- उपरोक्त विज्ञापन संबंधी विस्तृत जानकारी, शर्ते, अर्हता आदि का अवलोकन लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट http://latehar.nic.in पर की जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी
लातेहार।

PR 309038 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

**कार्यालय :– असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।**
चतरा जिला के प्रत्येक पंचायत में ममता वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित्त निबंधन हेतु

आवेदन आमंत्रण सूचना

झारखण्ड राज्य के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव के माध्यम से मातृत्व एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य को दृश्टिगत रखते हुए सभी गर्भवती महिलाओं एवं एक वर्श तक के बीमार शिशुओं को निःशुल्क परिवहन की सुविधा उपलब्ध करायी जानी है। इस क्रम में राज्य की प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक ममता वाहन को उपलब्ध कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

तदनुसार जिले की प्रत्येक पंचायत, जिनकी विवरणी www.chatra.nic.in पर देखी जा सकती है, में ममता वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित्त निबंधन हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

राज्य में ममता वाहन संचालन की प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने के लिए निम्नांकित व्यवस्थाएँ, गई है:–

प्रशिक्षण :–
सभी ममता वाहन चालकों को प्राथमिक उपचार तथा बेसिक लाईफ सपोर्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

भुगतान की प्रक्रिया :–
ममता वाहन के इस्तेमाल के उपरान्त ऑनलाईन/डी0बी0टी0 के माध्यम से तुरंत भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

ममता वाहन हेतु ऑनलाईन पंजीकरण प्रक्रिया
गूगल प्ले स्टोर से ममता वाहन ड्राइवर ऐप्लिकेशन को अपने Android फोन में इंस्टॉल करें, ऐप्लिकेशन को इंस्टॉल कर के ओपन करने पर ममता वाहन रजिस्ट्रेशन के लिए एक फॉर्म दिखेगा। इसमें अपनी जानकारी, जैसे अपना नाम तथा कुछ अन्य जानकारी, वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर, ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी जानकारी अपलोड करें, रजिस्ट्रेशन के लिए फॉर्म को सबमिट करें। आपका फॉर्म स्वीकृत/अस्वीकृत हो जाएगा।

यहाँ संपर्क करें
अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के सिविल सर्जन, कार्यालय चतरा/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करें। जिला स्तरीय कॉल सेंटर नंबर 8083569994,7050779157 पर कॉल के द्वारा।

ममता वाहन की सुविधा प्राप्त करने के लिए, 104 कॉल सेंटर पर कॉल कर सकते है।
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 तक।
जिला स्वास्थ्य समिति चतरा

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

PR 309027 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D

## एसएमएस परिवार ने मनाई सरस्वती देवी की 15वीं पुण्यतिथि



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एसएमएस परिवार, बारामुडी के प्रमुख शंकर दयाल सिंह एवं दिन दयाल सिंह की स्व माता सरस्वती देवी की 15वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं नमन कर एवं साथ ही आश्रम में पुत्री प्रज्ञा दयाल सिंह का 12वां जन्मदिन लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम के बुजुर्गो संग मनाया। इस अवसर पर बुजुर्गो को स्वादिष्ट खाना खिलाया गया और रोजमर्रा की सामग्री प्रदान की गई। आश्रम के बुजुर्गो ने सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं अपना आशीर्वाद दिया। इस मौके पर आश्रम के अध्यक्ष मो नौशाद गद्दी, धर्मनाथ दुबे, रामकुमार शर्मा, संजय गुप्ता, शिव कुमार सिंह, हरेंद्र शाही, अभिजीत तिवारी, जीवन कुमार सिंह, सूरज दयाल सिंह, पवन कुमार, अंकित शाही, वीरू सिंह, जुगल ठाकुर एवं परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## दत्तोपंत ठेंगड़ी की 19वीं पुण्यतिथि समरसता दिवस के रूप में मनाई जाएगी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महाराष्ट्र प्रदेश के अंतर्गत वर्धा जिले के



आर्वी गांव मे 10 नवंबर 1920 को जन्मे भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक श्रधेय दत्तोपंत ठेंगड़ी की पुण्यतिथि पुरे भारतवर्ष में 14 अक्टूबर 2023 को निर्वाण एवं सामाजिक समरसता दिवस के रुप में मनाई जाएगी। श्रधेय दत्तोपंत ठेंगड़ी 23 जुलाई 1955 को भारतीय मजदूर संघ की स्थापना की थी। श्रधेय ठेंगड़ी लगभग 50 वर्षो तक राष्ट्रीय सेवक संघ के प्रचारक भी रहे। वे हिंदी, अंग्रेजी, मराठी भाषा के ज्ञाता एवं महान लेखक भी थे। उन्होंने 100 से अधिक पुस्तक संपादिकीय रचनाएं की। धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री रामधारी ने बताया कि श्रधेय दत्तोपंत ठेंगड़ी की 19वीं पुण्यतिथि पर संघ के क्षेत्रों, शाखाओ के सभी यूनियन कार्यालय में समरसता दिवस के रूप मे मनाई जाएगी।

## शांति समिति की बैठक संपन्न



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया थाना परिसर मे शांती समिति की बैठक सरिया अंचल अधिकारी संतोष कुमार की अध्यक्षता मे आयोजित की गई जिसमे सभी पूजा समिति व मुखिया के साथ पूजा के दौरान वहाँ होने वाली समस्याओ से अवगत हुवे साथ सरकार के द्वारा दीये गये दिशा निर्देश को सभी पूजा समिति को पालन करने की अपील की, सभी पूजा पंडाल मे सीसीटीवी लगाने का भी निर्देश दिया है, किसी भी प्रकार की घटना होने पर प्रशासन को सुचना देने व अफवाह फैलाने पर सख्ती से निपटने की बात कही गई है मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष मुरली मंडल, झामुमो नेता त्रिभुवन मंडल, सांसद प्रतिनिधि मनोज महतो, मुखिया हेमलाल महतो, मुखिया धानेश्वर साव, पंकज महतो, बिनोद यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## आजसू छात्र संघ जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में नए प्राचार्य को सौंपा गया ज्ञापन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को गिरिडीह आजसू छात्र संघ जिला ईकाई का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष अमित यादव के नेतृत्व में गिरिडीह कॉलेज के प्राचार्य डॉ अनुज कुमार से मिलकर उन्हें गिरिडीह कॉलेज के नए प्राचार्य बनाए जाने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। वही आजसू छात्र संघ अध्यक्ष ने बताया की आजसू छात्र संघ हर समय छात्रों के हित के लिए हमेशा से प्रयासरत रहती है। वही कॉलेज प्रमुख समस्यायो को बताते हुवे एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे निम्नलिखित मांग को रखा गया।

# 20 हजार घूस लेते हुए लिपिक को एसीबी की टीम ने किया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** शुक्रवार को नया समाहरणालय स्थित पपरवाटांड में गिरिडीह जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के क्लर्क मिथिलेश कुमार गौतम को धनबाद एसीबी की टीम ने 20 हजार घूस लेते रंगे हाथ दबोचा लिया. वही धनबाद एसीबी के थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने यह कार्रवाई की. बताया गया कि क्लर्क मिथिलेश कुमार गौतम ने गांडेय के स्कूल से रिटायर्ड टीचर अजय कुमार सिंह से उनके सेवानिवृति के पावना के भुगतान के नाम पर 20 हजार रूपए की मांग की थी. कहा जा रहा है कि अजय कुमार सिंह के भुगतान को लेकर पहले से कुछ जांच हो रही थी. जांच पूरी होने के बाद डीएसई विनय कुमार ने रिटायर्ड टीचर को भरोसा दिया था कि उनके पावना का भुगतान जल्द कर दिया जाएगा वहीं दूसरी तरफ रिटायर्ड टीचर से भुगतान को लेकर क्लर्क मिथिलेश कुमार गौतम ने 20 हजार रूपए की मांग की. जिसे देने के लिए शिक्षक तैयार हो गया. ही नही आरोपी ने गुरुवार को रिटायर्ड टीचर के पावना भुगतान को लेकर कुछ दस्तावेज पर डीएसई विनय कुमार से साइन भी कराया था। इसकी पुष्टि खुद डीएसई ने किया है। वही दूसरी शुक्रवार को धनबाद एसीबी की टीम गिरिडीह डीएसई कार्यलाय पहुंच कर आरोपी क्लर्क को रिटायर्ड टीचर से 20 हजार लेते रंगेहाथ दबोचा।

## अपर समाहर्ता ने सुनी लोगों की शिकायतें



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले, प्रमाण पत्र निर्गत करने, राशन कटौती, बीपीएल कोटा में बच्चों के एडमिशन, काम कराकर वेतन नही देने के मामले,रास्ता रोकने के मामले, सीआरपी चयन से संबंधित मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

## खनन माफियाओं द्वारा सरकारी जमीन की मिट्टी की बिक्री धड़ल्ले से जारी

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र के जेलगोड़ा कब्रिस्तान के समीप से विभागीय उदासीनता के कारण खनन माफियाओं द्वारा बीसीसीएल और सरकार की जमीन का मिट्टी काट कर धड़ल्ले से बिक्री किया जा रहा है। खनन माफियाओं की दबंगई इस कदर है कि रात के अंधेरे की बात तो दूर, दिन के उजाले में बेखौफ होकर जेसीबी लगाकर मिट्टी काटकर बिक्री कर रहे हैं। यहाँ पर छह ट्रैक्टर ढुलाई और दो जेसीबी मशीन से मिट्टी की कटाई चल रहा है। जोड़ापोखर थाना के पास बिल्डिंग की भराई सहित दर्जनों निर्माणधीन मकान में मिट्टी से भराई किया जाता है। कुछ दबंग लोग पुलिस की मिली भगत से मिट्टी कटाई कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसकी शिकायत बरारी कोलियरी प्रबंधक सहित सीआईएसएफ जेलगोड़ा यूनिट को सूचनाएं दी गई है।

## आंगनवाडी केन्द्र खोलने को लेकर पंसस निखत प्रवीण ने सीडीपीओ को दिया आवेदन



**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर प्रखंड के अंतर्गत बेको पश्चिम पंचायत के पिंडरा कोचा में ऑगनवाडी केन्द्र नही रहने से उस क्षेत्र के लोगों को सरकार की कई जन कल्याणकारी योजनाओ के लाभ से वंचित है इसे लेकर पंचायत समिति सदस्या निखत प्रवीण ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सीडीपीओ को आवेदन देकर केन्द्र खोलने की मांग की है साथ ही बगोदर प्रमुख आशा राज व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवेदन का प्रतिलिपि आवेदन देकर आँगनवाडी केन्द्र को ले खोलने का आग्रा किया है। वहीं अपने आवेदन के माध्यम से कहा है की बेको पश्चिमी पंचायत के पिंडरा कोचा में एक हजार की जनसंख्या है लेकिन एक भी ऑगनवाडी केन्द्र नही है। जिससे क्षेत्र के लोगों को शिक्षा सहित अन्य कई सुविधा से वहाँ के बच्चे किशोरी गर्भवति महिलाएं धात्रि महिलाएं लाभ से वंचित है । उस क्षेत्र में आँगनवाडी केन्द्र खुलने से वहाँ छोटे छोटे बच्चे व गर्भवति महिलाएं सहित गरीब परिवारों को लाभ मिलेगा ।

# खेल मंत्री हफीजुल हसन से खिलाड़ियों को सुविधा देने की मांग की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** विगत एक दिन पूर्व गुरुवार को रांची में झारखंड मुक्ति मोर्चा के धनबाद जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ने झारखंड झामुमो के खेल मंत्री हफीजुल हसन से मंत्री आवास रांची में मिलकर आगामी राजनीतिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया। मंत्री हफीजुल हसन ने आश्वासन दिया कि हम हरसंभव अपने कार्यकर्ताओं के लिए तातपर्य रहेंगे। मुकेश सिंह ने धनबाद के जिले के कई गंभीर और ज्वलन्त मुद्दों पर चर्चा की, ताकि जिले के कई खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफार्म मिल सके। समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने खेल मंत्री से कहा कि जिले में कई ऐसे खिलाड़ी है जो बेहतर खेलते हैं लेकिन सुविधा नहीं मिलने के कारण अपना रुख बदल लेते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई ऐसे खिलाड़ी है जो कई प्रतियोगिता में बेहतर किए हैं और पदक हासिल भी किए हैं। उच्च स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा भी लेना चाहते हैं, लेकिन सुविधा के अभाव में आगे नहीं बढ़ पाते हैं। ऐसे खिलाड़ियों को सहयोग कर उनको आगे बढ़ाने की मांग की। वहीं खेल मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि राज्य खिलाड़ियों को झारखंड सरकार की ओर से जो भी मूलभूत सुविधा मिलनी चाहिए उन्हें दी जाएगी। ताकि खिलाड़ियों का भविष्य बन सके इसके अलावा राज्य का भी नाम रोशन हो सके। मौके पर बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी, समाजसेवी पंकज सिंह आदि मौजूद थे।

## विधायक ने किया चारदिवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो एवं जिला परिषद सदस्या मीणा हेम्बम की संयुक्त उपस्थिति में टुंडी प्रखंड के टकीपुर, फतेहपुर, बांधडीह, जिया जोरी समेत आधा दर्जन प्राथमिक विद्यालयों का चारदीवारी निर्माण कार्य के लिए शिलान्यास किया गया। बताया जाता है कि टुंडी के विभिन्न विद्यालयों की चाहरदिवारी निर्माण कार्य के लिए कई वर्षो से इंतजार किया जा रहा था जिसका आज सपना पूरा हुआ और टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने करीब आधा दर्जन प्राथमिक विद्यालयों की चारदिवारी निर्माण कार्य को लेकर विभिन्न विद्यालयों में शिलान्यास कार्यक्रम किया। गौर तलब है कि यह चारदीवारी निर्माण जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा होना बताया जाता है। मौके पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो उनके निजी सचिव बसंत महतो ,जिला सांसद प्रतिनिधि राम प्रसाद महतो, जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम, टुंडी प्रमुख मालती मरांडी, दिनेश राय, टुंडी बीसअध्यक्ष इंद्रलाल बास्की, मनियाडीह मुखिया प्रतिनिधि जय प्रकाश दां, झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता फूलचंद किस्कू पूर्व मुखिया रामेश्वर, उप प्रमुख प्रतिनिधि कनक, समेत सेकडों झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# शराब बंदी को लेकर महिलाओं ने निकाला आक्रोश रैली

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगबाद :** प्रखंड अंतर्गत छोटकी खरगडीहा के हरिनवाटांड गांव में शराब बंदी को लेकर महिलाओं के द्वारा आक्रोश रैली निकल गया। महिलाओं ने बताया कि इस गांव में तकरीबन प्रत्येक वर्ष दारू के नशे से लगभग 10 से 12 लोगों की मौत हो रही है। बताया कि इस गांव में लगभग घरों में अवैध महुवा दारू का उत्पादन किया जाता है। रैली में शामिल महिलाओ ने आवेदन देकर प्रशासन से भी अपील किया और रैली के माध्यम से लोगों को शराब बंदी की चेतावनी दी गई। झारखंड में अब नहीं चलेगी दारू का पूरे जैसे नरो के साथ गांव भर्मण के दौरान कई पुरुषो का भी सहयोग रहा। शराब की बात करे तो आज शराब की वजह से सड़क दुर्घटना , गंभीर बीमारी, पारिवारिक उलझन जैसे कई तरह की समस्या देखने मिलता है। कई बार शराब के नशे में वाहन चलाते वक्त



दुर्घटना का शिकार होकर लोग अपनी जान तक गवा देते है। उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के लिए छापामारी भी किया जाता है लेकिन फिर भी सभी चौक चौराहे पर आसानी से महुवा शराब उपलब्ध है। वही रैली में शामिल महिलाओ ने कड़ा सन्देश देते हुवे कही की जो शराब पियेगा उसका झाड़ू और डंडे से स्वागत किया जायेगा।

# ऑल इंडिया सेन्ट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन का तीसरा धनबाद जिला सम्मेलन संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** ऑल इंडिया सेन्ट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन (एक्टू) का तीसरा धनबाद जिला सम्मेलन कॉ0 अरुण सिंह मंच, कॉ0 रामेश्वर रविदास सभागार (अतिथि गृह) जियलगोरा में गुरुवार को संपन्न हुआ। सर्वप्रथम झंडोतोलन किया गया तथा शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित की गई। शहीदों के याद में दौ मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई। सम्मेलन को पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडल कॉ0 उपेन्द्र सिंह, कॉ0 नकुलदेव सिंह, कॉ0 मनोरंजन मल्लिक, कॉ0 बलदेव वर्मा एवं कॉ0 सोमनाथ चक्रवर्ती ने संचालन किया। सम्मेलन मे मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित एक्टू के राज्य महासचिव कॉ0 शुभेंदू सेन ने उद्घघाटन किया। जिला सचिव कॉ0 कार्तिक प्रसाद ने आधार दस्तावेज प्रस्तुत किया। जिसमें 13 प्रतिनिधियों ने बहस में भाग लिया। जिसको सर्वसम्मति से प्रस्तुत दस्तावेज को पारित किया गया।

**सर्वसम्मति से 31 सदस्यीय जिला कमिटी का गठन :-** कॉ0 उपेन्द्र सिंह -अध्यक्ष, कॉ0 नकुलदेव सिंह -कार्यकारी अध्यक्ष, कॉ0 बलदेव वर्मा, मनोरंजन मल्लिक, कॉ0 सोमनाथ चक्रवर्ती- उपाध्यक्ष, कॉ0 कृष्णा सिंह- सचिव, कॉ0 काजल मंडल- संगठन सचिव, कॉ0 हरेंद्र सिंह, कॉ0 संदीप कौशल, कॉ0 अभिषेक अलख- सह-सचिव, कॉ0 कार्तिक प्रसाद- कोषाध्यक्ष चुने गए।

## खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है : मुनिया देवी




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के जमुआ प्रखंड के नवडीहा में मुनिया देवी मोस्ट चैंपियन लीग 2023 सीजन 2 बरोटांड के मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन युवा समाज सेवी मनीष कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुनिया देवी अध्यक्ष जिला परिषद गिरिडीह विशिष्ट अतिथि जमुआ के माननीय विधायक श्री केदार हाजरा, भाजपा के जिला अध्यक्ष महादेव दुबे ,जिला परिषद सदस्य संजय हाजरा ,जिप सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा, जिप सदस्य पिंकी वर्मा ,जिप सदस्य विमल सिंह ने संयुक्त रूप से विधिवत रीबन खींच कर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन काफी भव्य तरीके से किया गया जिसमें रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़ा गया। पटाखे की तड़बडड़ाह से पूरा वातावरण गुंजमान हो उठा । साथ ही राष्ट्रीय गान के साथ टूर्नामेंट का शुरुआत किया गया । आज टूर्नामेंट में सबसे पहले दो टीमों ने भाग लिया फ्रेंड्स क्लब गम्हरिया जमुआ एवं बजरंग क्लब परगोडीह के बीच मुकाबला हुआ जिसमें गम्हरिया टीम 21 रन से मैच में जीत दर्ज कर अपने पक्ष में कर लिया। अपने संबोधन में जिप अध्यक्ष श्रीमती मुनिया देवी ने कहा की खेल आज के युवावर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि खेल से ही शारीरिक मानसिक विकास के साथ नशा से मुक्त रह सकते हैं जिससे हमारा समाज स्वस्थ और सुदृढ़ होगा माननीय विधायक श्री केदार हाजरा ने कहा स्वस्थ और मजबूत समाज ही बेहतर प्रदर्शन कर सकता है इसलिए खेल हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है इसको बेहतर बनाने के लिए खेल की भावना से खेल खेला जाना चाहिए भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा खेल में प्रतिस्पर्धा होना ही चाहिए इससे खेल के प्रति जागरूकता बढ़ती है जिप सदस्य संजय हाजरा ने कहा इस टूर्नामेंट से छुपे हुए प्रतिभा का जागृत होगा ।

# रघुनाथपुर में रेल लाइन परिचालन के लिए तैयार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** दानापुर मंडल के रघुनाथपुर स्टेषन के निकट दिनांक 11.10.2023 को रात्रि 09.53 बजे आनंद विहार टर्मिनस से कामाख्या जा रही गाड़ी संख्या 12506 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के अवपथन के कारण इस रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया था । रेलवे द्वारा युद्धस्तर पर कार्य करते हुए अप एवं डाउन लाईन को रेल परिचालन हेतु फिट कर दिया गया है । आज सुबह 08.10 बजे अप लाइन को परिचालन हेतु फिट करते हुए पहली ट्रेन 13209 पटना-पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. एक्सप्रेस 10.09 बजे रधुनाथपुर पहुंची एवं 10.14 बजे यहां से पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. के लिए प्रस्थान की । इसके उपरांत 13.00 बजे डाउन लाईन को भी परिचालन हेतु फिट करते हुए डाउन लाइन से 17.12 बजे सर्वप्रथम मालगाड़ी का परिचालन किया गया।

## सरिया नगर पंचायत कार्यलय का हुआ उद्घाटन, लाखों की लागत से बनने वाली सड़क का भी किया गया शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया नगर पंचायत के चन्द्रमारनी स्टेशन रोड के डाकबंगला मे बड़की सरिया नगर पंचायत कार्यलय व लाखों की लागत से बनने वाली 6 सड़को का शिलान्यास बगोदर विधायक विनोद सिंह, एसडीओ कुंदन कुमार व सांसद प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से किया, इस दौरान विधायक विनोद सिंह ने सभा को सम्बोधित करते हुवे कहा की देर से ही सही लेकिन अब नगर पंचायत का अपना कार्यालय हो गया है जल्द ही यहाँ से नगर पंचायत के सभी कार्य संचालित होंगे, साथ ही आज 6 सडको का शिलान्यास भी हुआ है जो कही न कही नगर पंचायत के लोगो को सीधा फायदा होगा लोगो को आने जाने मे जो परेशानी हो रही थी उससे मुक्ति होगी साथ ही जल्द है नगर पंचायत के लोगो को पिने के पानी की जो समस्या है उसका भी निदान होगा, वहीं सांसद प्रतिनिधि हेमलाल मंडल ने नगर पंचायत मे जरुरत मंदो को आवास नहीं मिलने की बात कही है, मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष मुरली मंडल, माले के प्रखंड सचिव भोला मंडल, सोनू पाण्डेय, कुश कुशवाहा, जिम्मी चौरसिया राहुल मंडल, अमित मंडल,चम्पा माली, धर्मपाल महतो,पंकज मंडल, नरेश मंडल आदि लोग उपस्थित थे।

## कर्ज के बोझ से आत्महत्या करने वाली महिला के परिजनों से मिले माले नेता

### कहा, बैंकों से कर्जा लेकर भागे चंद अमीर विदेशों में मौज कर रहे, व देश के गरीब आत्महत्या को मजबूर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** आज माले नेता राजेश यादव की अगुवाई में पार्टी की एक टीम ने बेंगाबाद थाना क्षेत्र के खंडोली गांव पहुंचकर वहां बीते 9 अक्टूबर को प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों के लोन की किश्त नहीं चुका पाने से हताश होकर आत्महत्या करने वाली महिला के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए इसे एक विकट समस्या बताकर सरकार से गरीबों का सभी तरह का कर्ज माफ करने की मांग की। टीम में श्री यादव के अलावा सुलेमान मियां तथा शंभू तुरी शामिल थे। मुलाकत के बाद श्री यादव ने कहा कि, एक तरफ बैंकों का पैसा लेकर विदेश भागे चंद अमीर मौज कर रहे हैं, जो देश में हैं उनका भी कर्ज माफ कर सरकार दरियादिली दिखा रही है, लेकिन दूसरी ओर देश के गरीब लोन के बोझ तले आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से इसके लिए एकजुट होने की भी अपील करते हुए कहा कि, अमीरों का कर्ज माफ करने वाली मोदी सरकार को गरीबों का भी कर्जा माफ करना चाहिए। साथ ही, पीड़ित परिवार के लिए भरण-पोषण तथा अन्य सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग प्रशासन तथा सरकार से की। इसके लिए पीड़ित परिवार के तीन बच्चों को सरकारी आवासीय विद्यालय में नामांकन करवरकर उनका भविष्य संवारने सहित परिजनों के लिए विशेष सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि, वे इससे संबंधित एक मांग पत्र स्थानीय विधायक, स्थानीय सांसद सहित केंद्र एवं राज्य सरकार को भी भेजेंगे।

## मजदूरों के साथ गलत व्यवहार और शोषण बर्दास्त नहीं : विधायक भूषण बाड़ा

# झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन जिला कमेटी के बैनर तले नगर परिषद कार्यालय के समीप हुआ धरना प्रदर्शन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के बैनर तले नगर परिषद कार्यालय के समीप धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष दीपक लकड़ा के नेतृत्व में आयोजित धरना प्रदर्शन में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कहा कि मजदूरों के साथ गलत व्यवहार करने एवं उनके साथ शोषण करने वाले संवेदक एवं अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज भी ठेकेदार व सरकारी अफसर मजदूरों का खून चूस रहे है। मजदूरों को सरकारी दर पर लागू मजदूरी नहीं दी जाती। अब मजदूरों पर शोषण कतई बर्दाश्त नहीं होगी। कोई ठेकेदार और सरकारी अफसर ऐसे करता है तो इसकी जानकारी दे। ऐसे लोगों पर करवाई हर हाल में होगी। विधायक ने कहा कि मजदूरों संगठित होकर अपने हक व अधिकार के लिए आंदोलन करना होगा। आज असंगठित क्षेत्र के श्रमिक साथियों को एकजुट होने की आवश्यकता है क्योंकि अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन ही सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने मजदूरों को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की अपील की। ताकि आने वाला कल मजदूरों का बेटा-बेटी आईएएस, आईपीएस एवं अन्य बड़े अधिकारी बन सके। विधायक ने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार गरीबों व मजदूरों की सरकार है। मजदूर श्रम विभाग में अपना निबंधन कराएं एवं सरकारी योजना का लाभ उठाएं। उन्होंने मजदूरों को ईमानदारी के साथ काम करने की भी अपील की। विधायक ने कहा कि हमारे जिले के मजदूर भाई काफी मेहनती हैं। उनके मेहनत के दम पर सिमडेगा जिला विकास के पथ पर अग्रसर है। आप मजदूरों के बिना कोई भी क्षेत्र का विकास होना असंभव है। यानी आप दुनिया के सबसे बड़ी ताकत हैं। आपके अंदर किसी क्षेत्र के विकास को बदलने की भरपूर क्षमता है। धरना प्रदर्शन स्थानीय मजदूरों को काम दिलाने, बाहर राज्यों के मिस्त्री तथा कुलियों के शोषण से स्थानीय मजदूरों को बचाने, सरकारी कामों में स्थानीय मजदुरों को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर किया गया। *सभी मजदूर एवं गरीब के हक और अधिकार के लिए आवाज बनेंगे विधायक भूषण बाड़ा- जोसिमा खाखा* जिप सदस्?य जोसिमा खाखा ने कहा कि आज मजदूरों के हक के लिए फिर से लड़ने का वक्त आ गया है। आज जब तक हम लड़ाई नहीं लड़ेंगे। हमे अपना हक और अधिकार नहीं मिलेगा। आपका विधायक भूषण बाड़ा सभी मजदूर एवं गरीब भाई के हक और अधिकार के लिये आवाज बनेंगे। मजदूर भाईयों को हक़ और अधिकार दिलाने के लिए वे किसी भी मामले में पीछे नहीं रहेंगे। उन्?होंने कहा कि कोविड के समय बहार में फंसे मजदूरों के बैंक खाते में विधायक भूषण बाड़ा ने पैसा भेज कर मदद की थी। इसके आलावे सकुशल घर वापस लाने का भी काम सरकार और विधायक ने किया था। मौके पर विमल नायक, दुपति, सीमा कुमारी सहित भारी संख्या में मजूदर उपस्थित थे।

## जनप्रतिनिधियों ने आयोजित खेलकूद व फुटबॉल प्रतियोगिता का किया विधिवत उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** उगरा पंचायत के मिनी स्टेडियम में आयोजित 19 वीं पंचायत स्तरीय खेलकूद एवं फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा किया गया।आयोजित पंचायत स्तरीय खेल कूद एवं फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुखिया बसंती देवी पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातून एवं आयोजन कमिटी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल आरम्भ कराया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच सेन्हा थाना बनाम चल सहिया जोड़ा पहाड़ टेंगरिया के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीम खेल का प्रदर्शन करते हुए चल सहिया जोड़ा पहाड़ टेंगरिया टीम ने सेन्हा थाना की टीम को पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि मुखिया बसंती देवी ने खेल प्रेमियों एवं खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जगत में खिलाड़ी गण अच्छे मुकाम प्राप्त कर रहें है। साथ ही उन्होंने कहा खेल को खेल की भावना से खेलने से अनुशासित टीम का पहचान होता है। और नए प्लेटफार्म पर जाने का अवसर मिलता है। पंचायत समिति सदस्य अफसाना खातून ने कहा खेल से शारीरिक एवं मानशिक विकास के साथ रोजगार का अवसर प्राप्त होता है। उद्घाटन के दौरान मुख्य रूप से मुखिया बसंती देवी, अफसाना खातून, आयोजन कमिटी अध्यक्ष राजेंद्र उराँव, सगीर अंसारी, प्रदीप उराँव, महेश उराँव सहित खेल प्रेमी एवं दर्शक उपस्थित थे।

## गरीब पीड़ित मरीजों की सेवा करना समिति का मुख्य लक्ष्य : ओम महतो



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय श्रीराम समिति के द्वारा दो पीड़ित मरीजों को ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। जानकारी स्वरूप भंडरा प्रखंड के मसमानो पंचायत निवासी स्वर्गीय चामू राम की पत्नी सुरजी देवी मिशन हॉस्पिटल लोहरदगा में इलाजरत एवं रांची जिला के पिठोरिया निवासी जीतू महतो सदर अस्पताल लोहरदगा में इलाजरत दोनों को डॉक्टर ने खून की कमी बताइ परिवार के लोग काफी दिनों से परेशान जय श्री राम समिति से संपर्क किया समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य संतु कुमार एवं प्रदीप कुमार ने एक-एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने कहा किसी का जीवन बचाना पुण्य का काम है कोई भी पीड़ित समिति के पास मदद के लिए आता है तो समिति हर संभव उसके दुख का दूर करने का प्रयास करेगी। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, संदीप महतो, मोनू साहू, विक्की लाल, सोनू साहू आदि लोग मौजूद थे।

## अंचलाधिकारी ने बीएलओ के साथ बैठक कर मतदान सम्बन्धित दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में बीएलओ तथा पर्यवेक्षकों के साथ बैठक आयोजित हुआ। आयोजित बैठक में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी द्वारा संक्षिप्त मतदाता कार्यक्रम 2024 के आलोक में बीएलओ द्वारा 27 अक्टूबर 2023 से 29 दिसम्बर 2024 तक किये जाने वाले कार्यो के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही मतदाता सूची में ब्लैक एंड वाईट फोटो के जगह में रंगीन फोटो डालने का निर्देश दिया गया। तथा बीएलओ द्वारा धीमी कार्य के प्रति नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह के अन्दर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का भज निर्दश दिया गया। साथ ही सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया कि मतदाता पुनरीक्षण कार्य मे एक भी योग्य मतदाता न छूटे और सभी मतदान केन्द्रों में चुनाव पाठशाला आयोजन करने का भी निर्देश देते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर मृत मतदाताओं का नाम सूची हटाने की बात कही गई। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव के अलावे रजनी देवी, किरण कुमारी, टिंकी देवी, शान्ता मिंज, पूनम तिर्की, हुमा समरीन, मोनिका लकड़ा, राजमुनी देवी, सेरातून बीबी सहित सभी पर्यवेक्षक और बीएलओ मौजूद थे।

# सर्व आदिवासी समाज ने जमीन विवाद को लेकर डीसी एसपी सहित जनप्रतिनिधियों को दिया ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बासेन पंचायत अंतर्गत बासेन पंचायत भवन के नजदीक सिमडेगा- कुरडेग मार्ग पर आदिवासी जमीन पर गैर आदिवासी व्यक्ति लक्ष्मण मिश्रा द्वारा आदिवासी समाज के लड़की बसंती कुमारी को बहला- फुसला कर अवैध भवन निर्माण का मामला गरमाता जा रहा है। विगत 7 अक्टुबर को सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले विशाल बैठक का आयोजन रेंगारटोली में वीर नारायण सिंह चौक के समक्ष हुआ था। जहाँ आदिवासी समाज द्वारा उक्त आदिवासी जमीन को किसी अन्य को नहीं देने का निर्णय सामूहिक रूप से लिया गया था और विवादित जमीन पर कार्य को रोक गया था। दूसरे दिन पुनः थाना प्रभारी केरसई को आवेदन देकर भवन निर्माण को रोकने को कहा गया था। परंतु विवादित जमीन पर निर्माण कार्य लगातार जारी रहने को देख आदिवासी समाज के लोग आक्रोशित हैं। आज सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले भारी संख्या में लोग जमीन के वंशज मनकुवेर देवी को साथ लेकर उपायुक्त सिमडेगा, पुलिस उपाधिक्षक सिमडेगा, अपर समाहर्ता सिमडेगा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा, विधायक भूषण बाड़ा, पूर्व मंत्री बिमला प्रधान, पूर्व मंत्री एनोस एक्का को आवेदन देकर विवादित जमीन में भवन निर्माण को रोकने और जमीन को वापस कराने साथ ही साथ जमीन ख़रीददार बसंती कुमारी और लक्ष्मण मिश्रा के बीच के संबंध को जांच कराने तथा बसंती कुमारी के आय स्रोत की जांच कराने को लेकर आवेदन दिया गया। आक्रोशित आदिवासी समाज ने कहा कि विवादित जमीन पर भवन निर्माण कार्य पूर्णतया नहीं रुक जाने तथा जमीन को वापस नहीं कराने पर धरना देने तथा विशाल रैली के साथ चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय जल्द लिया जायेगा। उन्होंने केरसई थाना प्रभारी को आवेदन देने के बाद भी किसी प्रकार का कारवाई न करने पर उनपर मिलीभगत होने का भी आरोप लगाया।

# एजेंसी की लापरवाही से जलडेगा के रामजड़ी में फेल हो गई आईटीडीए की कृषि विकास योजना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के कुटुंगिया पंचायत अंतर्गत आदिवासी बहुल क्षेत्र रामजड़ी चीकटोली एवं पहानटोली में किसानों की खेती का विकास करके उनका पलायन रोकने के लिए आइटीडीए विभाग ने महत्वकांक्षी योजना बनाई थी। योजना के तहत दोनों गांवों के अलग अलग परिवार के कुल 50 किसानों की 50 एकड़ जमीन की घेराबंदी करके उसमें सिंचाई सुविधा देकर सालों भर सब्जी खेती कराने, पपीता और सहजन का पेड़ लगाने के साथ साथ इमारती लकड़ी वाले पौधे लगाए जाने थे। डीपीआर के अनुसार एजेंसी को 50 एकड़ में बीस हजार पौधे लगाने थे। काम लेने वाली एजेंसी को किसानों को प्रशिक्षित करना और उपकरणों का रखरखाव भी कुछ समय तक करते रहना था। किसानों



ने बताया कि खानापूर्ति के लिए एक ही परिवार के पति और पत्नी दोनो सदायों को का आधार कार्ड लिए गए, कार्यस्थल में लगे योजना बोर्ड को देखने पर पता चला कि 3 वर्ष पूर्व चली इस योजना का काम जिले के ही आदित्य विकास संस्था पंडरूटोली लचडागढ नामक एजेंसी को दिया गया था। जिसमे पाइप आपूर्ति का काम श्री भंडारी प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड को मिला था। किसानों के मुताबिक शुरू में बोरवेल और पाइप लगाने का कुछ काम हुआ एक बोरवेल वार्ड सदस्य के आंगन में तो दुसरा खेत के मेढ में किया गया, उसके बाद कुछ चिन्हित किसानों के जमीन पर थोड़ी सब्जी खेती और पौधे लगाकर राशि निकाल ली गई। उसके बाद फिर किसी ने किसानों का हाल लेने के लिए नहीं आया। किसानों ने बताया कि योजना का लाभ नहीं मिलने पर आज भी गांव के कई किसान परिवार के लोग जीवन यापन के लिए पलायन कर गए हैं। किसानो ने कहा - संस्था ने दुसरों के जमीन पर खेती व पौधा लगाने के लिए कहा, तो किसी ने भी रूचि नहीं ली । गांव के किसान प्रेमदान जोजो से जब योजना के बारे जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि आदित्य विकास संस्था ने ना बीज दिया, ना सिंचाई के लिए पानी, कोरम पूरा करने के लिए एक ही परिवार के पति और पत्नी का आधार कार्ड मांगे गए और लाभुक लिस्ट में नाम जोड़े गए थे।

## मारपीट की घटना को लेकर कैरो थाना में मामला दर्ज, पुलिस जुटी जांच में

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो थाना के टाटी ग्राम निवासी आकाश सिंह पिता मथुरा सिंह ने मारपीट की घटना को लेकर कैरो थाना मे सुरज यादव पिता रेणु यादव,अजय साहू पिता प्रमुख साहू एवं 7-8 अन्य सभी सढाबे ग्राम निवासी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। आकाश सिंह ने अपने शिकायत आवेदन मे कहा है कि मै अपने गाँव टाटी से दिनांक 09 अक्टूबर को सढाबे ग्राम मे फुटबॉल मैच देखकर घर जा रहा था,इसी बीच रास्ते मे सढाबे ग्राम निवासी सुरज यादव,अजय साहू एव अन्य 7-8 लोग आये और मुझे गाली-गलौज करते हुये लाठी डनटो से मारने लगे जिसे मुझे माथा व शरीर मे चोट लगी,चोटिल होने के उपरांत मेरे परिजन कुडु सामुदायिक स्वास्थय केंद्र ले जाया गया,वहाँ हमारी स्थिति बिगाड़ती देख मुझे रिम्स राँची रेफर किया गया। इस संबंध मे कैरो थाना मे आकाश सिंह के शिकायत आवेदन पर कैरो थाना काण्ड संख्या 47/23 भा0द0वि 341, 323, 325, 504, 506, /34 के तहत मामला दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगें की कारवाई मे जुट गई है।

## गीत संगीत के माध्यम से ग्रामीणों के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना का भौतिक सत्यपन के बारे में गीत संगीत के माध्यम से जागरुक्ता अभियान चलाया गया। प्रखंड क्षेत्र के उगरा,मुर्की तोड़ार,अरु तथा बुटी सहित अन्य सभी पंचायतों में झारखण्ड कर नवा मंजर संस्था के कलाकारों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं का भौतिक सत्यपन के लिये गीत संगीत के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया गया की वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन,एकल महिला पेंशन सहित अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में गीत,संगीत और कला के माध्यम से जागरूक करते हुए पेंशन से सम्बंधित कागजातों का प्रखंड कार्यालय में सत्यपन कराने के लिये जागरुक्ता अभियान चलाया गया। सरकार के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम 15 अक्टूबर तक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत व गाँवों में जन जागरुक्ता अभियान चलाया जायेगा। मौके पर रमेश राम, गणेश महली, लक्ष्मी देवी, कृषण मुंडा, सरिता देवी, रामचन्द्र राम, बुधमनिया देवी, शमत राम सहित अन्य कलाकार और ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध पुलिस कारवाई 40 बोतल शराब के साथ एक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अवैध शराब बिक्री की गुप्त सूचना पर पुलिस प्रशासन द्वारा कारवाई के दौरान शराब के साथ तोड़ार से आरोपी को किया गया गिरफ्तार सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत ग्राम में अवैध शराब बिक्री को लेकर थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में देर शाम छपेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तोड़ार ग्राम निवासी दुर्गा प्रसाद साहु के पुत्र विजय साहु द्वारा संचालित किराना दुकान में छापामारी किया गया जहां से पुलिस द्वारा विजय साहु के किराना दुकान से 40 बोतल अवैध शराब विभिन्न ब्रांड का जब्त करते हुए बिक्रेता आरोपी को गिरफ्तार कर शराब के साथ थाना लाया गया। वही बताया जाता है कि पुलिस द्वारा मेकडोवेल, ओसी ब्लू, सिग्नेचर, बी 7 टंच सहित अन्य ब्रांड का 40 बोतल शराब जब्त किया गया है। सूत्रों के हवाले से इस संदर्भ में बताया गया कि जब्त अवैध शराब के साथ बिक्रेता विजय साहू के विरुद्ध झारखंड उत्पाद अधिनियम के तहत अग्रतर कारवाई हेतु आरोपी को शराब के साथ उत्पाद अधीक्षक को सुपुर्द कर दिया गया है? छपेमारी अभियान में थाना प्रभारी अभिनव कुमार, एस आई गणेश कुमार यादव, कुलदीप राम दल बल के साथ शामिल थे।

## भाजपा केरसई मंडल का हुआ अमृत कलश एकत्रितकरण का कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** गुरुवार को केरसई मण्डल में बूथ अध्यक्ष श्री कामेश प्रसाद सह मण्डल उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में अमृत कलश एकत्रितकरण का कार्यक्रम किआ गया।भाजपा मण्डल कार्यकर्त्तायों के द्वारा गाजे बाजे के साथ कलश एकत्रिकरण का कार्यक्रम किया गया। समय पर प्रखंड अध्यक्ष मानकी लाल ने कहा यह कार्यक्रम पुरे देश भर में चलाया जा रहा है अतः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा हमारे देश के वीर शहीदो की याद में कर्तव्य पथ से होते हुए इंडिया गेट की ओर एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है जिसमे पुरे देश की मिट्टी और हर शक्ति केंद्र के गाँव के घर की मिट्टी को इस अमृत वाटिका में एकत्रित कर पहुंचना है। समय पर जिला उपाध्यक्ष पर्णव कुमार ने कहाँ की आज तक किसी ने वीर शहीदो के याद में ऐसा कार्य नहीं किया पर देश के प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में वीर शहीदो की याद में अमृत वाटिका का निर्माण किया जा रहा है जो हमारे देश के लिए गर्व की बात है। समय पर प्रखंड अध्यक्ष मानकी लाल, जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, ह्यष मोर्चा अध्यक्ष देवनारायण देहरी, महामंत्री बुलेशवर प्रसाद, सुधीर मांझी, दीपेश मांझी, सहरू मांझी, रमेश महतो सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति हुए।

## आने जाने के लिए नहीं बना पुल तो, ग्रामीणों ने बनाया लकड़ी का पुल



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को ग्राम सराईपानी, पंचायत- अरानी जिला - सिमडेगा के समस्त ग्रमीणों ने अरानी कोयनर टांड़ से जी.ई.एल. प्राथमिक विद्यालय सराईपानी पथ पर बंन्दरजोड़ीया नदी में अपने आवागमन सुविधा के लिए लकड़ी के पुलिया निर्माण किया । यहाँ के लोगों का प्रखण्ड सह जिला मुख्यालय, पंचायत सचिवालय, हॉस्पिटल, बच्चों का स्कूल आना जाना, राशन-पानी लेने एवं सप्ताहिक बाजार आदि अवागमन के लिए यह मुख्य रास्ता है । नदी में पुलिया नहीं होने के कारण लोगों को काफी मुश्किल एवं परेशानी का सामना करना पड़ रहा है 7 समस्त ग्रामीणों ने मिलकर पुलिया बनाने का निर्णय लिया और एकजुट होकर अपनी सुविधानुसार लकड़ी का पुलिया बनाये । ज्ञात हो कि पानी, बिजली, सड़क, पुलिया आदि से यहाँ के ग्रामीण वंचित हैं । मौके में समाज सेवी अमृत डांग, शिशिर कुनूल जोजो, दीपक सुरिन, अकिलन समद, पतरस समद, बेन्यमीन डांग, निमलन समद, वार्ड सदस्य सुमन्ती समद, ग्लोरिया डांग, मोयलेन डांग, अनिमा जोजो, सुड़ालेन कंडुलना, अनिता समद आदि ग्रमीण उपस्थित थे ।

# एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में भक्ति परिधान प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य श्री जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत कक्षा चौथी व पांचवी के बच्चों के मध्य भक्ति परिधान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नवदुर्गा का सनातन धर्म में बहुत महत्व है। भगवती माता दुर्गा जिन्हे आदिशक्ति, जगत जननी, जगदम्बा भी कहा जाता है, भगवती के नौ मुख्य रूप है जिनकी विशेष पूजा व साधना नवरात्रि के दौरान की जाती है। इन नौ देवियों को पापों की विनाशिनी कहा जाता है, हर देवी के अलग अलग वाहन हैं,अस्त्र शस्त्र हैं परन्तु यह सब एक हैं और सभी परम भगवती दुर्गा जी से ही प्रकट होती है। बच्चों को मां दुर्गा के नव रूप से तथा नवरात्रि के महत्व से अवगत करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में मंच संचालन का कार्य शिक्षिका प्रतिमा साहू द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में छोटे बच्चों द्वारा माता भगवती के नव रूप,भगवान भोलेनाथ, पुत्र कार्तिकेय व गणेश के रूप धारण किए गए जो अत्यंत मनोहारी थे। इस प्रतियोगिता में हर्षिता कुमारी प्रथम,आराध्या मिश्रा द्वितीय व श्रेयसी शर्मा व श्रद्धा दास ने तृतीय स्थान अर्जित किया। इनके अतिरिक्त श्रद्धा दास, श्रेया कुमारी, अंशिका कुमारी व अव्युक्ता पोद्दार को दर्शकों द्वारा विशेष पुरस्कार हेतु चयन किया गया। मौके पर माननीय प्राचार्य महोदय श्री जी पी झा ने नवरात्रि का महत्व व सार से बच्चों को अवगत करवाया। प्रतियोगिता में शिक्षिका मीना अखौरी, रोजर बिनी सिन्हा व रीता पांडे ने निर्णायक की भूमिका निभाई। तथा संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक, परमित कुमार, रुचिर मृगेंद्र व पूनम सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया।

# बच्चों के विरुद्ध लैंगिक अपराध, पोक्सो एक्ट के तहत कठोरतम सजा है : डालसा सचिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष श्री राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा 17 सितंबर से लेकर 25 दिसंबर, 2023 तक 100 दिवसीय विशेष जागरूकता सह आउटरीच कार्यक्रम चला रही है। इस कार्यक्रम के तहत लोहरदगा जिले के प्रत्येक गांव व पंचायत एवं विद्यालयों में पहुंचकर न सिर्फ कानून संबंधी जागरूकता चलाया जा रहा है बल्कि किसी की समस्या होने पर उनके आवेदन स्वीकार किए जाते हैं और उन पर कार्रवाई की जाती है। आज इसी क्रम में सरस्वती शिशु मंदिर बड़की चापी में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं के बीच विधिक जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने हेतु लोहरदगा डालसा द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले प्रत्येक विद्यार्थियों को डालसा लोहरदगा प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत करेगी। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बच्चों के बीच विभिन्न कानून से संबंधित बातें रखी। उन्होंने इस बात पर बल दिया की बच्चियां किसी भी तरह के अपराध होने पर खासकर लैंगिक अपराध होने की स्थिति में इसे चुपचाप सहन नहीं करें। जब भी लगे कि उन्हें किसी से खतरा है चाहे वह परिवार के सदस्य ही क्यों ना हो इसकी जानकारी तुरंत अपने माता-पिता, शिक्षक या जिनमें उनका विश्वास है उन्हें दें। पोक्सो कानून के तहत लैंगिक अपराधों को लेकर बहुत ही सख्त दंड का प्रावधान है । और दोषियों को तुरंत सजा भी दी जाती है। इसके साथ ही बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में भी जानकारी दी गई। विधिक जागरूकता के कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने अनेकों प्रश्न अपने कौतूहल को शांत करने के लिए किया। जिसका समुचित उत्तर डालसा सचिव के द्वारा दिया गया। डालसा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी भी उपस्थित छात्र- छात्राओं को दिया गया। इसके अतिरिक्त एलएडीसीएस के पैनल अधिवक्ता उमेश कुमार एवं सुदामा साहू ने भी बच्चों को पोक्सो एक्ट, बाल विवाह अधिनियम,डायन प्रतिषेध अधिनियम एवं अन्य विषयों पर जानकारी दी।

## निशीथ जायसवाल ने मरहूम इरशाद अंसारी के परिवार से की मुलाकात



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा कांग्रेस कमिटी के कांग्रेसी नेता कुरू सुंदरू निवासी शहादत मुखिया के पुत्र इरशाद अंसारी के आकस्मिक निधन पर माननीय वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने उनके आवास पहुंच कर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया, और कहा कि इरशाद अंसारी पार्टी के सच्चे सिपाही थे उनका अचानक छोड़ कर जाना काफी दुखद है वे हंसमुख और मिलनसार छवि के थे, इस दुख की घड़ी में माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव परिवार के साथ हैं और परिवार को हरसंभव मदद करेंगे। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सत्यदेव भगत,युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, युवा महासचिव असलम अंसारी, माजिद अंसारी, अमस अंसारी, खुर्शीद अंसारी, मोहीद अंसारी, अरशद अंसारी, मुस्ताक अंसारी, संजय बैठा, शुल्तान अंसारी, नसीम अंसारी, मुन्ताज अंसारी, अरमान अंसारी आदि उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### भारत आतंकवाद की निंदा करता है : रामनाथ कोविंद



**नई दिल्ली :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि आतंकवाद और हिंसा की सभी हरकतें मानवाधिकार के मूल सिद्धांतों के विरूद्ध है तथा भारत सभी प्रकार की हिंसा एवं आतंकवाद की निंदा करता है.कोविंद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की 30 वीं वर्षगांठ के मौके पर यहां एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे.उन्होंने कहा कि इसी तरह युद्ध के दौरान लोग खासकर सैनिक, महिलाएं और बच्चे अपने मानवाधिकार गंवा बैठते हैं. उन्होंने कहा, मुझे यह कहते हुए बड़ा गर्व होता है कि भारत ने लगातार मानवाधिकार को बनाये रखा है तथा वह शांति में विश्वास करता है. पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि आतंकवाद और हिंसा की हरकतें मानवाधिकार के मूल सिद्धांतों के विरूद्ध हैं.उन्होंने कहा,यह (भारत) सभी प्रकार की हिंसा और आतंकवाद की निंदा करता है. यह प्रतिबद्धता खासकर जरूरतमंदों के प्रति समानुभूति और करूणा के हमारे सांस्कृतिक मूल्यों का प्रमाण है तथा मानवाधिकार के सिद्धांतों के प्रति हमारे समर्पण को उजागर करता है.अपने संबोधन में कोविंद ने यह भी कहा कि इस साल हमने विभिन्न क्षेत्रों में अहम उपलब्धियां देखी हैं.उन्होंने कहा कि हाल में भारत ने जी 20 की अध्यक्षता के दौरान विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति और प्रभाव बढ़ाया तथा उसने मानवाधिकार के हित में जलवायु संबंधी चुनौतियों के समाधान, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने, पर्यावरण संपोषणीयता को बढ़ाने के लक्ष्य को लेकर चर्चा और पहलों को आगे बढ़ाया है.

### सरकार की जनहित में लाए गए योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुँचाएं : विनोद

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को देवघर जिला समिति तथा जामताड़ा जिला समिति की विस्तारित बैठक (जिला अंतर्गत केन्द्रीय समिति के सभी सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी तथा वर्ग संगठनों के जिलाध्यक्ष एवं सचिव सहित) पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता में रांची के हरमू स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय (कैम्प) में सम्पन्न हुई। बैठक में शामिल सभी सदस्यों के साथ जिला में संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए जिला समिति द्वारा क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो का आकलन किया गया साथ ही सभी उपस्थित पदाधिकारी तथा सदस्यों को झारखंड सरकार द्वारा जनहित में लाए गए योजनाओं की जानकारी देते हुए योजनाओ को आम जनों तक पहुँचाने का निर्देश दिया गया, जिससे आम जनों को योजनाओं पूरा-पूरा लाभ मिल सके।बैठक में शामिल सदस्यों के द्वारा दिए गए मंतव्य एवं सुझावों पर चर्चा उपरांत केन्द्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय के द्वारा जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।




## पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग के सौजन्य से होगा

# मिस इंडिया एवं शेफाली जरीवाला 18 19 को मेदिनीनगर में खेलेंगी डांडिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग की अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया कि नवरात्रि के शुभ अवसर पर 18 और 19 अक्टूबर को होने वाली डांडिया नाइट ऐतिहासिक होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में मिस इंडिया सिमरन आहूजा और शेफाली जरीवाला (कांटा लगा गर्ल) मुंबई से सबों के साथ यहां डांडिया खेलने आ रही है। साथ ही अहमदाबाद के डांडिया डांसर ग्रुप एवं मुंबई के जाने-माने डीजे शिरकत कर रहे हैं। अध्यक्ष शर्मिला वर्मा ने बताया कि स्थान सीमित होने के चलते मात्र 500 लोगों की व्यवस्था की जा रही है। शर्मिला वर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग देने के लिए प्रथम महापौर अरुणा शंकर





एवं कार्यक्रम के स्पॉन्सर हेरीटेज टोयोटा, प्रेमसंस मोटर,आनंद मोटर्स, मां शारदा टाटा मोटर्स, रिपब्लिक हुंडई, रतनलाल हीरो, आनंद ऑटो बाइक्स, श्री दुर्गा ऑटोमोबाइल्स,पलामू स्वराज ट्रैक्टर्स, जॉनडियर ट्रैक्टर,अर्जुन ऑटोमोबाइल, रोटरी स्कूल,रेशम डिजाइनर बुटीकस, ओसम डेयरी और लाइंस फेमिना को विशेष बधाई दी है। श्रीमती वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की सुरक्षा हेतु प्रशासन को जानकारी दे दिया गया है। कार्यक्रम के कुछ प्रवेश पत्र गांधी उद्यान दिल्ली दरबार में उपलब्ध है। जिसे प्रवेश पत्र रहते तक प्राप्त किया जा सकता। कार्यक्रम की तैयारी काफी जोर-जोर से की जा रही है। जिसमें कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। शर्मिला वर्मा ने चेंबर के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

### सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में पलामू चैंबर का है खाश योगदान

पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में हमेशा खासकर महत्वपूर्ण पर्व-त्योहार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अपने स्तर से करता है। छठ पर्व के अवसर पर भी पलामू चैंबर अपने स्तर से शहर की साफ सफाई सहित कोयल व अमानत नदी घाट पर कई कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसके अलावा कवि सम्मेलन, मुशायरा, सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन पलामू चैंबर द्वारा समय समय पर होते रहता है। दशहरा के मौके पर रावण वध विगत कई वर्षो से किया जा रहा है। मेदिनीनगर में सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने में पलामू चैंबर का महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। चैंबर के पलामू जिला अध्यक्ष आनंद शंकर का सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक सरोकार से दिल व आत्मा से जुड़ाव रहता है। इनके सौजन्य से अभी तक यहां कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। पलामू की धरती पर फिल्मी हस्तियों का आगमन भी इनके सौजन्य से हो चुका है। पलामू चैंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर हर धार्मिक कार्यो में भी दिल खोलकर आयोजन कर्ताओं का सहयोग करते हैं। इनके नेतृत्व में पलामू चैंबर मानवता की सेवा में भी आगे रहता है। इसका मिशाल कोरोना काल में देखने को मिला। इस समय जरूरतमंदों को ऑक्सीजन सिलिंडर उपलब्ध कराया गया। साथ ही जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री सहित दवा का मुफ्त वितरण भी किया गया।

## केंद्रीय विवि में मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत पौधरोपण कर बनाया अमृत वाटिका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस विद्यार्थियों ने शुक्रवार को पौधरोपण कर अमृत वाटिका बनाया। अपने-अपने घर से लाई गई मिट्टी को घड़े में लेकर पूरे परिसर में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के बाद विद्यार्थियों ने पंच प्रण शपथ लेते हुए उनके द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें परिवहन आपातकाल जागरूकता, विभिन्न प्रदेशों की सांस्कृतिक झलक, देशभक्ति गीत इत्यादि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मार्गदर्शक एवं संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति क्षिति भूषण दास ने मेरी माटी मेरा देश अभियान को राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को बनाए रखने में एक मुख्य अभियान के रूप में देखने को प्रेरित किया।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. केके राव ने भारतीय संस्कृति की विविधता उसकी उपजाऊ मिट्टी को मातृत्व के रूप में पोषक करने वाली है कहते हुए कार्यक्रम की सराहना की।

## एकनाथ शिंदे के विधायकों की अयोग्यता पर फैसले में देरी पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनका समर्थन करने वाले विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर फैसले में देरी के लिए महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को फटकार लगाई है. शुक्रवार को सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यदि स्पीकर प्रक्रिया में तेजी लाने में विफल रहते है तो वह एक समयसीमा तय करेगा. कोर्ट ने इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष को दो महीने का वक़्त मुक़र्रर किया है. मामले की सुनवाई को मंगलवार तक के लिए टाल दी गई है.सुप्रीम कोर्ट के इस



फैसले को शिंदे गुट के लिए एक झटका माना जा रहा है. मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की खंडपीठ ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा,हम इस अदालत की गरिमा बनाए रखने के बारे में चिंतित हैं. हमारे आदेशों का पालन किया जाना चाहिए.खंडपीठ ने कहा,स्पीकर को अगले साल विधानसभा चुनाव से पहले अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करना चाहिए. नहीं तो उनके समक्ष लंबित याचिकाओं की सुनवाई की कोई अहमियत नहीं रह जाएगी.शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में ठाकरे गुट और शरद पवार गुट की याचिकाओं पर संयुक्त सुनवाई हुई. मुख्य न्यायाधीश ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और महाधिवक्ता तुषार मेहता की बातें सुनी. कोर्ट ने कहा,14 जुलाई को हमने नोटिस निकाला. विधायकों की योग्यता पर फैसला लेने का आदेश सितंबर में जारी किया गया था. लेकिन स्पीकर ने कुछ नहीं किया. विधानसभा अध्यक्ष ने जून के बाद से कोई कार्रवाई ही नहीं की है. कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर चुनाव से पहले निर्णय नहीं लिया गया तो विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कार्यवाही निरर्थक होगी.

# आयशर : सीवी इंडस्ट्री में मॉर्डनाइजेशन को दे रहा है बढ़ावा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पीथमपुर में करीब 84 एकड़ भूमि में फैला है वीई कमर्शियल व्हीकल्स (वीईसीवी) की बिजनेस यूनिट आयशर ट्रक्स एंड बस। यह अपने सर्विस ईकोसिस्टम में क्रांति लाकर और अपने ट्रकों और बसों के कस्टमर के लिए अपटाइम देने में लीडिंग भूमिका निभाकर भारत ट्रक इंडस्ट्री में उल्लेखनीय प्रगति कर रही है। अपटाइम आज की समयबद्ध 21वीं सदी के बिजनेस की जरूरतों को पूरा करने के लिए वाहनों के ज्यादा से ज्याद उपयोग किए जाने के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आयशर ट्रक्स एंड बसेस भारत में पहला सीवी निर्माता था। जिसने फ्लीट अपटाइम को अधिकतम करने और ग्राहकों की जरूरतों को तुरंत पूरा करने के बढ़ते महत्व को पहचाना। जिससे 2020 में अपटाइम सेंटर की स्थापना हुई।




यह अभूतपूर्व पहल आयशर के बीएस-ड्ढ्ढ ट्रकों और बसों की पूरी रेंज को मध्य प्रदेश के पीथमपुर में एक अत्याधुनिक अपटाइम सेंटर से जोड़ती है । हर समय ग्राहक के साथ रहने के उद्देश्य से,आयशर ने इंडस्ट्री की लम्बे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान करने के लिए बड़ी मात्रा में निवेश किया है और अपने 24ङ्ग7 अपटाइम सेंटर के माध्यम से रिमोट और प्रेडिक्टिव डायग्नोस्टिक्स जैसी नैक्सट जनरेशन सर्विस सॉल्यूशन की शुरुआत की। हॉलिस्टिक अपटाइम सर्विस द्वारा समर्थित मॉर्डन, कनेक्टेड और विश्वसनीय प्रोडक्ट्स की एक श्रृंखला के माध्यम से कंपनी अब भारत के सभी हिस्सों में सभी प्रमुख ट्रांसपोर्ट सेगमेंट में 98त्न से अधिक अपटाइम देने में सक्षम है।

### वोल्वो ग्रुप और आयशर मोटर्स

पंद्रह साल पहले वोल्वो ग्रुप और आयशर मोटर्स के बीच वीई कमर्शियल व्हीकल ज्वाइंट वेंचर के गठन के बाद से, आयशर ट्रक और बसें भारत के ट्रांसपोर्ट इकोसिस्टम में मॉर्डनाइजेशन लाने पर फोकस कर रही हैं और कई इंडस्ट्री फर्स्ट फीचर्स और सर्विसेज को बाजार में लेकर आई हैं।आयशर ट्रक और बसें बेड़े के अपटाइम को अधिकतम करने और ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को तुरंत संबोधित करने के बढ़ते महत्व को पहचानने वाले पहले व्यक्ति थे, जिससे 2020 में भारत के पहले अपटाइम सेंटर की स्थापना हुई, जिसमें 24ङ्ग7 सर्विस सपोर्ट और रिमोट डायग्नोस्टिक्स क्षमताएं इसके व्यापक सर्विस नेटवर्क से जुड़ी थीं।

## सीएम को राज्य स्तरीय महिला शिक्षक सम्मेलन में शामिल होने का मिला आमंत्रण

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, महिला नेटवर्क की संयोजक सह राष्ट्रीय काउंसलर, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ मेरीला मुर्मू, झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, गुमला जिला इकाई की महिला नेटवर्क सचिव दयावती मिंज और झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, रांची के महासचिव योगेंद्र तिवारी ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि और कल्पना सोरेन को विशिष्ट अतिथि के रूप में देवघर जिले में चार- पांच नवंबर को आयोजित होने वाले दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला शिक्षक सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। पेंटाकॉस्टेल हॉलीनेस चर्च सोसाइटी ने भी 17- 19 अक्टूबर तक बेथेग्राम, जंगलपुरा, गिरिडीह में आयोजित होने वाले शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री को सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

# मैकेनिकल थीम पर बनेगा कोकर दुर्गा पूजा पंडाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कोकर दुर्गा पूजा कमेटी इस बार भव्य पंडाल बनाएगी। दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों शोरों से चल रही है। बंगाल के कारीगर पंडाल निर्माण कर रहे है। कमेटी के अध्यक्ष चंचल चटर्जी ने गुरुवार को बताया कि मैकेनिक थीम पर पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। थीम के अनुसार पंडाल के गेट पर हाथी सूंड बनाई जाएगी।

श्रद्धालुओं के पंडाल में प्रवेश करने से पहले आवाज के साथ हाथी का सूंड ऊपर उठेगा और श्रद्धालु पंडाल के अंदर प्रवेश कर सकेंगे। उन्होंने बताया की मूर्ति का निर्माण भी कोलकाता के मूर्ति कारों की ओर से किया जा रहा है। मूर्ति 11 फीट ऊंची होगी पंडाल के अंदर सुविधाओं विशेष ध्यान श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताएं की विशेष



लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। बाहर भी एक किलोमीटर से ज्यादा की लंबाई पर लाइटिंग से पूरा कोकर जगमगायेगा। चूना भट्ठा से लेकर हैदर अली तक लाइटिंग की जाएगी। चार बड़े गेट के अलावा कई एक गेट बनाए जाएंगे।

मूर्ति को दिया जा चुका है आकार ञ बंगाल के कलाकारों द्वारा मां की प्रतिमा बनाने कार्य काफी तेजी से चल रहा है. मूर्ति का ढांचा तैयार कर उसे आकार दिया जा चुका है। कोकर दुर्गा पूजा कमिटी के सयोंजक राजू राम ने बताया कि आकर्षक विद्युत् सज्जा, तोरणद्वार, लाइटिंग, साउंड, प्रतीमा, पुजन सामाग्री आदि। वहीं पंडाल की सुरक्षा में सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा गार्ड तथा वॉलंटियर्स मौजूद रहेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी बजरंग वर्मा, रोहित सिंह और नमन भारतीय ने दी।

# इज़रायल से स्वदेश लौटे 212 भारतीय



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** इज़रायल से ऑपरेशन अजय के तहत भारत पहली फ्लाइट भारत आ गई है. इस फ्लाइट से 212 भारतीय स्वदेश लौटे हैं. एक अनुमान के अनुसार, इज़रायल में 18 हजार के लगभग भारतीय फंसे हैं. इनमें ज्यादातर आईटी प्रोफेशनल और छात्र हैं. बीते शनिवार को हमास ने इज़रायल पर हमला किया, तब से वहां युद्ध जैसे हालात हैं. इज़रायल और हमास युद्ध के बीच फंसे भारतीयों को निकालने के लिए मोदी सरकार ने विशेष अभियान चलाया है, जिसे ऑपरेशन अजयन नाम दिया गया है.इज़रायल में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए भारतीय दूतावास लोगों को डेटा तैयार कर रहा है. ऑपरेशन अजय के तहत यात्रियों को यात्रियों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर चुना जा रहा है.

भारतीय यात्रियों को स्वदेश लाने का खर्च मोदी सरकार उठा रही है. इज़रायल से पहली फ्लाइट जब नई दिल्ली पहुंची, तो स्वदेश लौटे लोगों की अगवानी के लिए केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मौजूद थे. ऐसे बहुत से लोग हैं, जो हमास के हमले से पहले ही इज़रायल से लौटने की योजना बना चुके थे. लेकिन इज़रायल पर अचानक 7 अक्टूकर को हुए हमले के बाद एयर इंडिया ने वहां जाने वाली सभी उड़ानों को रद्द कर दिया था. एयर इंडिया ने अभी तक फ्लाइटों पर लगाए गए प्रतिबंधों को हटाया नहीं है. ऐसे में इज़रायल में फंसे लोगों के पास भारत लौटने का कोई जरिया नहीं था. लेकिन अब भारत ने ऑपरेशन अजय के तहत भारतीयों को स्वदेश लाने का अभियान शुरू कर दिया है.ऑपरेशन अजय के तहत संचालित विशेष उड़ान में सवार होने के लिए अवीव हवाई अड्डे पर छात्रों सहित भारतीयों की लंबी कतार है.सोशल मीडिया मंच एक्स पर जयशंकर का ट्वीट आया, जिसमें बुधवार को 'ऑपरेशन अजय शुरू करने की घोषणा की गई थी. जयशंकर ने लिखा,इजराइल से लौटने के इच्छुक हमारे नागरिकों की वापसी की सुविधा के लिए 'ऑपरेशन अजय शुरू किया जा रहा है. विशेष चार्टर उड़ानें और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं.

हम विदेश में हमारे नागरिकों की सुरक्षा और भलाई के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं.

## सीएम ने वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 के इवेंट मैस्कोर्ट जूही और ट्रॉफी का किया अनावरण

# 27 अक्टूबर से चैंपियनशिप का होगा आगाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में खेल एक अहम हिस्सा है। खेलों में झारखंड एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरे। यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग मुकाम हासिल करें, इसके लिए खेलों से जुड़ी व्यवस्थाओं और संसाधनों को मजबूत कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि देश में राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी खेल के लिए टीम तैयार हो उसमें झारखंड के खिलाड़ी हमेशा शामिल रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के खिलाड़ियों ने देश और दुनिया में सभी खेलों में अपनी अलग पहचान बनाई है। अगर हम क्रिकेट खेल की भी बात करें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाने वाले महेंद्र सिंह धोनी भी हमारे राज्य से ही आते हैं। राज्य में विमेंस एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी-2023 की शुरुआत 27 अक्टूबर से हो रही है। आने वाले दिनों में अन्य राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता का मेजबानी झारखंड करेगा, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में आयोजित वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2023 के इवेंट मैस्कोर्ट जूही और ट्रॉफी का अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

### मुख्यमंत्री ने कहा

- **हमारे खिलाड़ी खनिज संपदा से ज्यादा मूल्यवान**
- **झारखंड देश को ताकत प्रदान करता है**

**झारखंड के खिलाड़ी यहां के खनिज संपदा से ज्यादा मूल्यवान:** मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा के लिए अधिक जाना जाता रहा है। यहां सभी तरह के खनिज का मिलना आम बात है, यह राज्य देश को अलग ताकत प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब इस राज्य में हमारी सरकार बनी तो पूरा विश्व कोरोना संक्रमण की चपेट में जूझता रहा। हम सभी लोग डेढ़ वर्ष तक अपने घरों में बंद रहने



पर मजबूर हुए, परंतु इस कड़ी में हमने अपनी सोच पर ताले बंद नहीं किए। हमारी सरकार ने राज्य को किस दिशा में ले कर जाना है, उसकी तस्वीर खींची। राज्य सरकार कोरोना संक्रमण काल में भी निरंतर इस राज्य को बेहतर दिशा देने के लिए पूरी कोशिश करती रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने इस क्रम में एजुकेशन, हेल्थ आधारभूत संरचना, पर्यटन तथा खेल के विकास के लिए कार्य करने की पूरी योजना तैयार की। राज्य सरकार की ओर से जब यहां के खिलाड़ियों को तराशने का कार्य प्रारंभ हुआ तब पता चला कि खिलाड़ियों को तराशना यहां की खनिज संपदा से कहीं अधिक मूल्यवान है।

**हॉकी इंडिया के प्रति आभार जताया:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड राज्य में वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 का आयोजन करने के लिए हॉकी इंडिया के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस आयोजन से खिलाड़ियों के बीच नई रोशनी फैलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं हॉकी फेडरेशन को आश्वस्त करता हूं कि इस आयोजन में किसी तरह की कमी नहीं रहेगी। चैंपियन ट्रॉफी में सरकारी व्यवस्था का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। आयोजन से राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने विशेष तौर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष श्री मोहम्मद तैयब इकराम एवं उनकी पूरी टीम को सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष मोहम्मद तैयब इकराम,हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की, राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खेल सचिव मनोज कुमार,हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोलानाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन सहित कई पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी, वर्तमान खिलाड़ी सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।